वाराणसी, शनिवार 28 दिसम्बर, 2024

पौष, कृष्ण पक्ष 13, वर्ष 13, अंक 320, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : भारत में जनजागरण एवं राम

अन्दर : भारत पर फॉलोऑन का खतरा, ऋषभ-जडेजा पर टिकी उम्मीदें



डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# कांग्रेस मुख्यालय से निकलेगी मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा

## अंत्येष्टि आजः मोदी-शाह ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि, सात दिन का राष्ट्रीय शोक किया गया घोषित

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी गई और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मनमोहन लंबे समय से बीमार थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 28 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे दिल्ली स्थित एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) मुख्यालय से शुरू होगी। मनमोहन सिंह, 2004 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने मई 2014 तक इस पद पर दो कार्यकाल पूरे किए थे। वे देश के पहले सिख और सबसे लंबे समय तक रहने वाले चौथे प्रधानमंत्री थे। मनमोहन सिंह के निधन के चलते केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही शुक्रवार को होने वाले सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा, मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया। इस बीच, कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी मीटिंग रद्द कर दी गई। कांग्रेस स्थापना दिवस से जुड़े आयोजन भी कैंसिल हो गए हैं। पार्टी के इवेंट 3 जनवरी के बाद शुरू होंगे।

### हर आंख नम


#### वीडियो संदेश जारी कर अभिनेता अनुपम खेर ने मनमोहन को किया याद

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी दुखी हैं। उन्होंने वीडियो शेयर कर दुख जाहिर किया है। 2019 में फिल्म एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर रिलीज हुई। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन का किरदार अनुपम खेर ने निभाया था। पूर्व पीएम के निधन पर खेर ने वीडियो संदेश के माध्यम से दुख साझा किया। देश ने एक महान अर्थशास्त्री और विद्वान पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से एक ईमानदार, संवेदनशील राजनेता और सफल प्रधानमंत्री का निधन हो गया। ऐसी संवेदना महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने व्यक्त की। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख जताते हुए नाना पटोले ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने लंबे प्रशासनिक और राजनीतिक जीवन के दौरान भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव रखी। देश के वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने आर्थिक उदारीकरण के माध्यम से देश में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया। वर्ष 2004 में उन्हें देश के प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया। सोनिया गांधी द्वारा जताए गए भरोसे को सही ठहराते हुए उन्होंने देश को विश्व मंच पर आर्थिक शक्ति के रूप में पहचान दिलाने में मदद की।



### 'वह मेरे मित्र और मार्गदर्शक थे'

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संदेश जारी किया। उन्होंने लिखा कि हमने एक ऐसे नेता को खो दिया है जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने पूरे दिल और दिमाग से हमारे देश की सेवा की। उनकी दूरदर्शिता ने लाखों भारतीयों का जीवन बदल दिया और उन्हें सशक्त बनाया। सोनिया ने लिखा कि मेरे लिए डॉ. मनमोहन सिंह का निधन एक गहरी व्यक्तिगत क्षति है। वे मेरे मित्र और मार्गदर्शक थे। उनका व्यवहार बहुत ही सौम्य था, लेकिन अपने विश्वासों के प्रति वे बहुत दृढ़ थे। वे एक ऐसा शून्य छोड़ गए जिसे कभी नहीं भरा जा सकता। कांग्रेस पार्टी और भारत के लोग हमेशा गर्व और आभारी रहेंगे कि हमारे पास डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता थे जिनका भारत की प्रगति और विकास में अतुलनीय योगदान है।



### संघ ने कहा- देश मनमोहन के योगदान को याद रखेगा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि वे सामान्य परिवार से थे और देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। वे विख्यात अर्थशास्त्री थे। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। ईश्वर उनकी आत्मा को सद्गति दें।

### अन्ना हजारे बोले- भ्रष्टाचार के खिलाफ थे मनमोहन



अन्ना हजारे ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने ढळक से कहा- पूर्व पीएम भ्रष्टाचार के खिलाफ थे और उन्होंने लोकपाल और लोकायुक्त बिल के संबंध में तुरंत निर्णय लिए थे। जब वह पीएम थे तो मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहा था। मैं उनके दिल्ली आवास पर उनसे कई बार मिला था।

## पूर्व प्रधानमंत्री को मिले भारत रत्न



**नई दिल्ली ।** पूर्व प्रधानमंत्री मनोहन सिंह के निधन से देश में शोक की लहर है। कांग्रेस सहित सभी दलों के बड़े नेताओं ने उनके निधन को देश के लिए बड़ी क्षति बता रहे है। एक अर्थशास्त्री, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर उनके कामकाज को याद किया गया है। इस बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने पूर्व प्रधानमंत्री को महान अर्थशास्त्री और ईमानदार नेता बताकर भारत रत्न देने की मांग की है। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि भारत के महान अर्थशास्त्री और 10 साल प्रधानमंत्री रहते हुए देश को आगे बढ़ाने वाले मनमोहन के निधन का समाचार निश्चित तौर पर पूरे देश के लिए दुखद घटना है। एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा, इतिहास हमेशा उन्हें महान अर्थशास्त्री और ईमानदार नेता के रूप में याद करेगा। मैं अपने और अपनी पार्टी की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मनमोहन के प्रति श्रद्धांजलि जाहिर की। उन्होंने पूर्व पीएम की तारीफ कर भारत रत्न देने की पैरवी की। आप नेता सिंह ने कहा, निश्चित तौर पर मनोहन सिंह इस योग्य हैं कि उन्हें भारत रत्न दिया जाना चाहिए। उन्होंने 10 साल प्रधानमंत्री के रूप में देश को आगे बढ़ाने के लिए बहुत काम किए। एक अर्थशास्त्री के रूप में उनकी पहचान पूरी दुनिया में थी। एक प्रधानमंत्री के रूप में उनका बहुत सम्मान था पूरी दुनिया में। निश्चित रूप से उनको भारत रत्न मिलना ही चाहिए। इसके पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी विद्वता और सादगी के गुणों को शब्दों में पिरोना असंभव है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

## अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए खरगे ने मोदी को लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के स्थल को लेकर विवाद हो गया है। कल निगम बोध घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाना है लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। पार्टी ने कहा है कि इतनी बड़ी शख्सियत का निगम बोध घाट पर अंत्येष्टि करना उचित सम्मान नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के लिए दिल्ली में भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया है। अपनी चिट्ठी में खरगे ने लिखा है कि मनमोहन सिंह का वहीं अंतिम संस्कार किया जाय, जहां उनका स्मारक भी बनवाया जा सके। कांग्रेस पार्टी ने खरगे की चिट्ठी सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा है, शुक्रवार कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री से फोन पर बात करके व एक पत्र लिख कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से पुरजोर अनुरोध किया कि भारत के सपूत सरदार मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार व स्मारक स्थापित करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पहले कांग्रेस कार्य समिति ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को दुख जताया और कहा कि भारत ने एक ऐसा सच्चा राजनेता खोया है जिनके जीवन तथा कार्यों ने देश के भविष्य को दिशा दिखाई। कार्य समिति की बैठक में पारित प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कांग्रेस मनमोहन सिंह की स्मृति को संजोने और उनके योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प लेती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई कार्य समिति की बैठक में मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया गया। इस बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश तथा कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

## आयकर की दरों को घटाएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा 2025 के बजट की तैयारी शुरू कर दी है। देश में जिस तरह की आर्थिक स्थिति बन गई है। उसको देखते हुए इस बजट में मध्यवर्ग के ऊपर सरकार विशेष ध्यान देने जा रही है। सूत्रों के अनुसार 15 लाख रुपए तक की कमाई वालों को आयकर से छूट देने की तैयारी सरकार कर रही है।

### उम्मीद

#### कस्टम ड्यूटी में भी छूट देने की तैयारी

केंद्र सरकार बाजार मे जिस तरह की मंदी देखने को मिल रही है। उसको बढ़ाने के लिए मध्यवर्ग के लिए आयकर की सीमा बढ़ाने जा रही है। ताकि मध्यम वर्ग ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च कर सके। केंद्र सरकार आयकर की नई टैक्स प्रणाली को प्रमोट कर रही है। 15 लाख रुपए तक की आय पर टैक्स से छूट दी जाएगी। इसमें हाउस रेंट, होम लोन, बीमा और अन्य छूट जो मिलती थी। वह नहीं मिलेगी। नई टैक्स प्रणाली में अभी 3 लाख रुपए की छूट है। 3 से 7 लाख रुपए की आय पर 5 फीसदी टैक्स लगता है। 7 से 10 लाख रुपए की आय पर 10 फीसदी तथा 10 से 12 लाख रुपए की आय पर 15 फीसदी तथा 15 लाख से अधिक आय पर 30 फीसदी टैक्स देना होता है। अभी जो छूट देने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उसमें होम लोन, 80 सी, हाउस रेंट और बीमा जैसी कोई छूट शामिल नहीं होगी। आयकर सूत्रों के अनुसार 1 फरवरी को बजट के लिए इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जो आयकर दाता नई टैक्स प्रणाली को अपनाएंगे उनके लिए आयकर की दरों को आकर्षक बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार जीवन रक्षक दवाइयों, टेलीकॉम ऑप्टिकल फाइबर और विभिन्न किस्म के केमिकल पर कस्टम ड्यूटी कम करने पर विचार कर रही है। इसी तरह से नवकरणीय ऊर्जा और परिवहन के क्षेत्र में उपयोग में आने वाले उपकरणों पर भी कस्टम ड्यूटी घटाने पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है। भारत में डेढ़ लाख रुपए तक की आय वाले 4.6 फीसदी आयकरदाता है। 1.5 लाख रुपए से लेकर 2.5 लाख रुपए तक के 5.4 फीसदी आयकर दाता है। सबसे ज्यादा आयकर दाता 2.5 लाख से 5 लाख रुपए तक की आय के 51.4 फीसदी आयकरदाता हैं। 5 से 10 लाख रुपए कमाने वाले आयकर दाताओं की संख्या 15.4 फीसदी है। वही 10 लाख से 25 लाख रुपए कमाने वाले आयकर दाताओं की संख्या मात्र 8.2 फीसदी है। 25 से 50 लाख रुपए कमाने वाले आयकर दाताओं की संख्या मात्र 1.9 फीसदी है। वही देश में 50 लाख रुपए से अधिक कमाने वाले आयकरदाताओं की संख्या मात्र 08 फीसदी है। सरकार इस बजट में 15 लाख रुपए तक की आय सीमा पर छूट देने पर विचार कर रही है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

## बस नाले में गिरी आठ की मौत

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। बठिंडा तलवंडी साबो रोड पर गांव जीवन सिंह वाला के पास निजी कंपनी की बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनयंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को तलवंडी साबो के अस्पताल में पहुंचाया गया है। वहीं कुछ घायलों का इलाज सिविल अस्पताल बठिंडा में चल रहा है। बठिंडा में एक प्राइवेट कंपनी की बस कर्मचारियों को लेकर जा रही थी। दोपहर को छुट्टी होने के बाद बस गांव जीवन सिंह वाला के पास पहुंची तो नाले के ऊपर बने पुल पर अनयंत्रित होकर नाले में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। इसके बाद घायलों को बाहर निकाला गया। बठिंडा डीसी शौकत अहमद परे और एसएसपी अमनीत कौंडल भी मौके पर पहुंचे हैं।

## डल्लेवाल का जीवन दांव पर, आप गंभीरता से नहीं ले रहे : सुप्रीम कोर्ट

### फटकार

#### पंजाब की मान सरकार को लगाई फटकार, नोटिस जारी कर शनिवार तक मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को डॉक्टरी मदद देने के आदेश का पालन नहीं करने पर पंजाब की मान सरकार को नोटिस जारी कर दिया है। यह नोटिस मुख्य सचिव खिलाफ अवमानना याचिका पर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सुनवाई में कहा कि हम किसान नेता डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पंजाब सरकार उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए। वहीं अगर कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है तब सरकार उस सख्ती से निपटना होगा। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धुलिया की अवकाशकालीन पीठ ने मान सरकार को नोटिस जारी की है। बता दें कि डल्लेवाल 26 नवंबर से ही खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। वे केंद्र सरकार पर किसानों की मांग के समर्थन में यह हड़ताल कर रहे हैं। इन मांगों में एमएसपी पर कानूनी गारंटी भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अगर कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है,तब मान सरकार को सख्ती से निपटना होगा। किसी का जीवन दांव पर है। आपको इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए। चिकित्सा सहायता दी जानी चाहिए और ऐसा लगता है कि आप इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

## संसद के पास आग लगाने वाले यूपी के दलित युवक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में संसद भवन के पास 25 दिसंबर को खुद को आग लगाने वाले 26 वर्षीय युवक की शुक्रवार को राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले जितेंद्र ने नए संसद भवन के पास अपने शरीर पर पेट्रोल जैसा पदार्थ डालकर आत्मदाह के लिए आग लगा ली थी। संसद के पास तैनात सुरक्षाकर्मियों की मदद से आग बुझाई गई। इसके बाद उसे आरएमएल अस्पताल ले जाया गया और बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है कि एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में कार्रवाई न होने से जितेंद्र परेशान था। वह आयोग तक पहुंचा था, जहां से उसे मुकदमा लड़ने के लिए अधिवक्ता भी मिला था। आरोप है कि न तो पुलिस ने कोई सुनवाई की और न ही आयोग ने उसकी सुनी। बताया जाता है कि छपरौली कस्बे की पट्टी धंनान में महिपाल सिंह का परिवार रहता है। कुछ दूरी पर ही होमगार्ड कविंद्र और उसके परिजन रहते है। एक जून 2021 को होमगार्ड कविंद्र के भाई विकेन्द्र कुमार ने उर्फ जितेन्द्र व दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। इसके बाद 18 अप्रैल 2022 थाना छपरौली पर होमगार्ड कविंद्र ने जितेन्द्र व चार अन्य लोगों के खिलाफ हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### दुःखद

#### एससी-एसटी ऐक्ट में सुनवाई नहीं होने से था परेशान

## अंग्रेजों का झूठ, भारत आए आर्यों ने द्रविड़ों को खदेड़ा

### मोहन भागवत बोले- अंग्रेजों ने फैक्ट्स बदलकर हमारे दिमाग में झूठ भर दिया



**नागपुर।** आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में कहा कि अंग्रेजों ने सच को छिपाया और हमारे दिमाग में झूठा भरा। अंग्रेजों ने झूठ फैलाया था कि बाहर से आए लोगों को द्रविड़ों ने जंगल में खदेड़ दिया था फिर आर्य लोग आए, जिन्होंने द्रविड़ों से लड़ाई की और द्रविड़ों को खदेड़ दिया। यह अंग्रेजों का फैलाया हुआ झूठ है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अंग्रेज कहते हैं कि कोई बाहर से आया, यहां के लोगों को मारा-पीटा और खुद राजा बन गया। उनके मुताबिक राज करना इस देश के लोगों के खून में नहीं है। भागवत ने कहा कि अंग्रेज ऐसे थे जैसे कोई धर्मशाला में रहने आया हो। इस थ्योरी को पूरी दुनिया ने नकार दिया है। अब इस पर कोई यकीन नहीं करता है, लेकिन हमारे देश के लोगों के दिमाग से यह बात नहीं निकल रही है। भागवत ने कहा कि ब्रिटिश शासक भारत की विरासत को भुला देना चाहते थे। 1857 में ब्रिटिश शासकों को एहसास हुआ कि जातियों, संप्रदायों, भाषाओं, भौगोलिक असमानताओं को लेकर आपस में लड़ाने के बावजूद भारत के लोग एकजुट रहेंगे जब तक कि वे विदेशी आक्रमणकारियों को देश से बाहर नहीं निकाल देते।उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासकों ने कुछ ऐसा करने का फैसला लिया, जिससे भारतीय एकजुट नहीं रह सकें और यह तय हो जाए कि ब्रिटिश शासन हमेशा के लिए बना रहे। उनका उद्देश्य भारतीयों के मन से भारत के इतिहास, पूर्वजों और गौरवपूर्ण विरासत को भुला देना था। इसी उद्देश्य के लिए अंग्रेजों ने फैक्ट्स बदलकर हमारे दिमाग में कई झूठ भर दिए। 21वीं सदी में एआई के युग में भी शिक्षक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। वर्तमान पीढ़ी टेक्नोलॉजी के कारण बहुत सारे ज्ञान से अवगत है, लेकिन शिक्षक जीवन बदल सकते हैं। देखने और अवलोकन का मतलब सीखना है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों में जीवन बदलने की शक्ति है। बुद्धि के आर्टिफिशियल होने के साथ, शिक्षकों और शिक्षा की भूमिका अहम हो गई है। महात्मा गांधी कहते थे कि नैतिकता के बिना विज्ञान पाप है।

टेक्नोलॉजी की प्रगति से मनुष्यों को तेजी से सटीक काम करने में मदद मिलेगी, लेकिन इसका प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाना चाहिए। कभी-कभी ज्ञान की आड़ में झूठ फैलाया जाता है और इतिहास की आड़ में फैक्ट्स को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है। हमें हमेशा ज्ञान की पड़ताल करनी पड़ती है और फिर उसे आत्मसात करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किताबों की भूमिका लगभग खत्म हो गई है। गूगल के पास पूरी दुनिया का ज्ञान है।

## संभलः शाही जामा मस्जिद के सामने बनेगी नई पुलिस चौकी

**संभल ।** यूपी के संभल में बीते 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान भड़की हिंसा को लेकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब शाही जामा मस्जिद के सामने खाली पड़े हुए मैदान में नई पुलिस चौकी बनेगी।

इस लेकर जगह को चिह्नित कर लिया गया है। इतना ही नहीं एडिशनल एसपी और सीओ श्रीचंद्र ने इस जगह का मुआयना कर लिया है। संभल के एडिशनल एसपी श्रीचंद्र ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जगह पर पुलिस चौकी बनाने का फैसला हुआ है। पुलिस चौकी का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

जब पुलिस फोर्स के साथ एएसपी जामा मस्जिद के बाहर पहुंचे, तब मस्जिद कमेटी और आसपास के लोग अपने जमीनों के कागजात लेकर उनके पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि ये लोग इसलिए कागज लेकर आए क्योंकि उनका कहना है कि ये जगह उनकी है। हम इसकी जांच करा रहे है।

पुलिस टीम ने उस जगह की नपाई भी कर ली है, जहां पुलिस चौकी बननी है। जिस जगह पर चौकी का निर्माण किया जाएगा, उस जगह पर चूना डालकर चिह्नित किया है।

### सुरक्षा

#### पुलिस टीम ने उस जगह की नपाई भी कर ली है, जहां पुलिस चौकी बननी

# चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

**सख्ती**

**बीते 10 दिसम्बर को पांडेयपुर बिजनेस लॉन्ज से 12 लाख की हुई थी चोरी**

**पुलिस उपायुक्त खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार की देंगे नगद राशि**



**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर पुलिस व सर्विलांस टीम ने क्षेत्र के बिजनेस लॉउज में हुई 10 दिसम्बर को एक वैवाहिक कार्यक्रम से एक ट्राली बैग में रखे 12 लाख रुपये आभूषण की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जेबी सिंह, कालू सिंह और कालू सिंह सिसोदिया के रूप में हुई है। तीनों अभियुक्त मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें गोइठहा रिंग रोड के पास से गिरफ्तार किया। घटना बीते 10 दिसंबर 2024 की है, लालपुर पांडेयपुर क्षेत्र के बिजनेस लॉन्ज में रात के समय घुसकर अभियुक्तों ने वहां से नकदी और अन्य किमती सामान चुरा लिया था।

पीड़ित की तरफ से लालपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। थाना लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया। सर्विलांस टीम और मुखबिर की मदद से टीम ने आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के समय उनके पास से मोबाइल फोन,चोरी का 12 लाख रुपये का सामान, और घटना में प्रयुक्त दो वाहन भी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन ने इस मामले में तत्परता दिखाने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह पुलिस टीम ने समाज में सुरक्षा और विश्वास बनाए रखने के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है।

आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने अन्य घटनाओं को भी अंजाम देने की योजना बनाई थी। उनके खिलाफ कई अन्य मामलों में भी कार्रवाई चल रही है।गिरफ्तार करने वाली टीम में लालपुर थाने के प्रभारी विवेक कुमार पाठक, उ नि अभजित सिंह, विद्यासागर, अम्बरीष दुबे,का मनीष तिवारी, राम प्रकाश सर्विलांस टीम से का दिलीप कुमार, दिवाकर वत्स का सचिन मिश्रा थे।

### मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी, मुकदमा

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के हाथी बाजार में लगे एक मोबाइल के टावर से चोरों ने 24 एक्साइड कंपनी के बैटरी पर हाथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि हाथी बाजार के आनंद मार्ग स्कूल के परिसर में लगे इंडस टावर कंपनी के टावर बॉक्स से चोरों ने 24 बैटरी उठा ले गए जिसकी जानकारी टावर टेक्नीशियन रत्नेश कुमार के द्वारा टावर के सुरक्षा में पेट्रोलिंग का काम करने वाले उमेश सिंह को दी गई वही मौके पर पहुंचे सुरक्षा कर्मी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। वही इस मामले में जंसा पुलिस ने धारा 303 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## चोरी की बाइक के साथ सरगना गिरफ्तार



**वाराणसी।** लंका पुलिस ने पांच चोरी की बाइक के साथ नाबालिग चोर के साथ सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारुति नगर कालोनी में बबुरहनी के पास से मुखबिर की सूचना गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी विवेक कुमार चौबे कर्महरी मोहनिया भभुआ बिहार हाल पता सुसुवाही चितईपुर एक 16 वर्षीय बाल किशोर (फुल्ली कोचस रोहतास बिहार, हाल पता वैष्णो नगर छित्तूपुर) में रहता है।आरोपियों के खिलाफ रामनगर थाना में तीन मुकदमा और लंका में एक है। लंका थाना में एसीपी भेलूपुर धनंजय मिश्रा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक लंका शिवाकांत मिश्रा उपनिरीक्षक अपराजिता चौहान नगवा चौकी प्रभारी अभय गुप्ता उपनिरीक्षक शिवाकांत शर्मा सिद्धार्थ कुमार राय पुलिस टीम के साथ दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किए है। दो बीएचयू ट्रामा सेंटर अस्पताल परिसर में रेकी करके मौका मिलते ही मास्टर चाबी से लाक खोलकर मोटरसाइकिलों को चुराते है। यहां ग्राहक खोजते है। यहां ग्राहक नहीं मिलने पर मोटरसाइकिल को बिहार में ले जाकर बेचते है। अपाचे 20 से 22 हजार स्प्लेंडर सहित बाइक 10 से 12 हजार रुपए में बेचते है।

### गोमती का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**सेवापुरी।** क्षेत्र के रामेश्वर पुलिस चौकी के समीप पंचक्रोशी मार्ग पर स्थित लालजी राम के गोमती का ताला के कुंडी को तोड़कर हजारों का जनरल स्टोर्स का सामान कर उठा ले गये। दुकानदार जब सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो गोमती का कुंडी टूटा हुआ देख सन्न रह गया। गोमती मलिक लालजी राम ने तत्काल कंट्रोल रूम 112 को फोन कर जानकारी दी। चोरी की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर छानबीन कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि एक सप्ताह पूर्व रामेश्वर में तीन सोलर का बैटरी चोर खोल ले गये।पुलिस एक भी चोरी का अब तक खुलासा नहीं कर पाया जिससे चोरों का हौसला बुलंद है।

## संक्षेप

### अवैध टिकट पर आरपीएफ की नकेल

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन(वाराणसी जंक्शन) पर अवैध टिकट के प्रति आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) की ओर से चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। वाराणसी जंक्शन आरपीएफ इंस्पेक्टर संदीप यादव ने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों की पहचान प्रदीप कुमार (42)पुत्र श्रीराम निवासी लालपुर वाराणसी व सुधीर कुमार श्रीवास्तव (60)पुत्र स्व. लालधारी श्रीवास्तव वरुणा पुल चौराहा कैंट वाराणसी के रूप में की गयी है। बताया कि दोनों के खिलाफ रेलवे एक्ट 143 के तहत कार्रवाई की गयी। इनके पास से एक आरक्षण काउंटर टिकट व पूर्व में किये गये यात्रा के तहत तीन आरक्षित टिकट बरामद किया गया। बताया कि अवैध टिकट के प्रति लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है।

### बरेका कर्मचारियों के लिए बड़ी सुविधा



**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा शुरू की गई है। उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे के लिए इमरजेंसी कोटा (ईक्यू) यात्रा आवेदन बॉक्स बरेका प्रशासन भवन में स्थापित कर दिया गया है। इस नई पहल के अंतर्गत अब बरेका के कर्मचारियों को ऑन ड्यूटी या निजी कार्यों से यात्रा हेतु इमरजेंसी कोटा के लिए वाराणसी कैंट स्टेशन या मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लहरतारा जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बरेका प्रशासन प्रतिदिन इमरजेंसी कोटा आवेदन भेजेगा, जिससे कर्मचारियों को सुविधा और समय की बचत होगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संयुक्त सचिव, कर्मचारी परिषद श्रीकांत यादव सदस्य, कर्मचारी परिषद अमित कुमार यादव, संतोष कुमार यादव, मनीष कुमार सिंह, संजय कुमार एवं अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी गण उपस्थिति रहे।

### कूट रचना से पैतृक संपत्ति हड़पने की साजिश

**चोलापुर।** थाना क्षेत्र के रौना खुर्द तिवारी पुर गांव में सुरेश तिवारी शैलेंद्र तिवारी सुनील तिवारी तीनों सगे भाई हैं जिसमें पैतृक संपत्ति छोटे चाचा प्रेम शंकर तिवारी की शादी नहीं हुई थी जिनकी मृत्यु 1 जनवरी 2024 को हुई थी जिसको लेकर बड़े चाचा माया शंकर तिवारी व उनके पुत्र अजय तिवारी द्वारा कुट रचित फर्जी दस्तावेज तैयार करके वसीयत व दान पत्र करा लिया मामले में जानकारी होने पर सुरेश तिवारी द्वारा माननीय न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है उक्त संबंध में फर्जी फोटो और फर्जी दस्तखत करने के आरोप में जिलाधिकारी महोदय से लगाई गुहार।

### वाराणसी जंक्शन पर रेल अधिकारियों ने पूर्व पीएम को दी श्रद्वांजलि



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित स्टेशन निदेशक कार्यालय में शुक्रवार को रेल अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्वांजलि देकर उनके द्वारा देश हित में किये गये कार्यो को याद किया। निदेशक कार्यालय में अपर मंडल रेल अधिकारी वाराणसी लालजी चौधरी के निर्देशन में स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता सहित सभी अधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्वासुमन अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री के द्वारा देश हित में किये गये कार्यो को याद किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन के बाद देश में सात दिन के राष्ट्रीय शोक के चलते स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में लगा भारतीय तिरंगे को आधा झुका दिया गया है। स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री सिर्फ एक राजनेता ही नहीं बल्कि कई बड़े अधिकारी पद को सुशोभित करते हुए भारतीय रिर्जव बैंक के गर्वनर भी रहें। उनका जाना देश के लिए क्षति है।

## निराश्रित वृद्धा समेत दो लोगों की मौत

**वाराणसी।** दशाश्वमेघ घाट व बौलिया मंडुवाडीह के पास बीमारी की हालत में मिली एक वृद्धा समेत दो।लोगों की शुक्रवार को मौत हो गयी। अस्पताल कर्मियों ने शव को मोर्चरी में बंदकर सूचना पुलिस को भेज दिया।मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के बौलिया के पास बीमारी की हालत में मिली निराश्रित लीलावती 70 वर्ष को लोगों ने मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार को उनकी मौत हो गयी। उधर, दशाश्वमेघ घाट के पास 27 अक्टूबर के बंगाल के आसनसोल निवासी दिलीप नारायण 38 वर्ष भी बीमारी की हालत में पड़े थे। पुलिस ने उन्हें भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया था। आज उनकी भी इलाज के दौरान मौत हो गयी। वह भी निराश्रित थे।

# 40 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एन्क्वास सर्टीफिकेशन के लिए तैयार

**बोले सीएमओ**

**तीन केन्द्रों के लिए भारत सरकार ने दी, दौरे की तारीख**



**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सामुदायिक स्तर पर चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। आरोग्यं परमं धनम्‌ को ध्यान में रखते हुए घर के नजदीक ही संचालित किए जा रहे आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से समुदाय में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा रही है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ वाईबी पाठक ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भारत सरकार की ओर से निर्धारित सात मानकों जैसे केयर इन प्रेग्नेंसी एंड चाइल्ड बर्थ, नियोनेटल एंड इंफेंट हेल्थ सर्विसेज, चाइल्डहुड एंड एडोलसेंट हेल्थ सर्विसेज, फैमिली प्लानिंग, मैनेजमेंट ऑफ कम्यूनिकेबल डिजीज, मैनेजमेंट ऑफ सिम्पल इलनेस इनक्लूडिंग माइनर एलीमेंट्स एवं मैनेजमेंट ऑफ नॉन कम्यूनिकेबल डिजीज पर बेहतर कार्य करने के लिए एनक्वास प्रमाणपत्र दिया जाता है।

मंडलीय क्वालिटी एस्योरेंस कंसल्टेंट डॉ तनवीर सिद्दीकी ने बताया कि वर्तमान में 95 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एन्क्वास के लिए सर्टीफिकेशन तैयार कर सक्षम पोर्टल पर डाटा और डिटेल अपलोड कर स्टेट लेवल तथा स्टेट लेवल से नेशनल लेवल पर भेज दिया गया है जनपद वाराणसी में 101 आरोग्य मंदिर में से 95 एन्क्वास सर्टीफिकेशन के रिवैलीडेशन में पास हो गये हैं दिसम्बर 2025 तक 150 फैसिलिटी को सटीर्फाइड कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 19 फैसिलिटी पहले से ही सटीर्फाइड हो चुकी हैं 14 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का रिवैलीडेशन हो चुका है जिसमें से 12 केन्द्रों का डाटा भारत सरकार को भेज दिया गया है इसके अलावा 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जिसमें 5 शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 7 ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिनका अंक 70 फीसदी से ऊपर है, सर्टीफिकेशन के लिए राज्य सरकार को भेज दिया गया है अगर हम जिला अस्पताल लाल बहादुर शास्त्री संयुक्त चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय की बात करें तो इनका भी अंक 70 फीसदी से ऊपर है, जिसका डिटेल राज्य सरकार को भेज दिया गया है 40 फैसिलिटी का डाटा और डिटेल भारत सरकार को भेजा जा चुका है, जिसमें से उन्होंने 3 फैसिलिटी की विजिट करने की डेट आगामी माह में दे दी है बाकी इकाईयों की भी भारत सरकार की तरफ से जल्द भ्रमण की डेट दे दी जाएगी।

## होटल संचालकों से साथ बैठक

**वाराणसी।** सारनाथ नए साल के पहले दिन सारनाथ पार्को में सैलानियों की होने वाली भीड़ को लेकर होटल व पेइंग गेस्ट हाउस, लॉन संचालकों के साथ शुक्रवार को सारनाथ थाने पर पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में सैलानियों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर थाना प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बैठक की। जिसमे नए साल के पहले दिन होटल में डीजे व देर रात तक पार्टी किसी कीमत पर नही होनी चाहिए। किसी पर्यटक को बिना आईडी के कमरा नही देना है। वजी रात 10 बजे के बाद किसी प्रकार का गाना व बाजा की आवाज नही आनी चाहिए। बैठक में सारनाथ क्षेत्र के गंज,हवेलियां,पहड़िया, अकथा, पंचकोसी, होटल संचालक के साथ महिला उपनिरीक्षक संगीता, सहित उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

## तहसील बार चुनावः अनिल कुमार अध्यक्ष व जितेन्द्र बने महामंत्री



**वाराणसी।** कमिश्नरी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय और महामंत्री जितेंद्र कुमार पांडेय निर्वाचित घोषित किए गए जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रंजन कुमार सिंह चुने गए।

अध्यक्ष पद पर विजयी अनिल कुमार पांडेय को 50 और लालचंद चौबे को 42 एवं तीसरे प्रत्याशी कैलाश नारायण मिश्र को चार मत हासिल हुए। महामंत्री पद पर विजयी जितेंद्र कुमार पांडेय को 50 और अजय कुमार श्रीवास्तव को 46 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने वाले रंजन कुमार सिंह को 54 और उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी आशुतोष कुमार मिश्र को 31 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर विजयी बबलू प्रसाद को 56 एवं उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी अखिलेश कुमार मिश्र को 45 मत मिले। अन्य पदों में कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पीयूष कुमार उपाध्याय,संयुक्त मंत्री प्रशांत सिंह,पुस्तकालय मंत्री सुनील कुमार शुक्ल व आय-व्यय निरीक्षक पद पर धनंजय कुमार पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रबंध समिति के छह सदस्य पद के लिए कृष्णचंद्र मौर्य,नीरज कुमार श्रीवास्तव, श्रीमृणाल सिंह,विरेंद्र कुमार,पारसनाथ सिंह व रामजी प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। शुक्रवार को कमिश्नरी बार एसोसिएशन भवन में हुए चुनाव में मतगणना के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी तारकेश्वर लाल श्रीवास्तव ने विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की।

# बरेका में चिकित्सकीय संगोष्ठी का आयोजन

**चर्चा**

**कई बीमारियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की**

**वाराणसी।** बरेका अधिकारी क्लब में शुक्रवार को जीवनशैली जनित बीमारियां' विषय पर राजभाषा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण चिकित्सा विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं ,कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जीवनशैली जनित बीमारियों के रोकथाम के उपायों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरेका महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष श्रीमती गौरी श्रीवास्तव ने की। गोष्ठी के संचालन एवं संयोजन की जिम्मेदारी महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती श्वेता सिंह द्वारा बखूबी निभाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अपराह्न मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य अभिकल्प इंजीनियर/डीजल लोको श्री प्रवीण कुमार के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने इस प्रकार की गोष्ठियों के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात बरेका के प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश कुमार ने 'जीवनशैली जनित बीमारियों' पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में मुख्य रूप से मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर और सांस रोग जैसी प्रमुख बीमारियों के कारणों, लक्षणों और रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला।डॉ. देवेश कुमार ने बताया कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं और इनसे बचाव के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक तनाव प्रबंधन और स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य है। उन्होंने थायरॉइड, मानसिक रोग, अपच, और अन्य बीमारियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

# पुलिस की छात्रों के साथ साझा संगोष्ठी



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त वाराणसी मोहित अग्रवाल के निर्देशन व ममता रानी अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध के पर्यवेक्षण में छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत वाराणसी के कुल नौ थानों पर संगोष्ठियां आयोजित हैं।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में चलाये जा रहे 30 दिवसीय छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत कमिश्नरेट वाराणसी के कुल नौ थानों पर 30 दिवसीय अनुभवात्मक सिखलायी जायेगी।

यह कार्यक्रम इस उद्देश्य से करायी जा रही है कि छात्र/छात्राओं की संज्ञानात्मक व लोक कौशल में सुधार हो और साथ ही साथ वे कानून व आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियत्रंण, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून-व्यवस्था इत्यादि जैसे विषयों पर प्रशिक्षण इन्टर्न के रूप में प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 120 घंटो की सिखलाई प्रत्येक दिन चार घंटे के आधार पर 30 दिवस में पूर्ण करायी जायेगी। यह कार्यक्रम छात्र/छात्राओं के अंदर की प्रतिभा को और निखारने तथा पुलिस की स्थिति परिस्थिति को समझने में मदद करेगा, सभी छात्र/छात्राओं का पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया है, तथा चयनित थानों पर एक-एक उप निरीक्षक को थाना स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया।

## पार्षद सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी।** सारनाथ के पुरानापुल पुलकोहना क्षेत्र में एक जमीन पर जबदस्ती अवैध कब्जा करने के मामले में शुक्रवार को पीड़ित के तहरीर पर क्षेत्र के पार्षद सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि पुरानापुल पुलकोहना के रहने वाले संतोष कुमार की उसी इलाके में संतोष की चहारदीवारी से घिरी हुई जमीन थी। जिस पर अचानक पहुच कर दनियालपुर के पार्षद जितेंद्र कुशवाहा व पैगम्बरपुर के श्रीनिवास मौर्या के साथ पंचराव, चौबेपुर के कैलाश राजभर, शेखर राजभर व तपेसरा देवी पहुच कर बाउंड्री तोड़ कर जबरदस्ती अवैध कब्जा करने लगे। मौके पर पहुचे संतोष के मना करने पर लोग अपशब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस मामले में सन्तोष की तहरीर पर धारा 191(2), 131, 329(3), 352, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल 2022 अनुक्रमांक 12222002133 का अकं पत्र व सहप्रमाण पत्र खो गया है। अंकित कुमार शाह पुत्र रमेश शाह, ग्राम मथौली, पो0 चांदपूर सहतवार, बलिया।

No.-15446727K SEPOY, Dinesh Yadav Unit MH Jalandhar Cantt C/o 56 APO my father name wrongly entered as VANSHRAJ YADAV in my service record / part-II order. Her correct name is BANSHRAJ YADAV all please note.

### आधी रात तेज पटाखे फोड़कर फैलाई सनसनी

**मिर्जामुराद।** गौर गांव में गुरुवार की रात 12 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वाले मोड़ पर शंकर के घर के सामने भुवालपुर नहर पुलिया पर बाइक व बोलेरो सवार आधादर्जन से अधिक मनबढ़ युवकों ने तेज धमाके वाले पटाखे फोड़ सनसनी फैला दी।ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गयी।इस बीच पुलिस जीप के हूटर की आवाज सुनकर सभी भाग निकले।दो-तीन युवक गलियारे से पैदल भी भागे। मनबढ़ों द्वारा किया गया धमाका ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना रहा।

### अतिक्रमण के खिलाफ चलायी जांच



**वाराणसी।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को डा. एस चन्नप्पा, अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था के द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी को चेतावनी भी दी। सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध प्रज्ञा पाठक के साथ मैदागिन चौराहे से चौक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर, बांस फाटक, गोदौलिया चौराहा होते हुए रमापुरा चौराहा तक पैदल गश्त करते हुए निरीक्षण किया तथा अतिक्रमण के विरूध कार्यवाही तथा यातायात व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में यातायात की सुगमता के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसके बाद भी अगर कोई इसका उल्लघंन करता है तो उसके प्रति सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने थानेदारों को भी निर्देश दिया कि जाम लगने पर उनकी जिम्मेदारी होगी।

## चौकी प्रभारी पर ग्राम प्रधान का आरोप

**मिर्जामुराद।** जेसीपी से मिलकर बहेड़वा ग्रामप्रधान संजय कुमार ने खजुरी चौकी प्रभारी पर मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रुपया 50 हजार रुपये की मांग रख वसूली का प्रयास करने आरोप लगाया हैं।आरोप से संबंधित वीडियो व आडियो भी दिया गया हैं।जेसीपी ने एसीपी (राजातालाब) को जांच सौप रिपोर्ट मांगी हैं। प्रधान का आरोप हैं कि बीते 18 दिसंबर को गांव में ससुर द्वारा बहू के ऊपर चापड़ से वार किए जाने की घटना हुई।घटना की रिपोर्ट भी दर्ज हैं।उक्त घटना में चौकी प्रभारी द्वारा बेवजह फंसाने की धमकी देकर प्रताड़ित कर रुपयों की मांग की जा रही हैं।

## फाइनेंस बैंक में चोरी का असफल प्रयास



**चोलापुर।** थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में गुरुवार को देर रात में स्टेट बैंक के बगल में उत्कर्ष फाइनेंस बैंक की ब्रांच शाखा चोलापुर में चोरों ने सटर व चैनल का ताला तोड़कर अंदर घुसे बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के कनेक्शन को काटकर स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर कैश निकालने का प्रयास कर रहे थे उसी समय सायरन बजा पर ठीक उसी समय चोलापुर इंस्पेक्टर राकेश कुमार गौतम हुटर बजाते हुए थाना परिसर से निकले परिसर से बैंक की दूरी करीब तीन सौ मीटर है पुलिस के आहट पाकर चोर भाग निकले जिसे बड़ी घटना होने से बच गई जिसकी जानकारी सुबह बैंक कर्मचारियों के आने पर हुई बैंक कर्मियों के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# 24 घंटे के अंदर मोबाइल छिनैती की तीन घटनाएं

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के खजुरी पुलिस क्षेत्र में 24 घंटे के अंदर एक महिला समेत तीन लोगों का बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर भाग निकले।खजुरी पुलिस चौकी क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार छोटी खजुरी गांव निवासिनी महिला सरोजा देवी अपनी पुत्री के साथ गुरुवार की दोपहर खजुरी से जमुआ जाने वाले मार्ग से अपने घर पैदल जा रही थी।सामने से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर खजुरी के तरफ भाग निकले।पीड़िता के पति राम प्रकाश यादव मिजार्मुराद थाने पहुंचे लिखित तहरीर दिये।वही दूसरी घटना गुरुवार की देर शाम को हुई गाजीपुर जिले के सैदपुर थाना क्षेत्र के भीमा पथ निवासी मोहम्मद सलमान किसी काम से मिजार्पुर गए थे देर शाम वापस घर जा रहे थे जैसे ही खजुरी ओवरब्रिज पर चढ़े पीछे से आए एक बाइक पर सवार तीन बदमाश मोबाइल छीनकर रिंग रोड की तरफ भाग निकले।पीड़ित मिजार्मुराद थाने पहुंचे अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दिया।वही तीसरी घटना शुक्रवार की दोपहर में खजुरी चौकी क्षेत्र के भिखारीपुर गांव के सामने हाइवे पर हुआ।पीड़ित मिजार्पुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के सरैय्या निवासी तुषार मिश्रा ने बताया कि मेरे मोबाइल पर फोन आया जैसे ही बाइक खड़ी कर मोबाइल जेब से निकाला खजुरी के तरफ से आए बाइक सवार तीन बदमाश मोबाइल छीनकर राजातालाब की तरफ भाग निकले।पीड़ित मिजार्मुराद थाने पहुंच छिनैती की तहरीर दिया।वही ग्रामीणों का कहना है कि खजुरी क्षेत्र में लगातार हो रही छिनैती की घटनाओं से बदमाशो के अंदर से पुलिस का डर बिल्कुल खत्म हो गया है।करीब 15 दिनों के अंदर खजुरी पुलिस चौकी क्षेत्र में 10 घटनाएं छिनैती की हो चुकी है लेकिन खुलासा एक का भी पुलिस नही कर पाई।वही पीड़ित को मोबाइल मिल जाने का आश्वासन देकर छिनैती के जगह गुमशुदगी की तहरीर लेकर पुलिस अपनी पीठ थपथपा लेती है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी प्रयोग-कर्ताओं को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर ओवर हेड ट्रैक्शन तारों को खण्ड के निम्नलिखित तारीख को या बाद में 25000V, 50 हर्टज पर चार्ज किया जायेगा। उस तारीख से ओवर हेड ट्रैक्शन ए उस तारीख से ओवर हेड ट्रैक्शन ए उस तारीख पर और तारों को सब समय उर्जित (चालू) माना जाए और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उस ओवर हेड लाइन के नजदीक में या काम करने न जाए।

**खण्ड : 1. बी.एस.बी.एस. यार्ड लाइन नं. 27 (वाशिंग पिट नं. 05), 28 (लेथ मशीन), 24 (स्टेब्लिंग लाइन), दिनांक : 30.12.2024.**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर
मुजाधि/विद्युत-202 वाराणसी मंडल
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**वाराणसी सर्राफा भाव**

सोना (RTGS 999.0) 80000/inc.GST

चांदी (99.50) 94100/- प्रति किलो

चांदी सिक्का 120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी




# नववर्ष की मस्ती में कहीं लापरवाही पड़ न जाए भारी


## साइबर क्रिमिनल आपको चूना लगाने के लिए भेज रहे फेक मैसेज

## हर दिन लोगों को धोखा देने के नए-नए तरीके ढूंढ रहे हैं साइबर स्कैमर

जितेंद्र श्रीवास्तव/अभिषेक सेठ

**साइबर पुलिस ने अनजान लिंक या ऑफर्स पर क्लिक न करने की दी सलाह**

वाराणसी। तमाम कवायद और जागरूकता अभियान के बावजूद साइबर क्रिमिनल लोगों को चूना लगा ही दे रहे हैं। यहीं नहीं, लोगों को ठगने के लिए साइबर अपराधी नित नये-नये तरीके भी अपनाने रहे हैं। साइबर पुलिस की तरफ से बराबर चलाये जाने वाले जागरूकता अभियान के बावजूद लोग साइबर अपराधियों के बिछाये जाल में फंस ही जाते हैं। अब तो त्योहारों के दौरान साइबर क्रिमिनल गिफ्ट और बधाई मैसेजेज के नाम पर लोगों को ठगने लगे हैं। ऐसे में साइबर पुलिस ने एडवाजरी जारी कर लोगों को सतर्क कर रही है। साइबर पुलिस की माने तो ये अपराधी नववर्ष के संदेश और गिफ्ट के जाल में फंसा कर लोगों को ठग सकते हैं। लिहाजा, लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। कहीं ऐसा न हो कि नये साल की मस्ती में जरा सी लापरवाही लोगों के पॉकिट पर भारी न पड़ जाए। दरअसल, साइबर क्राइम के तेजी से बढ़ते मामले के बीच साइबर स्कैमर हर दिन लोगों को धोखा देने के नए तरीके ढूंढ रहे हैं। खासकर त्योहारों और खास मौकों पर यह खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। फेस्टिवल सीजन में तो गिफ्ट और बधाई मैसेजेज के नाम पर लोगों को ठगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। साइबर पुलिस ने लोगों को सतर्क किया है कि किसी भी अनजान लिंक या गिफ्ट के वादे पर भरोसा न करें। फर्जी बधाई मैसेजेज या लुभावने ऑफर्स के चक्कर में न पड़ें। साइबर क्राइम ब्रांच ने इस बारे में एडवाइजरी जारी कर दी है, जिसमें खासतौर पर बताया गया है कि बधाई मैसेजेज के जरिए धोखाधड़ी हो सकती है। वैसे भी, नया वर्ष आने में अब बस कुछ दिन और बाकी है। ऐसे में साइबर पुलिस अलर्ट पर है और लोगों को भी सतर्क रहने के लिए कहा जा रहा है। साइबर ठग व्हाट्सअप और ई-मेल पर हैप्पी न्यू ईयर, नए वर्ष की शुभकामनाएं का पीडीएफ फाइल और लिंक का संदेश भेज सकते है। साइबर ठग फ्री ऑफर का लालच देकर ठगने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में सतर्क रहने की जरूरत है, कहीं आप धोखाधड़ी का शिकार न हो जाए। इस तरह की धोखाधड़ी बचने के लिए पुलिस ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया है। पुलिस के अनुसार, आए दिन कोई न कोई धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है। सबसे ज्यादा टास्क के नाम पर, शेयर मार्केट में निवेश के नाम व परिचित बनकर ठगी हो रही है। ऐसे ही अब नए वर्ष में ज्यादातर लोग एक-दूसरे को व्हाट्सअप पर मैसेज भेजकर बधाई देते हैं और इसी को लेकर साइबर ठग भी एक्टिव है। वह भी लिंक व मैसेज भेज सकता है। सभी को ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी अनजान नंबर से आए पीडीएफ फाइल व लिंक को क्लिक नहीं करना चाहिए।




### जानिए, आप खुद को कैसे करें सुरक्षित ?

साइबर थाने के एएसआई श्याम लाल गुप्ता का कहना है कि व्हाट्सअप पर आ रहे मैसेज में लिखा होगा कि 'आप अपने दोस्तों को अपने नाम से हैप्पी न्यू ईयर ग्रीटिंग कार्ड भेज सकते हैं। अगर आप चाहें तो कार्ड पाने के लिए साथ में दिए गए लिंक पर क्लिक करें'। अगर आपको ऐसा कोई लिंक भेजा जाता है तो उस पर बिल्कुल भी क्लिक न करें। व्हाट्सएप्प पर ग्रुप में किसी भी एपीके फाइल पर क्लिक ना करें। यदि बहुत आवश्यकता हो तो पहले भेजने वाले व्यक्ति से इस पर चर्चा कर लें उसके बारे में जानकारी इकट्ठा कर लें। अपने जीमेल, फेसबुक, व्हाट्सएप्प जैसे सोशल मीडिया पर टू स्टेप वेरिफिकेशन जरूर लगाएं। जिससे साइबर अपराधी आपके डाटा का एक्सेस न लें सकें। यदि आपने फर्जी लिंक पर क्लिक किया तो आपका फोन साइबर अपराधियों द्वारा हैक कर लिया जाएगा और एक्सेस उनके पास चला जाएगा। इसके बाद जो होता है, वह यह है कि आपका मोबाइल डेटा, आपकी गैलरी, आपके कॉन्टैक्ट नंबर चोरी हो जाते हैं और आपके बैंक अकाउंट की डिटेल चोरी हो जाती है और फिर आप भावनात्मक या वित्तीय धोखाधड़ी में फंस सकते हैं। इसलिए कृपया सावधान रहें और इनमें से किसी भी हैप्पी न्यू ईयर रेडीमेड लिंक पर क्लिक न करें।

### पुलिस की सलाह

साइबर पुलिस का कहना है कि उनकी टीम लगातार साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ काम कर रही है। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। त्योहारों और खास मौकों पर खास सतर्कता बरतने की जरूरत है। भारत सरकार ने साइबर क्राइमों से निपटने के लिए भारतीय साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की है। इसके अलावा, संचार साथी वेबसाइट के तहत चक्षु पोर्टल भी लॉन्च किया गया है, जहां आप साइबर स्कैम की रिपोर्ट कर सकते हैं।

### फर्जी लिंक पर क्लिक न करें

साइबर क्राइम से जुड़े अधिकारी बताते हैं कि अब क्रिमिनल नई चुनौतियां पेश कर रहे हैं, जहां वे बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ निशाना बना रहे हैं। नए साल के मौके पर साइबर क्रिमिनल ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं। वे गिफ्ट और बधाई मैसेज भेजकर लिंक शेयर करने को कहते हैं। अगर आपने ऐसे लिंक पर क्लिक करते हैं, तो वे आपकी पर्सनल जानकारी चुरा सकते हैं। लिहाजा, अनजान या फर्जी लिंक पर क्लिक कदापि न करें।

### अनजान लिंक से रहें सतर्क

लुभावने ऑफर्स या अनजान मैसेज में दिए गए किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। साइबर क्रिमिनल मालवेयर या वायरस भेजकर आपके मोबाइल या कंप्यूटर की जानकारी चुरा सकते हैं। इसके अलावा, केंद्र या राज्य सरकार की योजनाओं के नाम पर भी कई बार लोग स्कैमिंग का शिकार बनाया जाता है।

### फ्री ऑफर का दे सकते हैं लालच

पुलिस की माने तो साइबर ठग नए साल की खुशियों का फायदा उठाकर फ्री ऑफर्स, फर्जी शिपिंग नोटिफिकेशन और ऑनलाइन डोनेशन जैसे बहाने बनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम सतर्क रहें और अपने जीमेल अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए सही कदम उठाएं।

### व्हाट्सअप पर आने लगे हैं लिंक

एक कंपनी में काम करने वाले प्रिंस सिंह का कहना है कि उनके व्हाट्सअप पर तरह-तरह के लिंक आ चुके हैं। जिसमें रेटिंग के बारे में बताया गया है। इतना ही नहीं एक मैसेज में बताया गया कि लिंक पर क्लिक करें और प्रति क्लिक कमाए। व्हाट्सअप पर ही फर्जी टैक्स मैसेज भी भेजकर यह बताया गया कि आपके खाते में पैसे जमा करवा दिए गए हैं। ऐसे में सावधानी यह बरती की मैंने मैसेज को पढ़ा तो जरूर, लेकिन क्लिक नहीं किया और न ही अपनी निजी जानकारी शेयर की। इस तरह में धोखाधड़ी से बच गया। इस बारे में मैंने साइबर पुलिस के यहां शिकायत दर्ज करा दी है।



'किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अनजान नंबर से आए बधाई मैसेजेज को इग्नोर करें। बैंकिंग या पर्सनल जानकारी किसी से साझा न करें। साइबर क्राइम की घटना तुरंत पुलिस या चक्षु पोर्टल पर रिपोर्ट करें। त्योहारों का मजा तब ही रहेगा जब आप साइबर क्राइम से सतर्क रहेंगे और स्कैम से बच सकेंगे।

मृत्युंजय सिंह-साइबर एक्सपर्ट

# बदलेगा मौसम, बारिश व कोहरे की चेतावनी

## आने वाले दिनों में बदली व बूंदाबांदी होने का अंदेशा

जनसंदेश न्यूज



वाराणसी। बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय गतिविधि से नमी के साथ आ रही पुरवाई व उत्तर-पश्चिम की ओर से तीव्र पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव आने वाले दो-तीन दिनों में मौसम का रुख बदल सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में बदली व बूंदाबांदी के साथ ही कोहरे का अंदेशा जाहिर किया है। बहरहाल, इधर पुरवाई का प्रभाव सतह पर कम होने से धूप की तीव्रता के साथ ही तापमान में हल्की वृद्धि हुई, जबकि न्यूनतम तापमान में कमी का रुख दिखा। मौसम विज्ञानिकों ने बताया कि ईरान की ओर से भारत की सीमा में पहुंच चुका पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ रहा है। यदि इसकी तीव्रता बनी रही तो उसके प्रभाव से ठंडी पछुआ इधर आ सकती है। सतह पर घेरा बनाए हल्की पुरवा के साथ मिलकर बादल बना सकती है। इससे दो-तीन दिनों तक मौसम का बदला रूप दिख सकता है। हालांकि इसकी संभावना कम ही दिखती है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में हल्की बारिश और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। यहीं नहीं यहां गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की उम्मीद है। अभी तापमान इसी स्तर पर बने रहने की संभावना है। दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर बने रहने से ठंड का असर बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि ठंड और कोहरे के असर को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरतें। यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता रखें और गर्म कपड़ों का उपयोग करें।

# नये साल के पहले ही विश्वनाथ मंदिर में सावन जैसा प्रोटोकाल

**आस्था**

### लगाई गई बैरिकेडिंग, नये साल से पहले ढाई लाख भक्त पहुंचे



वाराणसी। नये साल के पहले ही काशी विश्वनाथ धाम में सावन जैसा माहौल बन गया है। बैरिकेडिंग लगायी गई है। नये साल से पहले एक ही दिन में ढाई लाख भक्त बाबा का दर्शन-पूजन कर चुके हैं। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन को लेकर भक्त काफी उत्साहित हैं। नए साल के पहले ही एक दिन में लाखों भक्तों ने बाबा का दर्शन कर लिया। वहीं, प्रशासन और प्रबंधन भक्तों की सहूलियत और नई व्यवस्थाओं के लिए कार्य कर रहा है। इस बार फिर से बैरिकेडिंग लगा दी गई। नए साल के पहले ही श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। दिसंबर में अब तक श्रद्धालुओं की यह सबसे अधिक संख्या रही। भीड़ का दबाव देखते हुए मंदिर प्रशासन ने सावन का प्रोटोकॉल लागू कर दिया है। स्पर्श दर्शन के साथ ही वीआईपी प्रोटोकॉल भी बंद कर दिया गया है। नए साल पर सात लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। बृहस्पतिवार को मंगला आरती के पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा दरबार में दर्शन के लिए कतारबद्ध हो गई थी। पौष मास के कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि के दिन श्रद्धालुओं ने पहले गंगा स्नान किया और उसके बाद बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। पिछले पांच दिनों से धाम में हो रही भीड़ को देखते हुए मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग करवाई गई है। दोपहर में भोग आरती के समय तो श्रद्धालुओं की कतार गोदौलिया के आगे तक पहुंच चुकी थी। शयन आरती तक ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया था। 21 दिसंबर को 1.80 लाख, 22 दिसंबर को दो लाख से अधिक, 23 दिसंबर को डेढ़ लाख, 24 दिसंबर को 1.75 लाख और 25 दिसंबर को 1.90 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। सीईओ विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि सावन का प्रोटोकॉल नए साल पर प्रभावी रहेगा। भीड़ को देखते हुए यथासंभव स्पर्श दर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# नगर निगम के अधिकारी घाटों पर पहुंचे

**कुंभ की तैयारी**

### देखा चेंजिग रूम का हाल श्रद्धालुओं को सुविधा देने की व्यवस्था देखी

वाराणसी। काशी में कुंभ की तैयारियों को लेकर नगर निगम के अधिकारी शुक्रवार को घाटों पर पहुंचे। जहां स्नान के बाद कपड़ा बदलने के लिए चेंजिग रूम का हाल देखा,वहीं श्रद्धालुओं को सुविधा देने की व्यवस्था को भी आंका। इस दौरान अपर नगर आयुक्त सरिता यादव लाव लश्कर को लेकर जोनल अधिकारी कृष्ण चन्द्र के संग अचानक प्रह्लादघाट पर पहुंचीं। जहां नगर निगम की टीम को देख लोगों में अफरातफरी मच गयी। गंगा में कपड़ा साफ करने और साबुन लगाने वाले लोग इधर - उधर खिसकने लगे। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ने टीम के साथ प्रह्लाद घाट, नया घाट, रानी घाट, भैंसासुर घाट और नमो घाट का निरीक्षण की। उन्होंने घाटों पर बने चेंजिग रूम की खराब स्थिति को दुरुस्त नहीं रहने पर जहां नाराजगी जाहिर की, वहीं सफाई व्यवस्था को और बेहतर किए जाने और शौचालय को स्वच्छ रखे जाने को कह। घाटों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने, कूड़ा के लिए डस्टबिन की और अधिक व्यवस्था किए जाने के साथ ही गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। अपर नगर आयुक्त ने घाटों पर अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी नजर रखने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वाले लोगों से जुर्माना की वसूली किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जोनल अधिकारी कृष्ण चन्द्र, पार्षद अभिजीत भारद्वाज,स्वास्थ्य निरीक्षक, और नगर निगम के लोग शामिल रहे।



# आवंटन के सात वर्षों बाद मिला कब्जा

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के बरही कला में तहसील व पुलिस प्रशासन ने सात वर्षों बाद आवासीय पट्टा के आवंटियों को शुक्रवार को कब्जा दिलाया। कब्जा मिलते ही पीड़ित परिवारों में खुशी की लहर दिखी। बताते हैं कि ग्राम सभा बरही कला में खसरा नंबर 547 में वर्ष 2017 में चार परिवारों को आवासीय पट्टा स्वीकृत किया गया था। जिसमे कल्लू पासी, सुक्खू सरोज, भैयालाल पासी, चंद्रावती देवी को एक-एक बिस्वा आवासीय जमीन पट्टा हुआ था। लेकिन दबंगों ने आवंटित जमीन पर कब्जा कर रखा था और तहसील प्रशासन से सहयोग न मिलने के कारण इन लोगों की आस धूमिल पड़ने लगी थी। बावजूद इसके, ये लोग लगातार प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगा रहे थे। अंततः उनका प्रयास रंग लाया और एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने जांचोपरांत इंस्पेक्टर फूलपुर को पुलिस टीम गठित कर कब्जा दिलाने का आदेश दिया। एसडीएम के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस फोर्स राजस्व टीम के साथ इन पीड़ित परिवार को सात वर्षों बाद आवंटित जमीन पर कब्जा दिलाने में कामयाब हुई। इस दौरान पूर्व प्रधान पुत्र दिलीप सिंह, वर्तमान प्रधान राय साहब गौतम समेत पुलिस व राजस्व विभाग के लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह कई बार आए थे काशी

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दीक्षांत व गंगा आरती में हुए थे शामिल



**पुरानी यादें**

### सात मार्च 2006 को हुए ब्लास्ट के अगले दिन आए थे

वाराणसी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अब इस दुनिया में नहीं है। उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपने कार्यकाल के दौरान कई बार काशी आए और यहां के कार्यक्रमों में भाग लिया। सात मार्च 2006 को कैंट रेलवे स्टेशन एवं संकटमोचन मंदिर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के अगले दिन वे काशी पहुंचे थे और घटनाक्रम की जानकारी लिए थे। मनमोहन सिंह बेहद ही सादगी भरा जीवन जीते थे। कांग्रेसजनों का कहना है कि मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहते हुए भी बेहद सादगी के साथ कहीं भी पहुंच जाते थे। सात मार्च 2006 को वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन और संकटमोचन मंदिर में सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। इसके अगले ही दिन आठ मार्च की सुबह प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ वाराणसी स्टेशन पहुंचे थे। यहां पर निरीक्षण करने के बाद तत्काल इस मामले की जांच हाई लेवल पर करवाने का आदेश देकर रवाना हुए थे। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह दो दिनी दौरे पर 14 मार्च 2008 को वाराणसी पहुंचे थे। तब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के 90वें दीक्षा समारोह में भाग लिया था। दीक्षांत समारोह के दौरान ही उनको मानद उपाधि मिली थी। इसके पहले उन्होंने काशी की सुप्रसिद्ध गंगा आरती में शिरकत करने के साथ ही विश्वनाथ मंदिर में पत्नी के साथ दर्शन-पूजन भी किया था। गंगा आरती के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जल पुलिस थाने से ही मां गंगा को नमन किए थे। इसके अलावा मनमोहन सिंह ने स्थानीय बुनकरों और मुस्लिम धर्म गुरुओं से भी मुलाकात की थी। बुनकरों ने अपनी वर्तमान स्थिति में सुधार के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ व अन्य मदद के लिए पत्र भी प्रधानमंत्री को सौंपा था।

### पूर्व पीएम के निधन पर समाजवादियों ने जताया शोक

वाराणसी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से हर कोई स्तब्ध है। समाजवादी पार्टी के लोगों ने भी पूर्व पीएम के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देश हित में उनकी भरपाई होना असंभव है। समाजवादी पार्टी के महानगर महासचिव योगेंद्र यादव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के रूप में देश ने एक कुशल राजनेता के साथ ही साथ महान अर्थशास्त्री खो दिया है। देश उनके आर्थिक सुधारों को कभी नहीं भूल पाएगी। उनके कमी की भरपाई निकट भविष्य में सम्भव नहीं है। सपा के जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दो बार प्रधानमंत्री रहे और 1991 के ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के निर्माता डॉ. मनमोहन सिंह अपने कनिष्ठ सहयोगियों को काफी प्रोत्साहित करते थे। देश की अर्थव्यवस्था सुधार में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसके लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। एक महान अर्थशास्त्री, कुशल राजनेता और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है।

### बीएचयू से डॉ. मनमोहन सिंह को मिली थी मानद उपाधि

बीएचयू के 90वें दीक्षांत समारोह में 15 मार्च 2008 को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई थी। इस समारोह में उनके साथ उनकी पत्नी गुरशरन कौर भी मौजूद रहीं। बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शामिल होने आए डॉ. मनमोहन सिंह एक दिन पहले 14 मार्च को ही काशी आ गए थे। बीएचयू का 90वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर के एंफीथियेटर मैदान में 15 मार्च 2008 को मनाया गया था। समारोह में विश्वविद्यालय के तत्कालीन चांसलर महाराजा कर्ण सिंह और कुलपति प्रो. पंजाब सिंह भी मंच पर उनके साथ बैठे थे। मुख्य समारोह के एक दिन पहले काशी आगमन पर बतौर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जोरदार स्वागत हुआ था। डॉ. मनमोहन सिंह ने समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की परंपरा को महामना का विजन बताया था। कहा था कि बीएचयू ऐसा विश्वविद्यालय है, जहां एक ही परिसर में सारे विषयों की पढ़ाई होती है।

परख सच की जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी की उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवायें

उपकार हॉस्पिटल
टाटा कैंसर मुम्बई एवं एम्स न्यू दिल्ली के अनुभवी कैंसर सर्जन
पूर्वांचल के एकमात्र लैप्रोस्कोपिक आंको सर्जन
डॉ. स्वप्निल पटेल
एम.एस. (सर्जरी) एम्स दिल्ली (गोल्ड मेडलिस्ट)
एम.सी.एच. (आंको सर्जरी) टाटा कैंसर हॉस्पिटल, मुम्बई
पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, महामना कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर का सम्पूर्ण ईलाज
मुख कैंसर, स्तन कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, लिवर कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, पित्ताशय कैंसर, आंत कैंसर, गले का कैंसर
बी.एच.यू. रोड सुन्दरपुर, वाराणसी 8787075907

स्वामी हरशंकरानन्द जी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
ओ0 पी0 डी0 मात्र 20 रुपये में
स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा सुविधा
श्वांस एवं टी.बी. रोग विभाग • आर्थोपेडिक सर्जरी (हड्डी रोग विभाग) • दंत रोग विभाग • आँख रोग विभाग • जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, कैंसर विभाग • ई.एन.टी. (नाक, कान, गला रोग) विभाग • यूरोलॉजी विभाग • न्यूरो सर्जरी विभाग • त्वचा रोग विभाग • गाइनीकोलॉजिकल सर्जरी (स्त्री रोग विभाग) • फिजियोथैरेपी विभाग
अत्याधुनिक आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू. एवं डायलिसिस की आधुनिकतम व्यवस्था उपलब्ध
24/7 पैथोलॉजी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
एन. 8/237, नेवादा, बी.एच.यू., डी.एल.डब्ल्यू रोड, सुन्दरपुर, वाराणसी Ph: 8090010892

# बिना चीर फाड़ 65 साल के बुजुर्ग की हुई हार्ट सर्जरी



## बुजुर्ग को मिला नया जीवन

इस क्षति के परिणामस्वरूप सेप्टम नेक्रोसिस हो सकता है और सेप्टम में बाद में छेद हो सकता है। वीएसआर के रोगी अक्सर गंभीर रूप से बीमार होते हैं, जिससे कई गंभीर चुनौतियां सामने आती हैं। समय पर हस्तक्षेप के बिना, इस स्थिति में मृत्यु दर बहुत अधिक होती है। परंपरागत रूप से, सर्जिकल तरीके से छिद्र को बंद करना उपचार था, लेकिन यह काफी जोखिम के साथ था। डॉ. विकास अग्रवाल ने पोस्ट-एमआई वीएसआर क्लोजर की तकनीकी कठिनाइयों को रेखांकित किया। खासकर बुजुर्ग रोगियों में। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैथ लैब की तकनीकों में प्रगति अब इन बीमारियों को कम से कम खतरे एवं बिना चीरफाड़ के साथ ठीक करना संभव बनाती है। सीटीवीएस के विभागाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ लखोटिया ने कहा कि पहले इस तरह के रोगियों में ओपन हार्ट सर्जरी करनी पड़ती थी, जिसमें खतरा बहुत ज्यादा रहता था।

जनसंदेश न्यूज

**उपलब्धि**

### आईएमएस बीएचयू के डॉक्टरों ने किया कमाल जोखिम भरा था ऑपरेशन, विशेषज्ञ चिकित्सकों की इस मेहनत से बुजुर्ग को मिला नया जीवन दान

**वाराणसी।** आईएमएस बीएचयू के कार्डियोलॉजी विभाग के कुशल डॉक्टरों प्रो. विकास अग्रवाल, डा. प्रतिभा राय, डा. सृष्टि और डा. अर्जुन की टीम के नेतृत्व में एक 65 वर्षीय पुरुष के जटिल वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट (वीएसडी) डिवाइस क्लोजर को सफलतापूर्वक किया गया, जो मायोकार्डियल इंफार्क्शन (एमआई) से उबर रहा था, जिसे आमतौर पर हार्ट अटैक कहा जाता है। यह मामला इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वीएसडी डिवाइस क्लोजर के अलावा, रोगी को उसकी अवरुद्ध कोरोनरी धमनियों के लिए एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया भी प्राप्त हुई। पहले फॉलोअप के समय रोगी अब अपनी नियमित गतिविधियों में वापस आ गया है। वेंट्रिकुलर सेप्टम में छेद होना (वीएसआर) मायोकार्डियल इंफार्क्शन (एएमआई) की एक दुर्लभ लेकिन जीवन-संकट में डालने वाला कांप्लिकेशन है। वेंट्रिकुलर सेप्टम, दाएं हृदय (कम ऑक्सीजन रक्त ले जाने वाला) को बाएं हृदय (ऑक्सीजन युक्त रक्त ले जाने वाला) से अलग करने वाली संरचना है, यदि इसकी रक्त आपूर्ति प्रभावित होती है, तब उसमें नेक्रोसिस के पश्चात रप्चर हो सकता है।

# अब पीएम नरेंद्र मोदी देंगे बच्चों को टिप्स

**तैयारी**

### परीक्षा पर चर्चा के लिए पोर्टल पर छात्र-छात्राएं करें आवेदन, जानें तरीका

**वाराणसी।** परीक्षा के समय बच्चों पर पड़ने वाले मानसिक दबाव को कम करने व परीक्षा की तैयारी के आकलन के लिए भारत सरकार की ओर से पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ बच्चों को प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। शिक्षा मंत्रालय की ओर से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के लिए एक पोर्टल लांच किया गया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिए इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। परीक्षा पे चर्चा 2025 का यह आठवां संस्करण होगा। पोर्टल पर कक्षा छह से इंटर तक के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक व अभिभावक भी रजिस्ट्रेन प्रक्रिया पूर्ण कर आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्थित टाउनहॉल में होगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोर्ड परीक्षा से पहले बच्चों से बात करेंगे और उन्हें टिप्स देंगे। ताकि परीक्षा के समय छात्र-छात्राओं की परेशानी दूर हो सके। बच्चे प्रधानमंत्री मोदी से सीधे सवाल भी पूछ सकते हैं।

#### ऐसे करें पंजीकरण

पोर्टल पर अपना ब्योरा दर्ज करना होगा। पोर्टल के माध्यम से ही पांच प्रश्न पूछे जाएंगे, चार विकल्प दिए जाएंगे। सही उत्तर का चयन करने के बाद इसे सबमिट करना होगा। हिस्सेदारी करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। क्रियान्वयन के लिए माध्यमिक विद्यालयों को पत्र भेज दिया गया है। पोर्टल 14 जनवरी 2025 तक खुला रहेगा।

> परीक्षा पर चर्चा के लिए सभी विद्यालय को पत्र जारी कर दिया गया है। 14 जनवरी तक आवेदन किया जा सकता है।
>
> अवध किशोर, जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी।

## संक्षेप

### मृतक के घर पहुंच सांसद वीरेंद्र सिंह ने बंधाया ढांढस



**चौबेपुर।** सड़क दुर्घटना में मृत कोदोपुर निवासी नत्थू राजभर के घर शुक्रवार को चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह पहुंचे और शोक संतृप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। साथ ही हरसंभव आर्थिक मदद का भरोसा दिया। उन्होंने सरकार से मृतक मजदूर के परिवार को 10 लाख के मुआवजे की मांग की, ताकि मृतक मजदूर के बूढ़े माता-पिता, बच्चों और पत्नी का भरण पोषण और दो बेटियों की शादी हो सके। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों पर कोई कार्रवाई न करे। इस मामले को सहानुभूतिपूर्वक देखें। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ के अलावा कई कार्यकर्ता थे।

### डीपीआरओ ने की हैंडपंप रिबोर की जांच



**चिरईगांव।** उच्च न्यायालय के निर्देश पर स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत तोफापुर में हैण्डपम्प रिबोर व स्ट्रीट लाइट में वित्तीय अनियमितता की जांच शुक्रवार को डीपीआरओ उदयराज यादव ने की। उन्होंने बताया कि गांव के ही रामजीत यादव ने वित्तीय अनियमितता की जांच के लिए उच्च न्यायालय में पीआईएल दाखिल किया गया था। कोर्ट के आदेश पर ही 24 हैण्डपम्प रिबोर, 20 हैण्डपम्प मरम्मत और स्ट्रीट लाइटों की जांच करनी है। शुक्रवार को 15 हैण्डपम्प रिबोर और 10 स्ट्रीट लाइट को देखा गया है। शेष की जांच जल्द की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी तोफापुर में वित्तीय अनियमितता की तीन बार जांच हो चुकी है। जांच के समय प्रभारी एडीओ पंचायत सुजीत कुमार यादव, शिकायतकर्ता रामजीत यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव उपस्थित थे। लेकिन ग्राम पंचायत सचिव नहीं दिखी।

### बीएचयू में पुष्प प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण स्थगित

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी के पुरस्कार वितरण समारोह को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन के कारण आयोजन समिति को यह निर्णय लेना पड़ा। उद्यान विशेषज्ञ इकाई के आचार्य प्रभारी सरफराज आलम ने बताया कि पुरस्कार वितरण की अगली तिथि की जानकारी जल्द ही प्रतिभागियों को दी जाएगी। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे अपना मोबाइल नंबर मालवीय भवन में स्थित उद्यान विशेषज्ञ इकाई के कार्यालय में अवश्य दर्ज करा दें।

### पूर्व पीएम मनमोहन को व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि



**पिंडरा।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर व्यापार मंडल फूलपुर के पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं ग्रामवासियों ने चौरा माता मंदिर प्रागंण में शुक्रवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, मुन्ना चौरसिया, भानू सेठ, मल्लू विश्वकर्मा, सोनू सेठ, विक्की, राजकुमार गुप्ता, राजू राहुल, जेपी, कमलेश ओमन, पंकज, पूर्व प्रधान बबलू मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### बाबा श्मशान मंदिर में सीवर की समस्या

**वाराणसी।** काशी के प्रमुख स्थान मणिकर्णिका घाट पर सीवर का पानी कई दिनों से बहने पर श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। इसको लेकर वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने नगर आयुक्त को फोन कर श्रद्धालुओं को हो रही कठिनाई से अवगत कराया। उन्होंने नगर आयुक्त को अवगत कराते हुए बताया कि मणिकर्णिका घाट पर कई दिनों से सीवर का पानी मंदिर मे प्रवेश हो रहा है, जिसके कारण आमजन त्रस्त है और श्रद्धालुओं को सीवर के पानी से होकर पूजन में शामिल होना पड रहा है। नगर आयुक्त ने इस मामले की शिकायत को गंभीरतापूर्वक से लिया और आश्वस्त किया कि शुक्रवार को ही अधिनस्थ अधिकारीयों और कर्मचाररियों को भेजकर यथाशीघ्र समस्या का निस्तारण करा लिया जाएगा।

### मनमोहन सिंह के निधन पर कार्यक्रम स्थगित

**वाराणसी।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर घोषित राजकीय शोक के दृष्टिगत 28 दिसम्बर 2024 को छावनी परिषद वाराणसी एवं दीपिका कल्चरल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित साप्ताहिक आयोजन वरुणा संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी दीपिका कल्चरल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने दी है। वाराणसी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन पर किशन जायसवाल प्रमुख व्यापारी समाजसेवी ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि वह अपने दूरदर्शी नेतृत्व और ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। उनके योगदान को यह देश सदैव स्मरण करेगा।

# चार कॉलेजों में चलेंगे 14 नए डिग्री डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स

**पहल**

### काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एकेडमिक काउंसिल ने संबद्ध महाविद्यालयों में संचालन के लिए लगाई मुहर



**वाराणसी।** बीएचयू से जुड़े चार कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए बड़ी खबर है। कॉलेजों में डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स चलाए जाएंगे। विश्वविद्यालय में हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में नए कोर्स चलाने पर मुहर लगी है। नए सत्र से कॉलेजों में नए कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान संस्थान के महामना सभागार में हुई बैठक में बीएचयू से जुड़े अधिकारियों के साथ ही कॉलेजों के प्राचार्य सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। चार घंटे की बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों की ओर से डिग्री, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स चलाने का प्रस्ताव भेजा गया था।

चर्चा के बाद एकेडमिक काउंसिल ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। इसमें कुछ कोर्स डिग्री कोर्स हैं तो भाषा से जुड़े डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी शामिल हैं। इनके शुरू होने से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को दाखिले का अवसर मिलेगा। डीएवी पीजी कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल ने बताया कि कालेज को कॉनफ्लिक्ट मैनेजमेंट के साथ ही डिप्लोमा कोर्स इन जर्मन और सर्टिफिकेट कोर्स इन जर्मन, डिप्लोमा इन फ्रेंच कोर्स के संचालन की मंजूरी मिली है। वसंत कन्या महाविद्यालय कमच्छा की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि बीकॉम, बीएफए के साथ ही यूजी डिप्लोमा इन फ्रेंच, जर्मन पर मुहर लगी है। पाठ्यक्रमों में नए सत्र से दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी।

# पांच सहायक अभियंताओं का कार्यक्षेत्र बदला

**वाराणसी।** वीडीए के पांच सहायक अभियंताओं का शुक्रवार को कार्यक्षेत्र बदला दिया गया है। विभाग के कार्यों को समयबद्ध सम्पादन कराने, सुचारु रूप से संचालन किए जाने और अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण करने के उद्देश्य तथा समय-समय पर शासन द्वारा प्रदत्त आदेशों के अनुपालन में सहायक अभियंताओं के कार्य क्षेत्रों में परिवर्तन कर दिया गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर सहायक अभियंता संजीव कुमार की नवीन तैनाती बतौर जोनल अधिकारी वार्ड-नगवां एवं भेलूपुर में किया गया है। प्रकाश कुमार को जोनल अधिकारी, सारनाथ, जैतपुरा एवं आदमपुर बनाया गया है। वहीं सिंह गौरव जय प्रकाश को जोनल अधिकारी, रामनगर एवं मुगलसराय (पं. दीन दयाल उपाध्याय) और सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा को जोनल अधिकारी, सिकरौल, शिवपुर एवं सहायक अभियंता (मानचित्र एवं नियोजन) जबकि प्रमोद कुमार तिवारी को निर्माण अनुभाग में नवीन तैनाती की गई है।

# डॉ. अंबेडकर के संविधान को बदलने का प्रयास कर रही भाजपा

**पीडीए चर्चा**

### समाजवादी पार्टी महानगर इकाई की तरफ से कई जगह आयोजन

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी महानगर इकाई की तरफ कैंट व उत्तरी विधानसभा में शुक्रवार को आयोजित पीडीए चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदलने का कुत्सित प्रयास कर रही है, लेकिन सपा के लोग संविधान रक्षा के साथ-साथ पीडीए को लामबंद कर इस सरकार के मंसूबे को ध्वस्त करने का काम करेंगे।

कैंट विधानसभा के सुंदरपुर सेक्टर/वार्ड में आयोजित पीडीए चर्चा में वक्ताओं ने कहा कि एक ओर जहां कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, तो दूसरी तरफ आम जनता जबर्दस्त महंगाई से त्रस्त है। अध्यक्षता विधानसभा अध्यख अखिलेश यादव ने की।

चर्चा में महानगर अध्यक्ष दिलीप डे, महानगर महासचिव योगेंद्र यादव, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, पूजा यादव, जाहिद नासिर, अनिल सिंह पटेल, इम्तियाज गामा, अवधेश कुशवाहा आदि ने भाग लिया। जबकि उत्तरी विधानसभा के अकथा सेक्टर में आयोजित पीडीए चर्चा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के संविधान में दिये गये अधिकारों की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार मुख्य समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए रोज-रोज नए हथकंडे अपना रही है। वक्ताओं ने इस सरकार के खिलाफ पीडीए को लामबंद करने का आह्वान किया।

अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष अजय चौधरी ने की। कार्यक्रम में हरीश नारायण सिंह, राहुल सिंह, हदय राजभर, सुजीत पांडे, विजय यादव, विनोद यादव, किशन सोनकर, संजय राजभर आदि ने विचार व्यक्त किये।

# ईश्वर देव मिश्र एकादश को चैंपियन का खिताब

**क्रिकेट**

### 37वीं कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट के फाइनल में विद्या भास्कर एकादश को किया पराजित




**वाराणसी।** ईश्वर देव मिश्र एकादश ने शुक्रवार को आनंद चंदोला खेल महोत्सव के तहत खेली जा रही 37वीं कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में विद्या भास्कर एकादश को 32 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब एवं जिला प्रशासन के बैनर तले सांसद सांस्कृतिक जागरूकता महोत्सव के तहत डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कांपलेक्स सिगरा में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में पहले खेलते हुए ईश्वर देव मिश्र एकादश ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 177 रन बनाए। सोनू ने 34 गेद पर छह चौके व एक छक्के की मदद से 52, अमित मिश्रा ने 17, अमित मिश्र द्वितीय ने 13, मैन आफ द मैच इरफान ने 30 गेंद पर सात चौके की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। विद्याभास्कर एकादश की तरफ से सुब्रतो मुखर्जी ने तीन, अभिषेक कुमार ने दो विकेट लिए।

जवाब में खेलने उतरी विद्या भास्कर एकादश की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 145 रन ही बना सकी। राहुल सिंह ने 30 गेंद पर 57 रन, अभिषेक कुमार ने 23 रन की पारी खेली। ईश्वरदेव मिश्र एकादश की तरफ से इरफान ने तीन, रवि सिंह, पुरूषोत्तम चतुर्वेदी, सोनू, अमित मिश्रा व शैलेश चौरसिया ने एक-एक विकेट लिया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार इरफान खान को, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज दीनबंधु राय को, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विनय शंकर सिंह को मिला। मैंन आफ द मैच का पुरस्कार अमित मिश्रा, दीनबंधु राय, सोनू कुमार, संदीप शुक्ला, विनय शंकर सिंह, इरफान खान को मिला।

सोनू कुमार को फइनल में हाफ सेंचुरी लगाने के लिए विशेष पुरस्कार भी दिया गया। इससे पहले वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्र ने सीडीओ का स्वागत किया। मंत्री विनय शंकर सिंह और कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न प्रदान किया।

संचालन संयोजक कृष्ण बहादुर रावत ने किया। सह संयोजक रोहित चतुर्वेदी व पंकज त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मौके पर काशी पत्रकार के अध्यक्ष डा. अत्रि भारद्वाज, महामंत्री अखिलेश मिश्र, पूर्व अध्यक्ष विकास पाठक, केडीएन राय, योगेश कुमार गुप्त, सुभाष चन्द्र सिंह, बीबी यादव, जितेंद्र श्रीवास्तव, ज्ञानसिंह रौतेला, उमेश गुप्ता, सुनील शुक्ला, अजय कृष्ण चतुर्वेदी, संजय मिश्रा, विमलेश चतुर्वेदी आदि सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# बालिका कुश्ती में बनारस मंडल ने जीते छह पदक



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश खेल विभाग व यूपी कुश्ती संघ के समन्वय से जूनियर बालिका राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक मऊ में किया गया। शुक्रवार को संपन्न हुई प्रतियोगिता में बनारस मंडल की कुश्ती टीम ने प्रतिभाग करते हुए एक गोल्ड, दो सिल्वर व तीन ब्रांज सहित कुल छह पदक प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में बालिका फ्रीस्टाइल जूनियर के 50 किलो वर्ग में रेशमा यादव को गोल्ड मेडल, 53 किलो भार वर्ग में करिश्मा त्रिपाठी को ब्रांज मेडल, 55 किलो भार वर्ग में अंशिका यादव को सिल्वर मेडल, 62 किलो भार वर्ग में खुशबू कुमारी को सिल्वर मेडल, 65 किलो भार वर्ग में अनु पाल को ब्रांज मेडल, 72 किलो भार वर्ग में प्रीति यादव को ब्रांज मेडल, 76 किलो भार वर्ग में निवास लक्ष्मी यादव को ब्रांज मेडल मिला है।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय, कुश्ती प्रशिक्षक राम सजन यादव, रविंद्र यादव, राम आशीष यादव, अशोक कुमार, प्रेमचंद यादव आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**शोक**

### जिला व महानगर कांग्रेस की ओर से मैदागिन स्थित कार्यालय में शोक सभा कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को किया याद





**वाराणसी।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को मैदागिन स्थित पार्टी कार्यालय में जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से सभा का आयोजन कर महान शख्सियत डा. मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि कर असरदार सरदार को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

वक्ताओं ने एक स्वर में कहा की भारतीय राजनीति ही नहीं बल्कि विश्वस्तरीय राजनीति में मनमोहन सिंह की रिक्तता की भरपाई नहीं हो सकती। कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की गई। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि पूर्व पीएम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व आरबीआई गवर्नर व अपनी प्रतिभा से अनेक पदों पर रहकर देश की सेवा करने वाले देश के सच्चे सपूत पूर्व पीएम का निधन देश के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। डा. साहब सरल, सौम्य व ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे। भारत के आर्थिक विकास, अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता एवं दुनिया में भारत को आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने में मनमोहन सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। कहा कि हम सभी भारतीयों के दिलों में आपकी स्मृति सदैव जीवंत रहेगी।

जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री एवं नीतिज्ञ राजनेता डा. मनमोहन सिंह का निधन अत्यंत दुखद है। उनके परिवार के प्रति हम कांग्रेसजनों की गहरी संवेदना है। उनका निधन भारतीय राजनीति एवं कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। डा. साहब सियासत में सादगी, सच्चाई, सेवाभावना और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति व परिवारजनों को संबल प्रदान करें। सभा में प्रजानाथ शर्मा, गुलशन अली, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह, देवेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सेठ, अशोक सिंह, विनोद सिंह, अनुभव राय, संतोष मौर्य, राकेश चन्द्र शर्मा, राकेश समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कभी भुलाया नहीं जा सकता मनमोहन सिंह को

**रामनगर।** महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सतनाम सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जब देश गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था तो महान अर्थशास्त्री आर्थिक सुधारो उदारीकरण के नायक डा. मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व पटल पर लाकर भारत की पहचान मजबूत की। उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका निधन देश की अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

### पूर्व पीएम ने गरीबों व मजदूरों के जीवन को दी संजीवनी

**वाराणसी।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने अपने एक दशक के कार्यकाल में देश को कई ऐसी सौगातें दीं, जो इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में अंकित है। इसमें आर्थिक उदारीकरण करते हुए देश को विश्व में व्याप्त आर्थिक मंदी से बचाने और आम आदमी को सूचना का अधिकार जैसा कानूनी हथियार देने के साथ ही उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में मनरेगा जैसी योजना भी दी, जिसने देश के गरीबों और मजदूरों के जीवन को संजीवनी प्रदान की। यह बातें शुक्रवार को पं. कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन की ओर से इंग्लिशिया लाइन स्थित कार्यालय में पूर्व पीएम डा. मनमोहन सिंह के निधन के शोक में हुई सभा में वक्ताओं ने कही। वक्ताओं ने कहा कि इसके अलावा उन्होंने खाद्य का अधिकार और स्वास्थ्य का अधिकार जैसी सौगात देकर लोगों के जीवन को एक नया संबल प्रदान किया था। उनके 10 साल के शासनकाल में भारत ने विश्व मंच पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी थी। फाउंडेशन की ओर से उनके निधन पर अपनी सादर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व एमएलसी राजेश पति त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता विजय शंकर पांडेय, बैजनाथ सिंह, राधेश्याम सिंह, भूपेंद्र प्रताप नारायण सिंह, राधेलाल एडवोकेट, मनोज चौबे, आनंद मिश्रा समेत अन्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

> पं. कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन की ओर से पूर्व पीएम डा. मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

### एनयूएसआई की ओर से डॉ. मनमोहन को श्रद्धांजलि




महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की एनयूएसआई इकाई को ओर से प्रख्यात अर्थशास्त्री, देश में आर्थिक सुधारों के नायक, पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। इकाई अध्यक्ष गौतम शर्मा ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह का निधन पूरे देश के लिए दुःख कि घड़ी है। यह सिर्फ उनका निधन नहीं, बल्कि राजनीति के एक युग का अंत है, जिससे सभी शोकाकुल हैं। इस दौरान हिमांशु, प्रदीप, जतिन, सुशील, रूमान, शशांक, प्रदीप, प्रिंस, दिव्यांश स्वयं, राहुल एवं दर्जनों छात्र शामिल थे।

### देश ने खो दिया एक महान नेता व अर्थशास्त्री को

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रो. शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह जी के निधन से देश ने एक महान नेता और अर्थशास्त्री को खो दिया है। उनकी सेवाओं और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। कुलसचिव राकेश कुमार, प्रो रामपूजन पांडेय, प्रो जितेन्द्र कुमार, प्रो अमित कुमार शुक्ल आदि ने भी शोक प्रकट किया और मनमोहन सिंह के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान



मऊ। उपखंड अधिकारी प्रथम के नेतृत्व में शुक्रवार को ओल्ड पावर हाउस के अंतर्गत बास की मस्जिद/कासिमपुर व सोनिया बाड़ा में विजिलेंस टीम व पुलिस प्रशासन के साथ मॉर्निंग रेड की गई।

मॉर्निंग रेड में उपखंड अधिकारी प्रथम, विजिलेंसटीम व उपखंड के समस्त अवर अभियंता सम्मिलित थे। उक्त विद्युत चेकिंग में 34 परिसर चेक किया गया जिसमें 10 बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया एवं 12 लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया गया एवं बड़े परिसर पर भार वृद्धि के की कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई में फैजुल हसन, आमिर फजल, असलम, शादाब अनवर, वकील अहमद, अली नवाज, लियाकत अली, महताब आलम शाहनवाज सरोवर व फैजल रहमान के विरुद्ध विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया गया।

**कार्रवाई**

**12 लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज**

## यातायात पुलिस ने 185 वाहनों का किया चालान, नियमों के प्रति किया जागरूक



**दोहरीघाट, मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देश में टीआई श्याम शंकर पांडे और उपनिरीक्षक यातायात केदारनाथ भारती के नेतृत्व में दोहरीघाट पुलिस बूथ, गोठा बाईपास और नई बाजार क्षेत्र में यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 185 वाहनों का चालान काटा गया। टीम ने अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया, ट्रैक्टर और स्कूल बसों की गहन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट न लगाने, ट्रिपल सवारी और ओवरलोडिंग जैसे उल्लंघनों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और उनकी सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। चेकिंग के दौरान बाइक पर तीन सवारी बैठाने वाले युवाओं को रोका गया और उनकी आईडी चेक की गई। साथ ही उन्हें सीमित स्पीड में वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। टीआई श्याम शंकर पांडे ने बताया कि इस अभियान के दौरान ट्रिपल सवारी, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, नाबालिग ड्राइविंग और प्रदूषण जैसे विभिन्न उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हेड कांस्टेबल सौरभ सिंह कांस्टेबल उमाकांत मौर्य सहित अन्य यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले में रोजगार पाकर खिले युवाओं के चेहरे

**मऊ।** प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई ने बताया कि आज राजकीय आईटीआई सहादतपुरा मऊ में अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कम्पनी लेन्सकार्ट सोल्युशन प्रा०लि०, एनवीटी टेक्नोलाजी लि०, अरिहंत स्पिनिगं मिल्स मलेरकोटला पंजाब, हिंडालको प्रा०लि० रेनुकोट सोनभद्र द्वारा प्रतिभाग किया गया। अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले आईटीआई पास 352 लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 228 लाभार्थियों का चयन कर रोजगार से जोड़ा गया। प्रधानाचार्य अरूण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रत्येक माह रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों को रोजगार से जोड़ा जा सकें। आयोजित रोजगार मेले में सुबाष सिंह यादव, अजय आर्या, कार्यदेशक योगेन्द्र यादव, रोजगार प्रभारी शारदानन्द राय, राजेश कुमार सिंह, कुशाग्र, जितेन्द्र, राम प्रताप मल्ल हवीबुर्र, रहमान, सतीश चन्द्र, चन्द्र प्रकाश, रमेश यादव, गंगेश्वर, सतेन्द्र , विनोद, अभिषेक, आदित्य, सरीता अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि के पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा षुक्रवार को देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर भदेसरा से हाइवे के पास से जिलाबदर अपराधी चन्दन साहनी पुत्र भानु साहनी निवासी मुहल्ला भदेसरा थाना दक्षिणटोला मऊ को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 189/24 धारा 10 उ.प्र. गुण्डा अधिनियम 1970 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को चालान न्यायालय किया गया।

### क्षेत्राधिकारी नगर ने महिला थाने का किया निरीक्षण

**मऊ।** क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय द्वारा षुक्रवार को महिला थाना जनपद मऊ का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, आदि का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को ससमय अभिलेखित करने त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान भ्रमण कर महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह, बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया तथा सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी से प्रार्थना पत्रों को गम्भीरतपूर्वक सुनने तथा निस्तारण के बाद नियमित फीडबैक लेने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही साथ थाना परिसर में भ्रमण कर साफ-सफाई इत्यादि का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई उच्च स्तर का बनाये रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### धोखाधड़ी कर निकाले गये 87,000 रुपये पीड़ित के खाते में कराया गया वापस

**बलिया।** थाना दोकटी के मु0अ0सं0-92/2023 धारा-66(डी) आई.टी. एक्ट के वादी मुकदमा राकेश कुमार यादव पुत्र प्रेम सागर यादव निवासी लच्छू टोला पोस्ट सेमरिया थाना दोकटी बलिया के भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 11 अप्रैल 2023 को कुल 87,000 रुपए धोखाधड़ी कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्थानान्तरण का लिया गया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह व नोडल साइबर क्राइम थाना बलिया के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम बलिया द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान में लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी, जिसके फलस्वरूप 27 दिसम्बर 2024 को शिकायतकर्ता राकेश यादव के भारतीय स्टेट बैंक खाते में न्यायालय आदेश के क्रम में धोखाधड़ी की सम्पूर्ण धनराशि कुल-87000 रूपय को वापस करा दिया गया है। शिकायतकर्ता राकेश यादव द्वारा बलिया पुलिस तथा थाना साइबर क्राइम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। थाना साइबर क्राइम टीम में निरीक्षक नदीम अहमद फरीदी प्रभारी थाना साइबर क्राइम बलिया, निरीक्षक अशोक दत्त त्रिपाठी अपराध निरीक्षक थाना बैरिया, मु0 आ0 मो0 जफर थाना साइबर क्राइम बलिया, आरक्षी अमरनाथ मिश्र साइबर सेल बलिया, आरक्षी अमर बहादुर यादव थाना साइबर क्राइम बलिया, आरक्षी कुलदीप दूबे थाना साइबर क्राइम बलिया, आरक्षी शनि कुमार थाना साइबर क्राइम बलिया, म0 आरक्षी काजल शुक्ला साइबर सेल बलिया, म0 आरक्षी प्रिया जायसवाल थाना साइबर क्राइम बलिया शामिल रहे।

### फाइनल मुकाबले में सिवान एफसी ने खिताब पर जमाया कब्जा

**मनियर (बलिया)।** इंटर कॉलेज में चल रहे मनियर चैलेंज कप 2024 के फाइनल मुकाबले में सिवान एफसी ने पटना एफसी को 2-1 से हराकर खिताब पर अपना कब्जा जमा लिया। बृहस्पतिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव ने फाइनल मैच का शुभारंभ किया। इस मौके पर बांसडीह विधायक प्रतिनिधि शांत स्वरूप सिंह 'गुड्डू' व कुंवर विजय सिंह उपस्थित रहे।

### भक्त की विरह वेदना से प्रकट होते हैं भगवान

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** चारुशिला मन्दिर अयोध्या से राजसूय महायज्ञ में पधारे श्री रामानुजाचार्य सम्प्रदाय के जगद्गुरु श्री वल्लभाचार्य जी महाराज ने कहा कि नागेश्वर महादेव अयोध्या में भी है और यहाँ भी। यज्ञ से प्रजा की सृष्टि और पालन भी होता है। महाराज दशरथ ने भी यज्ञ किया था, फलतः अयोध्या में परब्रह्म परमात्मा का प्राकट्य हुआ। सन्त-सद्गुरु के माध्यम से मानव-जीवन के सारे क्लेश समाप्त हो जाते हैं। दशरथ जी को पुत्राभाव का क्लेश था किन्तु गुरु कृपा से उनके चार पुत्र हुए। जगत के कल्याण के लिए सन्त को जितनी चिन्ता है, उतनी चिन्ता अन्य किसी को नहीं। जब किसी जीव का उध्दार करना होगा तब सन्त ही भगवान को आदेश देंगे। माँ को भावी शिशु के चिन्तन में नौ माह बीतते हैं वैसे ही भक्त को वेदना होती है तो भगवान प्रकट होते हैं। सन्त-भगवन्त जिस घर जाते है वह घर नहीं बल्कि मन्दिर बन जाता है। किलकारी भरते घुटनों के बल चलते सुन्दर श्याम वर्ण विशिष्ट बालक राम के चुम्बन योग्य कोमल कपोल तथा कुंञ्चित केश किसका मन नहीं मोह लेते, अयोध्या से ही यास्थल डूहाँ पधारे अजीत जी महाराज ने कहा कि जहाँ सरयू जी है वहीं अयोध्या है। रामकथा सुनी नहीं जाती, गायी जाती है- यह चरित जे जावहिं हरि पद पावहि-। उन्होंने बागी बलिया और भारत की महिमा गाते हुए कहा कि सच्चा प्रेम शैतान को इन्सान बना देता है।

### चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा शाखा का द्विवार्षिक अधिवेश सम्पन्न

**बलिया।** उ. प्र. राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें शाखा बलिया का 27 दिसम्बर 2024 को द्विवार्षिक अधिवेश सम्पन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चुनाव, नोडल अधिकारी डा. योगेन्द्र दास एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विजय यादव को नामित कियाह गया था, जिनके देख-रेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव में निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार विसेन, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव उपाध्यक्ष सुरेश्वर पाठक, मंत्री धनलाल पासवान, संयुक्त मंत्री सलमान खां, संगठन मंत्री अजीत पाण्डेय, कोषाध्यक्ष संजय गिरि, मिडिया प्रभार सोनू कुमार, आडिटर विनोद राव को चुनाव परिवेक्षक राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय न पद एवं गोपनीयता का शपथ सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाया। कार्यक्र में मुख्य रूप से सत्या सिंह, विनोद मिश्रा, देव प्रकाश, श्वेता, रमेश, वाई.डी., मुन्ना बाबू एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्र का संचालन राजेश रावत ने किया।

## होटल और ढाबों पर पुलिस की छापेमारी काम करते मिले 10 नाबालिग बच्चे




**मऊ।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर कोतवाल अनिल सिंह सहित उनकी टीम ने मिठाई की दुकानों सहित ढाबा, रेस्टोरेंट और होटल में छापेमारी की है।

छापेमारी के दौरान ढाबा रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों पर नाबालिग बच्चे काम करते मिले हैं। वहीं शहर कोतवाल अनिल सिंह ने सभी बच्चों को उनके परिवार वालों को सुपुर्द कर हिदायत दिया है कि बच्चों का भविष्य खराब ना करें और अगर ऐसा दोबारा किया गया तो बच्चों के परिवार वालों पर कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दे कि जनपद में होटल ढाबा रेस्टोरेंट और दुकानों पर नाबालिग बच्चो से खुलेआम काम कराए जा रहे है जो कानूनन अपराध है।

इस मामले को गंभीरता लेते हुए शहर कोतवाल ने गुप्ता ढाबा, पटेल ढाबा, राजवती स्वीट्स, फाइन डाइन रेस्टोरेंट, राज होटल सहित कई मिठाई की दुकानों और होटल में छापेमारी कर इन बच्चों को मुक्त कर उनके परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल शहर कोतवाल की बड़ी कार्रवाई से शहर भर में हड़कंप मचा हुआ है।

# जुलाई से होगा राजकीय महाविद्यालय का संचालन

**तैयारी**

**मार्च तक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद**

**बैरिया।** कला, विज्ञान और वाणिज्य पढ़ने वाले छात्रों के लिए अच्छी खबर है। क्षेत्र के छात्रों को जल्द ही राजकीय महाविद्यालय की सौगात मिलने जा रही है। बैरिया के सोनबरसा में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण पूरा हो गया है। शासन ने इसे अगले सत्र से शुरू करने का निर्देश दिया है। महाविद्यालय के भवन का निर्माण साढ़े सात करोड़ की लागत से किया गया है। इसके बन जाने से ग्रामीण क्षेत्र के हजारों छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

बता दें कि यह जिले का दूसरा राजकीय महाविद्यालय होगा। इससे पहले नगवां में राजकीय महिला महाविद्यालय का संचालन हो रहा है। इस महाविद्यालय का संचालन अगले वर्ष जुलाई से किया जायेगा। इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। उल्लेखनीय है कि मार्च तक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूरा होने की उम्मीद है। निर्माण एजेंसी ने भवन हैंडओवर करने के लिए विभाग को पत्र भी लिखा है। भवन की जांच की जिम्मेदारी राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह को दी गई है। इन्होंने बताया कि भवन का निरीक्षण कर लिया गया है। भवन में फिनिशिंग और बिजली के कुछ काम बाकी हैं। फायर सिस्टम भी लगना है। साथ ही मुख्य परिसर में मिट्टी भराई का कार्य शेष है। इसके लिए निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया है।



राजकीय महाविद्यालय बैरिया

> राजकीय महाविद्यालय बैरिया का संचालन अगले शैक्षणिक सत्र जुलाई से किया जायेगा। शिक्षकों की नियुक्ति भी मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। भवन हैंडओवर करने की प्रक्रिया चल रही है।
>
> **ज्ञानप्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी**

नवीन राजकीय महाविद्यालय में छात्र कला, वाणिज्य और विज्ञान विषय में पढ़ाई के लिए दाखिला ले सकते हैं। इस संबंध में शासन ने पांच दिसंबर को विस्तृत शासनादेश जारी किया है। बता दें कि जिले के पूर्वी छोर पर स्थित यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विशेषकर छात्राओं को इससे ज्यादा सहूलियत मिलेगी।

## विजेताओं को दिया प्रमाण पत्र व मेडल

**दोकटी।** श्री शिवनंदन गिरि पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर में शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक अविनाश कुमार और मुख्य वक्ता प्रो. ज्योति ने शिक्षा, अनुशासन एवं सृजनात्मकता के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर गिरि ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके बहुमूल्य समय और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि अविनाश कुमार ने कहा कि शिक्षा और मेहनत जीवन में सफलता की कुंजी हैं। मुख्य वक्ता प्रो. ज्योति ने छात्रों को आत्मनिर्भर बनने और उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# वेतन भुगतान को लेकर शिक्षकों का धरना

**बलिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय परिसर में 12460 शिक्षकों के वेतन भुगतान की एक सूत्री मांग को लेकर धरना दिया गया। धरना के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की गयी कि 12460 अवशेष शिक्षकों का एक दिन का वेतन भुगतान लगभग 345 शिक्षकों के वेतन भुगतान का आदेश तत्काल नहीं निर्गत किया गया तो अन्यथा की दशा में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पटल सहायक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के खिलाफ और कड़ा आन्दोलन करने के लिए विवश होंगे। धरना सभा को सभी ब्लाक के अध्यक्ष और मंत्री गण तथा जिला कार्य समिति के पदाधिकारी गण ने सम्बोधित किया। सभा को जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, जिला मंत्री डॉ॰ राजेश पाण्डेय, अमरीश पाण्डेय, सुनील सिंह, ओम प्रकाश, विद्या सागर दुबे, ज्ञानेन्द्र, नीरज सिमह, अनिल पाण्डेय, सुशील कुमार, बलवन्त सिंह, तुषार कान्त राय, अजीत पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, शशिकान्त ओझा, जय प्रकाश, समजय दुबे, समरजीत बहादुर सिंह, सतीश वर्मा, उदय नारायण राम, अशोक यादव, सैफ्फुद्दिन, पारस चक्रवर्ती, आदित्य यादव, प्रवीण सिंह यादव, भूपेन्द्र नाथ मिश्र, अनिल यादव (12460), राधेश्याम सिंह, टुनटुन प्रसाद, अवधेश प्रसाद, अजय सिंह सभी ब्लाक के अध्यक्ष और मंत्री ने अपनी बात रखते हुए तत्काल वेतन भुगतान किए जाने की मांग रखी। स्वास्थ्य विभाग से दीलिप श्रीवास्तव ने अपनी बात रखी। धरना स्थल पर उपस्थित होकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह ने कहा कि 12460 शिक्षकों की समस्या का समाधान शीघ्र निकाल लिया जायेगा। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ आप अपने मान-सम्मान की जिम्मेदारी दे रखी है इसको सुरक्षित रखना मेरी जिम्मेदारी है। तीन दिन में वेतन नहीं मिला तो संगठन और कड़ा संघर्ष करने को विवश होगा। मेराज अली ने गीत के माध्यम से अपनी बात रखी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, सुशील त्रिपाठी, विनोद मिश्र आदि उपस्थित होकर धरना सभा को सम्बोधित और समर्थन किया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय मिश्र एंव संचालन बेरुआरबारी ब्लाक के अध्यक्ष जीतेन्द्र प्रताप सिंह और जिला मंत्री, डॉ॰ राजेश पाण्डेय ने संयुक्त रुप से किया।



## पूर्व पीएम को पुष्प अर्पित कर दी गयी श्रद्धांजलि

**रसड़ा (बलिया)।** पूर्व जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ राम के आवास पर शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह के शोक में उनके चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी यगी। वह 1991, 1992 और अन्य बजटों के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था के टेक्नोक्रेट ट्रांसफॉर्मर थे। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में देश को ग्रामीण रोजगार, आदिवासी अधिकार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीस के लिए आरक्षण, प्राथमिक शिक्षा, खाद्य सुरक्षा और भूमि अधिग्रहण से संबंधित क्रांतिकारी कानून मिले। भारत-अमेरिका परमाणु समझौता एक मील का पत्थर था जिसने भारत की वैश्विक साख को बढ़ाया। डॉ. मनमोहन सिंह ने हमारे इतिहास पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। .एक पूर्णता से भरे और बेहद प्रतिष्ठित जीवन का अंत हो गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवजी, मनजीत, विशाल, प्रदीप, आशुतोष, सुनील राम, इब्राहिम अंसारी, नवनीत, आदि उपस्थित रहे।

## दो गोवंश व वाहन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी रसड़ा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना भीमपुरा पुलिस को सफलता मिली। उल्लेखनीय है कि 27 दिसम्बर 2024 को थानाध्यक्ष मदन पटेल मय हमराह उ0 नि0 मुकेश यादव मय हमराह हे0 का0 राजेश पाण्डेय व हे0 का0 बृजेश सिंह के देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध, व्यक्ति वाहन के लोहटा नहर पुलिया पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे कि सिकरिया की तरफ से नहर रोड के रास्ते एक सफेद रंग का टाटा मेगा वाहन आता हुआ दिखायी दिया। ड्राईवर से गाड़ी बन्द कराकर वाहन से नीचे उतारकर पूछताछ करते हुए उक्त वाहन को चेक किया गया तो वाहन पीछे नीले रंग के प्लास्टिक के पॉलीथीन से ढका हुआ था। हमराहीयान की मदद से पॉलीथिन खोलकर देखा गया तो 02 राशि गोवंश (गाय) जिन्हें रस्सी से निर्दयता पूर्वक बांधा गया है। गोवंश को बंधन मुक्त किया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पुछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो अपना नाम सुरेन्द्र यादव पुत्र बृजा यादव निवासी कुशहा ब्राह्मण थाना भीमपुरा बलिया 49 वर्ष बताया। उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 मदन पटेल थानाध्यक्ष भीमपुरा बलिया, उ0 नि0 मुकेश यादव थाना भीमपुरा बलिया, हे0 का0 राजेश पाण्डेय थाना भीमपुरा बलिया, हे0 का0 बृजेश सिंह थाना भीमपुरा बलिया, चालक हे0 का0 बलराम पाल थाना भीमपुरा बलिया शामिल रहे।

## बलिया में ऐतिहासिक रही फोटोग्राफर प्रदर्शनी






**बलिया।** जौनपुर के बाद बलिया में लगी ऐतिहासिक फोटोग्राफर प्रदर्शनी चर्चाओं में रही। एक दिवसीय आयोजन जलालपुर स्थित एक मैरेज हाल में था। यहां दिल्ली, पंजाब, लखनऊ, गोरखपुर कानपुर, वाराणसी, आजमगढ़, मऊ, देवरिया सहित अन्य जनपदों से लगभग 35 होल सेलरों ने कैमरा एवं डिजिटल से जुड़े सामानों की दुकानें सजायी थी। सभी स्टालों से लगभग 35 लाख रुपये के सामान फोटोग्राफरों द्वारा खरीदे गये है। फोटो कार्यशाला भी हुई। इसमें वाराणसी, आजमगढ़ सहित अन्य जनपदों से मॉडल भी आयी थी। दर्शनी, साक्षी त्रिपाठी एवं आन्या सिंह माडल ने फोटो प्रदर्शनी में चार चांद लगा दिया। कार्यशाला में संजीव थल द्वारा मॉडल पोज फोटोग्राफी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छात्र शक्ति के रमेश सिंह भी पहुंचे थे। उन्होंने आयोजकों को सम्मानित किया और बधाई दी। कहा कि दूसरी बार यह प्रदर्शनी लगी है, जो ऐतिहासिक है। बलिया जैसे जिले में बड़े शहरों की तर्ज पर यह आयोजन बेहतर संदेश दे रहा है। दिन-रात मेहनत करके पूर्वांचल फोटोग्राफर एसोसिएशन एवं बलिया फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्वावधान में यह आयोजन सफलता की तरफ रहा। इसमें मनीष सिंह अपनी पूरी टीम के साथ जलवा बिखेरते रहे। जौनपुर से आये किशन जो एसोसिएशन के अध्यक्ष है, ने बलिया के फोटोग्राफरों का सम्मान बढ़ाया।

पीडब्लूएआई के सचिव सुनील सिंह धनबाद से आये थे। उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शनि वर्मा, अभिषेक सागर, सुमन, अभय पटेल, शमीउल्लाह शाह, टुना आदि मौजूद रहे।

# 163 केन्द्रों पर 1.26 लाख परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**यूपी बोर्ड**

**महज 11 राजकीय विद्यालयों को बनाया गया परीक्षा केन्द्र**

**पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं नहीं होने का दिया गया हवाला**

**बलिया।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा 12 फरवरी से शुरू हो रही है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जारी केन्द्रों की सूची में महज 11 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जबकि पहली सूची में 16 राजकीय विद्यालयों को केन्द्र बनाया गया था। राजकीय विद्यालयों की जगह 79 वित्तविहीन विद्यालयों को केन्द्र बनाया गया है। जीजीआईसी चितबड़ागांव एवं बसरिकापुर के अलावा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौबेछपरा, बड़सरी एवं सोनाडीह के नाम परीक्षा केन्द्रों की जारी सूची से गायब हो गये है। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की पहली सूची में 167 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। इनमें 16 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को केन्द्र बनाया गया था, जबकि जिले में 34 राजकीय विद्यालय संचालित है। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने अपनी ड्यूटी परीक्षा के दौरान डीआईओएस कार्यालय या फिर सचल दस्ते में करायी है। साथ ही विद्यालयों में केन्द्र बनाने के लिए पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं नहीं होने का हवाला दिया गया है। इस वजह से राजकीय विद्यालयों के नाम दूसरी सूची में गायब हो गये है। परीक्षा केन्द्रों की सूची में 79 वित्तविहीन विद्यालय, 73 एडेड एवं 11 राजकीय विद्यालय शामिल है। यहां लगभग 1.26 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिले में बीते वर्ष 177 केन्द्रों पर परीक्षा हुई थी। इस बार 163 केन्द्रों की सूची जारी की गई है।

इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि पहली सूची में शामिल पांच राजकीय विद्यालयों को संसाधनों का अभाव एवं मानकों को पूरा नहीं करने पर दूसरी सूची से बाहर कर दिया गया। इस बार जिले में 163 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इनमें 11 राजकीय विद्यालय, 73 एडेड एवं 79 वित्तविहीन विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## सनबीम स्कूल में युवराज व हनी का स्वागत



**बलिया।** दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 11वीं राष्ट्रमंडल कराटे चैंपियनशिप में खेलो इंडिया खेलो के अंतर्गत सनबीम स्कूल बलिया से शिक्षा प्राप्त किए हरपुर-मिड्ढी निवासी युवराज सिंह ने 21 आयु वर्ग के 67 किग्रा भार वर्ग में इंग्लैंड के मान्क ल्यूक को 0-4 से करारी शिकस्त देकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, कक्षा दसवीं के छात्र हनी सोनी ने अफ्रीका के एंजेल ब्रेक्स को पराजित करके कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। दक्षिण अफ्रीका से लौटने पर सनबीम स्कूल के दोनों विजेता खिलाड़ियों का नमन हाल में स्वागत किया गया। बच्चों की करतल ध्वनियों से समग्र विद्यालय परिसर गूंज उठा। इस उपलब्धि से समग्र विद्यालय परिवार खुशी से आह्लादित है। हनी सोनी दक्षिण अफ्रीका के बाद दिल्ली भी गए, जहां उन्होंने कराटे चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। साथ में अन्य खिलाड़ी करण सिंह व अमित वर्मा भी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर वाराणसी सनबीम हेड आफिस से निरीक्षण करने आई क्यूसीआर एंड डी टीम मौजूद थी। टीम के प्रमुख पीवी पाल सर ने विजेता खिलाड़ियों को माला पहनाकर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए इन दोनों खिलाड़ियों की भूरि-भूरि सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने संपूर्ण विद्यालय परिवार की तरफ से दोनों खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाइयां दी। विद्यालय के प्रशासक संतोष कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजन में सनबीम स्कूल के बच्चों का यह शानदार आगाज है। हमें और भी आगे जाना है। इस मौके पर ग्लोबल कोआर्डिनेटर सहर बानो, हेड मिस्ट्रेस नीतू पांडेय आदि मौजूद रहे।

## गोल्ड मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

**बलिया।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता अंडर 17 बालक-बालिका का आयोजन अयोध्या मे कुशलतापूर्वक संपन्न हुई। इसमें बलिया जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग के श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कालेज के गोलू कुमार यादव, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवकली के आकाश साहनी तथा एक खिलाड़ी आजमगढ़ का रहा। उत्तर प्रदेश के 18 मण्डलों में से आजमगढ़ मंडल के तीन खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की टीम को गोल्ड मेडल दिलाने में अपना अहम् योगदान दिए। इस प्रतियोगिता में हर्ष की बात यह रही कि महाराष्ट्र को खो-खो का गढ़ माना जाता है। क्योंकि खो-खो की उत्पति ही महाराष्ट्र से हुई है और उन्हीं को फाइनल मैच में हराकर हमारे बच्चे गोल्ड पर कब्जा जमाए। दोनों होनहार खिलाड़ी जब बलिया पहुंचे तो डीआईओएस देवेन्द्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर खिलाड़ियों का सम्मान करने के लिए प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, जनपदीय क्रीड़ा समिति के सचिव दिनेश प्रसाद, पूर्व क्रीड़ा सचिव हरेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अखिलेश सिन्हा, कृष्ण नंद, राजाराम पांडे, स्नेह प्रकाश सिंह, प्रशांत सिंह, जितेंद्र कुमार राय, धर्मवीर कुमार यादव आदि ने पहुंचे।



## जनसंपादकीय

# अलविदा ! मनमोहन सिंह

**रमेश ठाकुर**



बावने वर्ष में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके साथ ही न सिर्फ भारत ने, बल्कि विश्व बिरादरी ने एक विलक्षण आर्थिक चिंतक खो दिया। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में डॉक्टर साहब ने 5 ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिन्हें आने वाली पीढ़ियां भी याद करती रहेंगी। 2005 में 'सूचना का अधिकार' और 'मनरेगा कानून' को लागू करना। सन-2009 में 'शिक्षा का अधिकार कानून'। 2013 में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून' और 'भूमि अधिग्रहण कानून'।

डॉ. सिंह को अर्थव्यवस्था का सूत्रधार कहा गया। आर्थिक उदारीकरण और आर्थिक सर्वेक्षणों में सुधार के लिए उनकी पहल के सभी कायल रहे। यूपीए सरकार के दूसरे टर्म में जब प्रधानमंत्री बनाने की बात हुई, तो प्रणव मुखर्जी का नाम सबसे ऊपर था। पर, प्रणव मुखर्जी ने खुद आगे बढ़कर सोनिया गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगाई कि देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से डॉ. मनमोहन सिंह से बेहतर दूसरा कोई नहीं हो सकता। यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दोबारा डॉ. सिंह के नाम पर मुहर लगवाई। सन-1991 में वित्तमंत्री रहते उन्होंने जब देश की गड़बड़ अर्थव्यवस्था को संभाला था, तब स्वयं अटल बिहारी बाजपेई ने उनकी तारीफ की थी। अपने वित्तमंत्री कार्यकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने भी डॉ. सिंह के फैसलों को सराहा था। दरअसल वो ऐसा दौर था जब दशकों से गतिहीन पड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के दरवाजों को खोलने की शुरुआत मनमोहन सिंह द्वारा की गई थी।



वित्तमंत्री रहते लाइसेंस राज को खत्म करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने सबसे पहले विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने का काम किया और भारत के भीतर विदेशी कारोबार को न्योता दिया। तभी से भारत में बाहरी कंपनियों के आगमन की शुरुआत हुई। ये काम उन्होंने बिना ढोल बजाए किया। न प्रचार किया, न शोर-शराबा। उनके चुप रहन पर विभिन्न सियासी दलों ने हमेशा तल्ख टिप्पणियां कीं। पर, उन्होंने कभी किसी को पलट कर जवाब नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रिश्तों को सियासत से सदैव ऊपर रखा। बीते कुछ वर्षों से उन पर ज्यादा ही कटाक्ष होने लगे, तो उनके भीतर का शांत शायर जाग उठा। उन्होंने अपने सियासी विरोधियों को अपने दो शेर के जरिए जवाब दिया। उनका पहला शेर था 'माना तेरे दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतजार देख' और दूसरा था, 'हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी।' ये दोनों शेर हमेशा चर्चाओं में रहे।

अर्थव्यवस्था के अलावा डॉक्टर मनमोहन सिंह को उच्च शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन का कारक भी माना गया। एक मर्तबा खुद उन्होंने स्वीकारा था कि विश्व के उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ने के बाद ही उन्हें देश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को संभालने का अवसर मिला। प्रत्येक निर्णय में उनका धैर्य, संयम, निस्पृहता और उदारता देखने लायक होती थी। प्रेशर में आकर या जल्दबाजी में उन्होंने कभी कोई निर्णय नहीं लिया। 2005 में मनरेगा का जब फाइनल ड्राफ्ट तैयार होकर उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया, तो उसमें उन्होंने बदलाव करने को कहा, जिसको लेकर उनसे सोनिया गांधी की नाराजगी भी रही। लेकिन बाद में हुआ वही जो मनमोहन सिंह ने चाहा। मनमोहन सिंह सरकार में अरुणा राय उनकी सलाहकार थीं, जिन्होंने मनरेगा में महत्वपूर्ण बदलाव के सुझाव दिए थे, उनकी राय पर ही डॉक्टर सिंह ने रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। उसमें अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व निरस्देह करिश्माई था। करिश्माई इसलिए, क्योंकि अस्सी के दशक में जिन्होंने भी विभिन्न भारतीय नोटों में रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में उनका नाम और हस्ताक्षर देखें होंगे, उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि ये व्यक्ति कभी प्रधानमंत्री का ओहदा भी संभालेगा। एक दफे उन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। उसके बाद वह बिना कोई चुनाव लड़े देश के शीर्ष पद पर पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह रिकॉर्ड 33 वर्ष तक राज्यसभा में सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे। वर्ष-1991 में वह पहली बार राज्यसभा पहुंचे। उसके 1995, 2001, 2007 और 2013 में फिर से राज्यसभा के लिए चुने गए। सन 1998 से लेकर 2004 के बीच उन्होंने राज्यसभा में नेता विपक्ष का ओहदा भी संभाला, तब केंद्र में एनडीए की हुकूमत हुआ करती थी। वह वित्त सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, प्रधानमंत्री के सलाहकार, यूजीसी अध्यक्ष और आरबीआई गवर्नर भी रहे। अलविदा, डॉक्टर साहब, श्रद्धांजलि।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# आर्थिक सुधारों के वास्तुकार

**योगेश कुमार गोयल**



डा. मनमोहन सिंह ने आधुनिक भारत के आर्थिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने शांत स्वभाव और बौद्धिक कौशल के लिए जाने जाने वाले मनमोहन सिंह ने भारत में ऐतिहासिक आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत की और वैश्विक मंच पर भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। एक शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ के रूप में उनकी यात्रा न केवल प्रेरणादायक रही बल्कि उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों और राजनीतिक निर्णयों ने भारत के इतिहास को एक नई दिशा दी। उन्हें आधुनिक भारत के आर्थिक सुधारों का वास्तुकार भी कहा जाता है।

डा. मनमोहन सिंह ने जुलाई 1991 में अपने बजट भाषण के अंत में कहा था कि दुनिया की कोई भी ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है, मैं इस सम्मानित सदन को सुझाव देता हूं कि भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय आ चुका है। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने आर्थिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि की। 2004 से 2014 तक भारत 10वें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई थी। मनमोहन सिंह ने एक दशक से भी ज्यादा समय तक अभूतपूर्व विकास और वृद्धि की दिशा में देश को नेतृत्व प्रदान किया। उनके द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उदारीकरण के तहत लाइसेंस राज को समाप्ति और व्यवसाय शुरू करने के लिए सरल प्रक्रियाओं का निर्माण, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के दरवाजे खोलना और विदेशी व्यापार को प्रोत्साहित करना, कर ढ़ांचे को सरल और पारदर्शी बनाना, भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बाजार पर आधारित सुधार लागू करना, ग्रामीण रोजगार और गरीबी उन्मूलन के लिए 'मनरेगा' लागू करना शामिल हैं। इन सुधारों ने भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकाला और उसे विश्व अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया।

भारत ने डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7 प्रतिशत रही और उसी के परिणामस्वरूप भारत करीब दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा था। उन्हें न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जिन्हें न केवल उन कार्यों के लिए स्मरण किया जाता रहेगा, जिनके जरिये उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया जाएगा। उन्होंने न केवल आर्थिक विकास की गति को बनाए रखा बल्कि सामाजिक और विकासशील नीतियों पर भी जोर दिया। हालांकि उनका कार्यकाल आलोचनाओं से भी अछूता नहीं रहा। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्हें आर्थिक चुनौतियों और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा और निर्णय लेने में धीमापन उनकी सरकार के लिए नकारात्मक साबित हुए। 2जी घोटाला उनके कार्यकाल के सबसे बड़े विवादों में से एक रहा। इसके अलावा कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले को 'कोलगेट' के नाम से जाना गया। उनके दूसरे कार्यकाल में आर्थिक सुधारों की गति धीमी रही। भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी हमेशा संदेह से परे रही। वह एक ऐसे राजनेता रहे, जिन्हें राजनीतिक सीमाओं से परे सम्मान प्राप्त था। कुल मिलाकर, तमाम आलोचनाओं के बावजूद डा. मनमोहन सिंह एक ऐसे नेता के रूप में याद किए जाएंगे, जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक स्थान दिलाया और भारत को आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दिया।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# भारत में जनजागरण एवं राम

## सामयिकी



**मिहिर रायचौधरी**

राजनीति में आवश्यक है जनता को उनके कष्ट का कारण एवं आदर्श शासन व्यवस्था की जानकारी देना। मुस्लिम शासनकाल में हिन्दुओं के विरोध करने की क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी थी। हत्या, बलात्कार, जबरन धर्मांतरण और जजिया कर आदि से हिन्दू अभ्यस्त हो चुके थे। आम जनता को न तो धर्म-अधर्म की समझ थी और न ही उनके सामने कोई अनुकरणीय आदर्श। धर्मग्रंथ संस्कृत में थे तथा उनको समझाने वाले सीमित लोग अपने हित में उनकी व्याख्या करते थे। इस परिस्थिति से हिन्दू समझौता कर चुके थे। ब्राह्मण पण्डित दिल्ली दरबार में जाकर कहते थे 'दिल्लीश्वरो वा जगदीश्वरो वा'। सरकारी भाषा अरबी फारसी थी और प्रत्येक कानूनी दस्तावेज लिखते समय 'इस्लाम के प्रति अपने आनुगत्य के साथ' अथवा 'इस्लाम की श्रेष्ठता को स्वीकारते हुए' आदि अपमान जनक वाक्यों से प्रारंभ करना पड़ता था। ऐसे में गोस्वामी तुलसीदास नामक महापुरुष आविर्भूत हुए। उन्होंने एक अद्भुत काव्य की रचना की जिसने आम जनता को न केवल न्याय, नीति, धर्म, अधर्म से परिचित कराया बल्कि एक आदर्श व्यक्तित्व एवं शासन व्यवस्था का उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वाभाविक रूप से स्वार्थांधों द्वारा इसका विरोध हुआ परन्तु अपार जनसमर्थन के आगे उनकी एक नहीं चली और रामचरितमानस जनमानस में छा गया। यहां तक कि मुसलमान भी राम के चरित्र से अप्रभावित नहीं रह सके। तभी तो रहीम ने लिखाःधूरि धरत नित सीस पर, कहु रहीम केहि काज। जा रज मुनि पत्नी तरी, सो ढूंढत गजराज।

तत्कालीन मुगल शासक अकबर ने अनुभव किया कि हिन्दुओं के सक्रिय सहयोग के बिना भारत में दीर्घकालिक मुगल शासन असंभव है। उनको हिन्दुओं से अधिक पठानों से डर था। शेरशाह ने मुगल शासन का लगभग अंत ही कर दिया था। राणा प्रताप जैसे शूरवीरों की चुनौती भी थी। इसलिए अकबर ने कुछ नियम बनाया। उन्होंने राजपूत घरानों से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किया एवं हिन्दुओं को अपने दरबार में सम्मान जनक पद दिया। राजा मानसिंह को अपना प्रधान सेनापति नियुक्त किया। वह चाहते थे कि हिन्दू मुस्लिम दोनों धर्मों को मिलाकर एक नया धर्म दीन-इलाही का प्रवर्तन किया जाय, परन्तु कट्टर मौलवियों के विरोध के कारण ऐसा नहीं हो सका। उनके वंशजों ने अकबरी नियमों का पालन किया जिसका उत्कृष्ट रूप दारा शिकोह में दिखाई दिया, जिन्होंने ने हिन्दू धर्मग्रंथों का अनुवाद फारसी में कराया एवं स्वयं भी मौलिक रचनाएं की। सत्ता पाने हेतु औरंगजेब ने कट्टर इस्लामी भावनाओं को भड़काया तथा अपने भाईयों दारा, शुजा एवं मुराद की हत्या करवाकर खुद बादशाह बन गया। अकबरी नियम समाप्त हो गया, फलस्वरूप हिन्दू विरोधी हो गये। शिवाजी ने हिन्दुत्व का परचम लहराया एवं मराठे मुगल बादशाह के लिए सिरदर्द बन गए। उधर राजसिंह ने भी मुगलों की अधीनता को अस्वीकार कर दिया। मुगलों के विरुद्ध हिन्दुओं के युद्ध का नारा 'हर हर महादेव' था परन्तु उनके प्रेरणा स्रोत राम ही थे। छत्रपति शिवाजी के गुरु रामदास, भगवान राम के अनन्य भक्त थे। उन्होंने बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित कर सुन्दर काण्ड, युद्ध काण्ड आदि की रचना मराठी में की थी। गोस्वामी तुलसीदास जी का प्रयास रंग लाने लगा था। सिक्ख वाहेगुरु जी खालसा से प्रेरित थे। गुरु गोविन्द सिंह ने सिक्खों को योद्धा बना दिया था।

इसी समय ब्रिटिश भी सक्रिय हो गए एवं भारत में ब्रिटिश सरकार कायम हो गया। बहादुरशाह जफर नाममात्र के बादशाह रह गये। बंगाल के रानी रासमणि ने सन 1855 ई० में दक्षिणेश्वर में मां भवतारिणी (काली) का मंदिर स्थापित कर राम कुमार चट्टोपाध्याय को प्रधान पुरोहित नियुक्त किया। रासमणि प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राममोहन राय के व्यापारी मित्र राजचन्द्र दास की विधवा थीं। वे रघुवीर (राम) की भक्त थीं परन्तु स्वप्नादेशानुसार मां भवतारिणी के मन्दिर की स्थापना की थीं। रामकुमार का परिवार भी राम भक्त था परन्तु जब शूद्र द्वारा स्थापित दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना हेतु कोई ब्राह्मण राजी नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी स्वीकृति दे दी। रामकुमार के साथ उनके छोटे भाई गदाधर भी उनके सहायतार्थ दक्षिणेश्वर मंदिर पधारे। रामकुमार ने गदाधर को काली मंत्र से दीक्षित करवाया, तदोपरान्त गदाधर मंदिर के प्रधान पुरोहित नियुक्त हुए। गदाधर चट्टोपाध्याय आगे चलकर 'रामकृष्ण परमहंस' नाम से प्रसिद्ध हुए। वे सिद्ध पुरुष थे। उन्होंने विभिन्न गुरुओं के अधीन अनेक प्रकार की साधना जैसे द्वैत, अद्वैत, तन्त्र आदि में सिद्धिलाभ किया था। वे व्यावहारिक सन्त थे, अर्थात उन्होंने हिन्दू धर्म के अलावा बौद्ध, जैन, इस्लाम, ईसाई आदि धमार्नुसार उपासना में भी सिद्ध होकर अंत में निष्कर्ष दिया कि 'जतो मत ततो पथ' अर्थात जितने भी धर्ममत हैं, ईश्वर प्राप्ति हेतु विभिन्न मार्गमात्र हैं। उनके उपदेश सहज, सरल तथा बिना किसी उद्धरण के होते थे। उनके पास आठों सिद्धियां थीं परन्तु वे चमत्कार-प्रदर्शन विरोधी थे। सन 1886 ई० में अपने देहावसान के पूर्व उन्होंने बारह शिष्य बनाये जिनमें स्वामी विवेकानंद, स्वामी अभेदानन्द, स्वामी ब्रह्मानंद आदि प्रमुख थे, जिन्होंने हिन्दू जनमानस में गौरव एवं आत्मविश्वास जगाया।

**इसी समय ब्रिटिश भी सक्रिय हो गए एवं भारत में ब्रिटिश सरकार कायम हो गया। बहादुरशाह जफर नाममात्र के बादशाह रह गये। बंगाल के रानी रासमणि ने सन 1855 ई० में दक्षिणेश्वर में मां भवतारिणी (काली) का मंदिर स्थापित कर राम कुमार चट्टोपाध्याय को प्रधान पुरोहित नियुक्त किया। रासमणि प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राममोहन राय के व्यापारी मित्र राजचन्द्र दास की विधवा थीं। वे रघुवीर (राम) की भक्त थीं परन्तु स्वप्नादेशानुसार मां भवतारिणी के मन्दिर की स्थापना की थीं। रामकुमार का परिवार भी राम भक्त था परन्तु जब शूद्र द्वारा स्थापित दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना हेतु कोई ब्राह्मण राजी नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी स्वीकृति दे दी। रामकुमार के साथ उनके छोटे भाई गदाधर भी उनके सहायतार्थ दक्षिणेश्वर मंदिर पधारे। रामकुमार ने गदाधर को काली मंत्र से दीक्षित करवाया, तदोपरान्त गदाधर मंदिर के प्रधान पुरोहित नियुक्त हुए। गदाधर चट्टोपाध्याय आगे चलकर 'रामकृष्ण परमहंस' नाम से प्रसिद्ध हुए। वे सिद्ध पुरुष थे।**

अंग्रेज जानते थे कि बिना भारतीयों की सहायता के मुट्ठी भर अंग्रेज भारत पर शासन नहीं कर सकते। अतः वे भारतीयों को प्रशासन, पुलिस एवं सेना में भर्ती किये, जिससे एक मध्यमवर्गीय जनता का प्रादुर्भाव हुआ जो ब्रिटिश शासन का समर्थक था। भारतीय अपनी बात ब्रिटिश शासकों तक पहुंचा सकें, इसके लिए ए ओ 'म ने सन 1885 ई० में इण्डियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। आरंभ में तो सबकुछ अंग्रेजों के अनुसार सकुशल चलता रहा परन्तु बंगाल विभाजन की घोषणा के पश्चात राष्ट्रगुरु सुरेन्द्रनाथ बनर्जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने स्वदेशी आंदोलन प्रारंभ कर दिया। अंततः कांग्रेस ब्रिटिश शासन का विरोध-मंच बन गया। इस समय कांग्रेस को एक ऐसे नेता की आवश्यकता थी जो इस आन्दोलन को सही दिशा दे सके। सन 1915 ई० में मोहनदास करमचंद गांधी दक्षिण अफ्रीका से ४५ वर्ष की अवस्था में वापस आये। दक्षिण अफ्रीका में जन-आंदोलन का उन्हें पर्याप्त अनुभव था। उनके सफलता की खबर भारतवासियों को थी, अतः उनका भरपूर स्वागत हुआ। गांधीजी अत्यंत बुद्धिमान एवं विचक्षण व्यक्ति थे। उन्होंने वैश्विक एवं भारतीय परिस्थितियों का आकलन किया। उन्होंने पाया कि कांग्रेस मुख्यतः अभिजात एवं उच्च मध्यमवर्गियों का समूह था लेकिन देश की गरीब जनता उससे असंलग्न थी। समाज जाति तथा धर्म में बंटा हुआ था। हिन्दुत्व तो जाग उठा था परन्तु जातिभेद एवं अस्पृश्यता के कारण हिन्दू विभाजित थे। प्रथम विश्व युद्ध प्रारम्भ हो चुका था एवं सशस्त्र क्रांति के सेनानियों को कुचला जा रहा था। सावरकर एवं शचींद्रनाथ को काला पानी की सजा हो चुकी थी। नरेंद्रनाथ भट्टाचार्य (एम एन राय) पूरे विश्व में घूमकर गदर पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर सशस्त्र क्रांति के लिए अस्त्र-शस्त्र जुटाने हेतु प्रयासरत थे, रासबिहारी बोस जापान चले गए थे; अतः भारत में सशस्त्र क्रांति को आगे बढ़ाने हेतु कोई नेता नहीं था। गांधीजी ने समझा कि आम जनता में आत्मविश्वास पैदा करना एवं उन्हें ब्रिटिश सरकार विरोधी आन्दोलन से जोड़ना परमावश्यक है। दरिद्र जनता आजादी के लाभ से अनभिज्ञ थी, क्योंकि उनके सामने तो अत्याचारी जमींदार, सरकारी अफसर तथा पुलिस भारतीय मूल के ही थे। अतः अंग्रेजी शिक्षित बैरिस्टर मोहनदास करमचंद गांधी ने सर्वप्रथम अपनी वेशभूषा तथा रहन-सहन में परिवर्तन किया। उन्होंने जनता को रामराज्य की याद दिलायी एवं उससे ब्रिटिश शासन की तुलना की। राम, जो शूद्र और अस्पृश्य महिला शबरी के जूठे बेर खाए थे, को जनता के सामने नायक के रूप में प्रस्तुत किया। प्रार्थना सभाओं में 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम' और 'राम नाम सुन ताली लागी सकल तिरथ तेना तन मान रे' आदि भजन गाये जाने लगे। वे स्वयं भी गरीब किसान का वस्त्र अर्थात खादी का घुटने तक की धोती तथा चादर धारण किये। इस प्रकार आधुनिक भारतीय राजनीति में राम का पुनःप्रवेश हुआ। गांधीजी ने पूर्ववर्ती स्वदेशी आंदोलन को भी आगे बढ़ाया। राजनीति में आध्यात्मिक प्रयोग के कारण रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने उन्हें 'महात्मा' कहा जबकि गांधी जी ने विश्व बंधुत्व का पाठ पढ़ाने वाले रवीन्द्रनाथ को 'गुरुदेव' कहा।

इसका फल मिला। भारतीय जनता रामचरित मानस तथा क्षेत्रीय भाषाओं में रामायणों के कारण राम से परिचित थी। भारतवासियों का ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध संघर्ष को लगभग निरस्त्र वानरों के साथ वनवासी राम का त्रिलोक विजयी रावण से युद्ध के अनुरूप लगने लगा। गांधीजी ने समझाया कि यदि आप सत्य हेतु संघर्षरत हैं तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको हरा नहीं सकती। इसको उन्होंने सत्याग्रह का नाम दिया। सन 1916 ई० में उन्होंने चम्पारण में नील की खेती करने वाले किसानों के पक्ष में अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध आन्दोलन में विजय प्राप्त कर इसका प्रमाण भी दे दिया। इसी प्रकार खेड़ा आन्दोलन में भी उनको सफलता मिली। राजनीति में राम का रथ चलने लगा।

बहुत वर्षों बाद भारत की राजनीति में राम पुनः प्रासंगिक हुए हैं, परन्तु रामराज्य के लिए नहीं बल्कि राम मंदिर के लिए। परन्तु, दुर्भाग्यवश, जाति तथा धर्मभेद मिटने के बजाय अधिक प्रभावशाली हो गया है।

**( लेखक गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष हैं)**

# ढाई आखर : सिनेमा की एक अर्थवान भाषा

## प्रसंगवश



**जवरीमल्ल पारख**

साहित्यिक रचनाओं पर फिल्में तो अब भी याद-कदा आ जाती हैं, लेकिन प्रायः उनमें रचना की मूल आत्मा कहीं पीछे छूट जाती है। 'ढाई आखर' के रूप में कई दशकों के बाद किसी साहित्यिक रचना पर एक बेहतरीन फिल्म बनी है। यह हिन्दी के कथाकार अमरीक सिंह दीप के उपन्यास 'तीर्थाटन के बाद' पर आधारित फिल्म है, जिसका नया संस्करण 'ढाई आखर' के नाम से आधार प्रकाशन से प्रकाशित हुआ है।

फिल्म की पटकथा और संवाद हिन्दी के प्रसिद्ध कथाकार असगर वजाहत ने लिखे हैं। फिल्म में उपन्यास कितना सुरक्षित है, यह कहना मुश्किल है लेकिन फिल्म देखते हुए हमें सिनेमाई सौन्दर्य बोध का ही अनुभव नहीं होता साहित्यिक आस्वादन का रस भी महसूस होता है। लेकिन फिल्म की महत्ता उसके सफल सिनेमाई रूपांतरण में अंतर्निहित नहीं है। वह तो है ही।अगर हम इस तथ्य को एक बार भूल भी जाएं कि यह एक साहित्यिक रचना पर आधारित फिल्म है तो भी केवल फिल्म के रूप में भी यह सामाजिक रूप से अर्थवान और सिनेमाई भाषा की दृष्टि से मूल्यवान रचना है।

इस फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के एक छोटे कस्बे के एक परिवार की है। कहानी का संबंध 1980 के दशक (1985) से है यानी लगभग चार दशक पहले का समय। चार दशक पहले की यह कहानी इस मोबाईल और इंटरनेट के युग में भी पुरानी और अप्रांसगिक नहीं हुई है। उसमें अब भी ताजगी है, इंसानी रिश्तों की तपन है और है संबंधों की पवित्रता भले ही उनका कोई नाम न दिया जा सके। इसी अर्थ में इसके कथानक की प्रांसगिकता अब भी बनी हुई है। जिस परिवार की कहानी कही गई है, वह संयुक्त परिवार नहीं है, एकल परिवार ही है। इसके बावजूद परिवार में स्त्री-पुरुष संबंधों की बुनियाद वे ही सामंती मूल्य हैं जो सदियों से चले आ रहे हैं। अब भी स्त्री की हैसियत पारिवारिक ढांचे में एक दोयम दर्जे की नागरिक जैसी है।

यह एक विधवा स्त्री हर्षिता की कहानी है जो एक कहानीकार से प्रेम करने लगती है। हर्षिता के दो जवान और विवाहित बेटे हैं जिनके साथ वह रहती है। फिल्म की शुरूआत बड़े बेटे की दस-ग्यारह साल की बेटी कान्ति से होती है जो स्कूल से लौटकर अपनी माँ सुषमा से कहती है कि उसे रामायण में से कुछ दोहे और चौपाई का अर्थ लिखकर स्कूल ले जाना है। इस काम में उसकी दादी यानी हर्षिता उसकी मदद करती थी लेकिन वह तीर्थ पर गई हुई है। बच्ची की माँ उसे कहती है कि वह दादी के कमरे में जाकर रामायण ले आए, वह पढ़कर अर्थ लिखवा देगी। बेटी दादी के कमरे में जो पहली मंजिल पर है, जाकर रामायण ले आती है। बच्ची की माँ जब रामायण खोलती है तो उसे उसमें बहुत सी चिट्ठियाँ मिलती हैं जो दरअसल प्रेमपत्र हैं। किसी श्रीधर नामक व्यक्ति ने बच्ची की दादी यानी हर्षिता को ये पत्र लिखे हैं और इन पत्रों से ही मालूम पड़ता है कि हर्षिता तीर्थयात्रा पर नहीं बल्कि अपने प्रेमी श्रीधर से मिलने गई है।

फिल्म जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, धीरे-धीरे कहानी की परतें खुलती जाती हैं। पूरी फिल्म दो स्तरों पर चलती है। एक स्तर पर कहानी वर्तमान में चलती है जहां हर्षिता अपने प्रिय श्रीधर से मिलने गई है। लगभग उसके साथ एक सप्ताह रहती है और फिर वह वापस घर लौट आती है। लेकिन इसी दौरान छोटी बहु बेला और हर्षिता के माध्यम से अतीत के कई प्रसंग फ्लैशबैक के रूप में सामने आते हैं। ये प्रसंग भी दो स्तरों पर चलते हैं। एक स्तर पर हर्षिता का वैवाहिक जीवन सामने आता है और दूसरे स्तर पर श्रीधर से जुड़ा प्रसंग सामने आता है। ये दोनों प्रसंग एक तरह का वैपरीत्य पैदा करते हैं। हर्षिता का वैवाहिक जीवन यंत्रणा से भरा है जिसे इस एक संवाद से समझा जा सकता है। वह अपनी छोटी बहु को कहती है कि 'हमें बचपन से यही सिखाया गया है कि पति परमेश्वर होता है'।

परमेश्वर होकर पति को पत्नी पर हर तरह के अत्याचार करने का अधिकार मिल जाता है। हर्षिता एक पढ़ी-लिखी स्त्री है। स्नातक तक की पढ़ायी की है। उसे किताबें पढ़ने का शौक है। लेकिन उसके पति का स्वभाव बिल्कुल विपरीत है। वह उन पुरुषों की तरह है जो अपनी पत्नी पर शासन करना अपना अधिकार समझते हैं। इसके लिए डांटना-डपटना ही नहीं अगर जरूरत पड़े तो मारना-पीटना भी शामिल है। और अपने पति के हिंसक व्यवहार का जिंदगी भर हर्षिता को सामना करना पड़ता है।

अपने पति के साथ हर्षिता के संबंध सहज नहीं है। उसको अपने पति के हाथों जिन यंत्रणाओं से गुजरना पड़ता है, उसमें उसकी इच्छा के विरुद्ध बनाए गए यौन संबंध भी शामिल हैं। स्पष्ट ही जहां बलात्कार है वहाँ प्रेम नहीं हो सकता। हर्षिता के जीवन का सबसे बड़ा अभाव प्रेम ही है। और यही उसके जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है और ठीक इसी त्रासदी से उसकी छोटी बहु को भी गुजरना पड़ता है जिसकी इच्छा आगे पढ़ने की, उस लड़के से विवाह करने की थी जिससे वह प्रेम करती थी। लेकिन पिता उसका विवाह उसकी इच्छा के विरुद्ध कर देते हैं। फिल्म प्रेम के अभाव की बुनियाद पर बने विवाहित जीवन की विडंबनाओं को बहुत ही मार्मिक रूप से हमारे सामने लाती है, हर्षिता के माध्यम से भी और कुछ-कुछ बेला के माध्यम से भी। अपने बच्चों की इच्छा के विरुद्ध उन पर अनजाने व्यक्ति से विवाह के लिए मजबूर करना स्त्री के लिए कितना यातनादायक हो सकता है, ये इन दोनों स्त्रियों के जीवन से समझा जा सकता है।

फिल्म की कथा सामाजिक भी है और वैयक्तिक भी। एक स्त्री के लिए क्या जरूरी है, विवाह या प्यार? एक ऐसा विवाह बंधन जो स्त्री से उसकी आजादी छीन ले, उसकी आकांक्षाएं, उसके स्वप्न छीन ले तो उससे प्यार ही मुक्ति दिला सकता है। चाहे वह जीवन के किसी भी मोड पर आकर क्यों न दरवाजा खटखटाए। जब वह दरवाजा खटखटाता है तो अंदर के डर की जंजीरें जिसने स्त्री को जकड़ रखा है, वह एक एक कर टूटने लगती हैं। और उन सब के सामने साहस के साथ खड़ी हो पाती है जो उससे उसकी आजादी, उसके स्वप्न और उसकी इच्छाएं छीनना और कुचलना चाहते हैं और ये सब उसके अपने ही क्यों न हों। और साहस के साथ खड़े होने पर उसकी कितनी ही बड़ी कीमत उसे क्यों न चुकानी पड़े।

इस खूबसूरत फिल्म का निर्देशन किया है, प्रवीण अरोड़ा ने, जिनकी यह पहली फीचर फिल्म है। लेकिन फिल्म को देखकर यह लगता ही नहीं कि यह निर्देशक की पहली फिल्म है। बहुत ही परिपक्व और संवेदनशील। फिल्म की प्रस्तुति का सौंदर्य पटकथा और निर्देशन दोनों में अंतर्निहित है। फिल्म की पटकथा बहुत प्रभावशाली है, खासकर पूर्वदीप्ति (फ्लैशबैक) का बहुत ही क्रिएटिव इस्तेमाल किया गया है। संवाद खासकर हर्षिता और श्रीधर के बीच की बातचीत बहुत ही संवेदनात्मक और काव्यात्मक है। अन्य पात्रों के संवाद भी उनके चरित्र के अनुरूप हैं। फिल्म का केंद्रीय चरित्र हर्षिता का है और मृणाल कुलकर्णी ने बहुत ही प्रभावशाली रूप में निभाया है।

फिल्म का नाम ढाई आखर बहुत ही सार्थक है और फिल्म के केंद्रीय संदेश को व्यक्त करता है। इस प्रेम विरोधी समय में कबीर के संदेश 'ढाई आखर प्रेम का' को हर घड़ी हर क्षण याद रखने की जरूरत है। फिल्म के निर्देशक प्रवीण अरोड़ा को इस अच्छी, खूबसूरत और सामाजिक रूप से अर्थवान फिल्म बनाने के लिए बहुत-बहुत बधाई। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी साहित्यिक कृतियों पर ऐसी ही अर्थवान फिल्म लेकर आएंगे।

**(लेखक फिल्म समीक्षक हैं)**

**फिल्म जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, धीरे-धीरे कहानी की परतें खुलती जाती हैं। पूरी फिल्म दो स्तरों पर चलती है। एक स्तर पर कहानी वर्तमान में चलती है जहां हर्षिता अपने प्रिय श्रीधर से मिलने गई है। लगभग उसके साथ एक सप्ताह रहती है और फिर वह वापस घर लौट आती है। लेकिन इसी दौरान छोटी बहु बेला और हर्षिता के माध्यम से अतीत के कई प्रसंग फ्लैशबैक के रूप में सामने आते हैं। ये प्रसंग भी दो स्तरों पर चलते हैं। एक स्तर पर हर्षिता का वैवाहिक जीवन सामने आता है और दूसरे स्तर पर श्रीधर से जुड़ा प्रसंग सामने आता है। ये दोनों प्रसंग एक तरह का वैपरीत्य पैदा करते हैं। हर्षिता का वैवाहिक जीवन यंत्रणा से भरा है जिसे इस एक संवाद से समझा जा सकता है।**

## व्यंग्य



# भावनाओं और आस्था की छुई मुई दुनिया

**मूलचंद्र गौतम**

जब कछुए और गेंडे की खाल वाले आदमी दुनिया में रहते थे तब उनकी भावनाओं और आस्थाओं को चोट पहुंचाने वाले लोग मक्खी, मच्छर, कीट पतंगों की तरह खुद ही नष्ट हो जाते थे.अब निहायत पतली खाल के नाजुक तुनुक मिजाज लोगों की छुई मुई नस्ल के साथ उनकी भावना और आस्थाएं भी कोमल कली हो चुकी हैं जो न तो जरा सी धूप और धूल झेल पाती हैं, न मामूली सी खरोंच. जरा सी ठेस लगते ही करोडों की व्यक्तिगत मानहानि हो जाती है.ठेस थोडी ज्यादा हुई तो सामूहिक हिंसा और दंगों में बदलते देर नहीं लगती.यह सारा बवाल आधुनिकता और शहरीकरण की देन है जिसने बर्दाश्त की इम्युनिटी को खत्म कर दिया है. संवेदनशीलता इतनी ज्यादा बढ गयी है कि मामूली से हल्के फुल्के मजाक से ब्लडप्रेशर हाई हो जाता है ,किसी के छूने भर से एलर्जी हो जाती है.देहात में तो जरा सी बात को लेकर कत्लोगारत हो जाता है.यानी पूरे कुंए में ही भांग पडी है.

सृष्टि में ईश्वर, धर्म और जाति की उत्पत्ति के साथ ही श्रेष्ठता और हीनता की भावनाओं का जन्म हुआ. अपने को श्रेष्ठ और दूसरों को निकृष्ट समझने से तमाम तरह के भेदभाव शुरू हुए. इन्हीं सब बातों को देखते हुए दार्शनिकों ने ईश्वर की मृत्यु की घोषणा की,धर्म को अफीम बताया और जाति, रंग एवं नस्ल की भर्त्सना की लेकिन आज तक कोई फर्क नहीं पडा है.बहुमत उन्हीं के साथ है. जोकतंतर मजे से चल रहा है.

कभी-कभार लोगों की आस्था और भावना घायल होती है तो न्यायालय की शरण ली जाती है ,मानहानि का मुकदमा ठोंक दिया जाता है जो मुआवजे या माफीनामे के साथ निपट जाता है लेकिन ईशनिंदा का कोई इलाज नहीं .अब दुनिया जहान में आदमी रहेगा तो अस्तित्व सिद्ध करने के लिए कुछ तो बोलेगा.आजीवन मौन कौन रह सकता है और ये जीना भी कोई जीना है?

ईश्वर और धर्म के सारभूत मूल्यों से अलग कट्टरपन और साम्प्रदायिकता ने मानवता का बडा नुकसान किया है. संतों ने खुलेआम डिक्लेयर किया कि धर्म रूपी वृक्ष की जडें आकाश में हैं और डालियां और पत्ते नीचे की ओर हैं लेकिन अज्ञानियों ने उसे शीर्षासन करा दिया है ताकि धंधा आराम से चलता रहे .ज्ञानीजन लाख कहते रहें कि एक नूर ते सब जग उपज्यो कौन भले कौन मंदे लेकिन गंदे लोगों को फिरकापरस्ती में जो मजा आता है वह स्वर्गलोक में भी दुर्लभ है.यही लीलाधर की लीला है.

धर्म से भी बुरा हाल जाति का है .समाज को सुचारु रूप से चलाने के लिए गुण कर्म आधारित जिस लचीली वर्ण व्यवस्था को संचालित किया गया था वह असंख्य जाति और उपजातियों में विभाजित हो गयी. समान प्रसवात्मको जाति की अवधारणा संकीर्ण स्वार्थों तक सिमट गयी .चुनावों की राजनीति से यह सत्ता प्राप्ति का सुगम हथियार बन गयी तो आपस में ही भिडने लगे मंडल कमंडल.

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9412322067)**

# शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता पर कई अधिकारियों के वेतन पर रोक

**बोले डीएम**

**शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने का प्रमाण पत्र देने पर होगा भुगतान**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संदर्भ में प्राप्त फीडबैक में अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण समय से न किये जाने पर माह दिसम्बर के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। डीएम की इस कार्रवाई अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

डीएम ने कहा कि वेतन आहरण इस शर्त के साथ किया जायेगा कि जब अधिकारियों द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जायेगा कि पोर्टल पर प्राप्त समस्त संदर्भों के निस्तारण में शिकायतकर्ता से सम्पर्क एवं स्थलीय सत्यापन करते हुए आख्या अपलोड की गयी है। क्षेत्राधिकारी सदर, नगर, घोरावल, ओबरा, पिपरी, दुद्धी, थानाध्यक्ष शाहगंज, रामपुर बरकोनिया, कोन, रायपुर, विण्ढमगंज, बीजपुर, पिपरी, राबर्ट्सगंज, जुगैल, दुद्धी, शक्तिनगर, घोरावल, अनपरा ओबरा, बभनी, म्योरपुर, करमा, पन्नूगंज, चोपन, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी चोपन, राबर्ट्सगंज, घोरावल, म्योरपुर, नगवां, चतरा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राबर्टसगंज, नगर पंचायत अनपरा, ओबरा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, चोपन, राबर्ट्सगंज, नगवां, बभनी, चतरा, दुद्धी, म्योरपुर, घोरावल, बाल विकास परियोजना अधिकारी नगवां, चतरा, चोपन, दुद्धी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्ड शिक्षा अधिकारी नगवां, म्योरपुर, चोपन, चतरा, खण्ड विकास अधिकारी दुद्धी, राबर्ट्सगंज, करमा, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक राबर्ट्सगज, घोरावल, उपजिलाधिकारी घोरावल, राबर्ट्सगज, दुद्धी, ओबरा, तहसीलदार ओबरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशु चिकित्साधिकारी घोरावल, जिला कृषि अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी राबर्टसगंज, जिला उपायुक्त मनरेगा, खाद्य एवं विपणन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, सहायक परिवहन अधिकारी प्रर्वतन, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड पिपरी, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, सब रजिस्ट्रार घोरावल, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय से नहीं किया गया है और न ही सम्बन्धित शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर फीडबैक लिया गया है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अत्यधिक जन शिकायतें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आन लाइन/ जिलाधिकारी संदर्भ में राजस्व अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा शिकायतकर्ता से न तो सम्पर्क किया गया है और न ही स्थलीय सत्यापन हेतु भ्रमण किया गया है। पोर्टल पर एक से 26 दिसम्बर तक 866 संदर्भों का शासन स्तर से फीड बैक लिया गया है। निर्देशों का अनुपालन बेहतर ढंग से न होने पर माह दिसम्बर के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं।

## रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव, सनसनी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के बगबइसा में रेलवे पुल के पास चोपन-गुरमुरा रेलवे पटरी पर संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। युवक गुरूवार की सुबह काम करने ओबरा गया था, जो वापस घर नहीं लौटा। बताया गया कि शुक्रवार को पनारी के टोला बगबइसा स्थित भुसरिया नाला के समीप रेलवे पुल संख्या 362 के पास चोपन-गुरमुरा रेलवे पटरी के बीच एक युवक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला। घटना की जानकारी ट्रैकमैन ने ग्रामीणों को दी। उधर मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मृतक की पहचान मुलायम यादव पुत्र स्व. परशुराम यादव निवासी बगबईसा पनारी के रूप में की। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त की है। सूचना पर पहुंचे चोपन थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# नपं बोर्ड बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों के प्रस्ताव पास

**बैठक**

**आधा दर्जन बाइलॉज पारित, स्वच्छता के लिए बना ऐक्शन प्लान**

जनसंदेश न्यूज



बोर्ड की बैठक को संबोधित करती ईओ

**अनपरा।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से लगभग आधा दर्जन बाइलॉज पारित किये गए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में करोड़ो के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में 17 सभासद उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस क्रम बोर्ड की बैठक चेयरमैन विश्राम प्रसाद बैसवार की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा के संचालन में आहूत की गई।

जिसमें आम सहमति से लगभग आधा दर्जन बाइलॉज पारित किये गए एवं करोडों के विकासकार्यों के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नगर पंचायत द्वारा स्वकर प्रणाली, संपत्ति हस्तान्तरण, लाइसेंस कर एवं अवशिष्ट पदार्थो से सम्बन्धित कई उपविधि पारित किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता एवं नाली की साफ सफाई, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के एक्शन प्लान पर चर्चा की गई। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत बोर्ड बैठक में स्वकर प्रणाली, लाइसेंस कर सॉलिड-वेस्ट मैनेजमेंट के तहत बाईलॉज बनाये गए। वहीं शासन करोड़ों के विकासकार्य योजना पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत की आय बढ़ाने, संचारी रोग की रोकथाम, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन, जल संचयन व पेयजल व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। मकर संक्रांति के अवसर पर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर गणेश तिवारी, सुधाकर समेत तमाम सभासद मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अल्ट्राटेक ने सैकड़ों जरूरतमंदों में बांटा कंबल, खिले चेहरे



**डाला।** स्थानीय अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा-निर्देश व मानव संसाधन प्रमुख संजीव सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रधान प्रहलाद चेरो की उपस्थिति में सीएसआर मद से कोटा ग्राम पंचायत के गोराडीह गांव में बुजुर्गों के बीच दो सौ से अधिक कंबल वितरण किया गया। अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स के सीएसआर द्वारा प्रत्येक वर्ष ठंड को देखते हुए लोगों में राहत पहुंचाने व उनके स्वास्थ्य सुविधा का ध्यान रखते हुए यह कंबल वितरण कार्यक्रम अनेक गांवों में किया जाता है। सीएसआर प्रमुख रमेश पांडेय ने बताया कि हम आसपास के गांव में प्रधान, व प्रतिनिधियों के साथ मिलकर जरूरतमंदों को प्रतिवर्ष कंबल का वितरण करते हैं। संचालन सीएसआर से रोहित श्रीवास्तव ने किया।

### परियोजना प्रमुख ने वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा का किया शुभारंभ

बीजपुर। डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा का शुभारंभ किया गया। सैकड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों के करतल ध्वनि के मध्य एनटीपीसी रिंहद परियोजना प्रमुख पंकज मेदिरत्ता ने खेल ध्वजारोहण किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने मशाल प्रज्वलित कर दौड़ के प्रतिभागी आदित्य गुप्ता को मशाल सौंपा। स्पोर्ट्स कैप्टन मयंक गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलवाई। छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख ने सूटिंग में एनसीसी कैडेट्स रमन प्रजापति को प्रथम पुरस्कार तथा अदालत पाल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद हमारे सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने डीएवी के नारे का उद्घोष कर विद्यार्थियों में नवीन ऊर्जा का संचार किया। प्राचार्य राजकुमार ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अनीता मेदिरत्ता, संजय असाटी, नीलू असाटी, बीके पांडे, लालसा साह, छत्रपाल, विजय सिंह गौड़, विश्राम सागर गुप्ता, उपेंद्र प्रताप सिंह, गणेश शर्मा, विनोद गुप्ता, डीएस त्रिपाठी, रामबली मिश्रा, रघुराज सिंह, राम जियावान गुप्ता, अनिल कुमार वर्मा, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

### इनरव्हील क्लब चेयरमैन ने किया ऑफिसियल विजिट

**दुद्धी।** इन्हरव्हील क्लब में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आशा अग्रवाल ने सिलाई मशीन व अन्य मोमेंटो का वितरण कर ऑफिसियल विजिट किया। इस दौरान गणेश मूर्ति के समक्ष दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। क्लब के सदस्यों ने डिस्ट्रिक चेयरमैन के साथ बनवासी सेवा आश्रम छात्रावास में आदिवासी छात्रा को सिलाई मशीन वितरण किया। क्लब की ओर से लगातार किये गए विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए अध्यक्ष राखी जायसवाल, सचिव मनोरमा जायसवाल ने कहा कि क्लब द्वारा लगातार क्षेत्र में किये गए कार्यों को बारीकियों से मुख्य अतिथि को अपनी उपलब्धियों की रिपोर्ट बताई। डिस्ट्रिक चेयरमैन ने कहा कि क्लब की महिलाओं ने सराहनीय कार्य किये हैं। क्लब में उत्साहित लोगों को जोड़ने की जरूरत है। संस्था 104 देशों में काम कर रही है। इस मौके पर राखी जायसवाल, तारा जायसवाल, माधवी जायसवाल, कुसुम गुप्ता, अनुपमा, स्वाति झा, चिंता जायसवाल, लता, आभा जायसवाल, लक्ष्मी मींच, विनीता मसीह, रेखा श्रीवास्तव, वंदना जायसवाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### भरपाई न होने से नाराज किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**ओबरा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ न मिलने से ग्राम पंचायत मारकुंडी के कई किसान मुआवजे की राशि के लिए टकटकी लगाए हुए हैं। किसानों ने फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने के बाद भी अभी तक नुकसान की भरपाई न होने का आरोप लगाते हुए राज्यमंत्री संजीव गोंड़ को ज्ञापन सौंपा। भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष राम लाल जायसवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत मारकुंडी के ज्यादातर किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसलों का बीमा कराया। लेकिन खरीफ धान की फसल खराब होने के बाद भी अभी तक पीड़ित किसानों को बीमा से मिलने वाली राशि नहीं दी गयी। जिले में संचालित बीमा कम्पनी के अधिकारियों द्वारा उपज के आंकड़ों में छेड़छाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे किसानों के नुकसान की भरपाई न करनी पड़े। ज्ञापन देने वालों में जयशंकर देव, त्रिभवन देव, उषा देवी, मालती देवी, राजकुमार मिश्रा, रामशंकर, शिवशंकर, प्रतिभा देवी आदि शामिल रहे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से दो युवक गंभीर, रेफर

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बा मोटरमंडी में गुरुवार की देर रात एक अज्ञात वाहन ने दो युवकों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चिकित्सकों ने दोनों युवकों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि सत्यम पुत्र जवाहरलाल व रईस मंसूरी निवासी दुद्धी करीबी दोस्त हैं। वे अपने रामनगर रोड स्थित प्रतिष्ठान से घर को जा रहे थे कि सड़क किनारे युवकों को अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मार फरार हो गया। आस पास के लोगों ने दोनों को सीएचसी भेजा। जहां पैर व सिर में गंभीर चोट होने की वजह से चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

### 25 हजार का इनामिया आरोपी गिरफ्तार

**खलियारी।** अपराधियों के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में मांची पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट व गो वध निवारण अधिनियम में वांछित इनामिया आरोपी जगप्रसाद गोड़ पुत्र स्व. वंशी गोड़ निवासी ग्राम करौंदिया, रामपुर बरकोनिया को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ ने बताया कि वह लगातार फरार चल रहा था। उसकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। इस क्रम में पुलिस टीम ने नई बाजार, रॉबर्ट्सगंज से पुरस्कार घोषित उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### साइबर टीम ने वापस करायी फ्रॉड हुई धनराशि

**सोनभद्र।** साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फ्रॉड हुए 35 हजार रुपये आवेदक के मूल खाते में वापस करा दिया। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस ने आवेदक शेखर आजाद पुत्र रामजग निवसी ग्राम कसयाकला, रॉबर्टसगंज के साथ 35 हजार रुपये के साइबर फ्राड हुई धनराशि की जांच के क्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना के नेतृत्व में साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुये आवेदक शेखर आजाद को धनराशि उनके बैंक के मूल खाता में वापस करा दिया।

### खान अधिकारी पर लगाया अवैध खनन को बढ़ावा देने का आरोप

**सोनभद्र।** जन अधिकार पार्टी के वरिष्ठ नेता भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा कि ओबरा तहसील अंतर्गत सोन नदी में हो रहे अवैध बालू खनन को लेकर को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा था। जिस पर खान निरीक्षक द्वारा आईजीआरएस पर ज्येष्ठ खान अधिकारी को प्रेषित आख्या में बताया गया उक्त बालू साइडों पर पट्टा क्षेत्र के बाहर तथा नदी की धारा को रोक कर खनन कार्य किया जाना नहीं पाया गया एवं खनन पट्टा क्षेत्र में मौके पर सीमा स्तंभ तथा सूचना पट्ट/ बोर्ड लगे हुए पाए गए। जिस आख्या को ज्येष्ठ खान अधिकारी द्वारा संस्तुति प्रदान कर अग्रसारित किया गया है जो सरासर झूठ/ असत्य है। कहा कि जांच रिपोर्ट पट्टाधारको से मिली भगत कर तैयार की गई है जिससे प्रतीत होता है सोन नदी में हो रहे अवैध बालू खनन में ज्येष्ठ खान अधिकारी व खान निरीक्षक सोनभद्र पूरी तरह सम्मिलित है जो बड़े भ्रष्टाचार को दशार्ता है। जअपा नेता ने मुख्यमंत्री के साथ ही खनन निदेशक, मण्डलायुक्त विन्धयाचल मण्डल, जिलाधिकारी को पत्र भेज प्रेषित आख्या की जांच कराये जाने व जांच के समय अधोहस्ताक्षरी को भी सूचित करने की मांग किया।

# रक्तदान से मिलता है मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य लाभ

**अवसर**

**शहीद उधम सिंह जयंती पर अयोजित शिविर में 42 ने किया रक्तदान**

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** उत्सव ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को ब्लड बैंक, सर सुंदरलाल चिकित्सालय बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी वाराणसी के सहयोग से शहीद सरदार उधम सिंह जयंती पर शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वीआईपी रोड प्रांगण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रक्तदान शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे उत्सव ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष महंत मनीष तिवारी के साथ मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र ने शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में 54 ने रजिस्ट्रेशन कराया एवं 42 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान से मानसिक,




रक्तदान करते रक्तदाता

शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है। अध्यक्षता कर रहे देवानंद मिश्र ने शहीद उधम सिंह के जीवन संघर्ष व देशवासियों के प्रति उनके समर्पण के विषय में जानकारी दी। ट्रस्टी आशीष पाठक ने कहा कि किसी की मदद करने व जान बचाने से आत्म संतुष्टि मिलती है, नकारात्मक भाव दूर होता है व मानसिक तनाव कम होता है। कार्यक्रम का समापन रक्तदानियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह, मेडल, सर्टिफिकेट, धन्यवाद पत्र प्रदान किया। इस मौके पर ममता शर्मा, डा. अजय कुमार शर्मा, सुधा, सुशील कुमार गोयल, रीना, अभिषेक कुमार गुप्ता, दिव्य कुमार सिंह, कुंदन सिंह, केसर सिंह, अमित जायसवाल, राजू, निखिल सिंह, सुशांत कुमार, अविनाश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, नरेश चंद्र पांडे, मनोज कुमार पांडे आदि मौजूद रहे। संचालन डा. अजय कुमार शर्मा ने किया।

### 280 मरीजों की जांच कर दी गयी दवाएं

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत बभनडीहा के सामुदायिक भवन परिसर में शुक्रवार को बीएचयू के कृषि वैज्ञानिक डा. आरएस मीणा ने आदिवासियों के जीविका संसाधन को बढ़ाने और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए भलुही, बलियरी, बभनडीहा के किसानों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 280 मरीजों की जांच कर उन्हें दवा वितरित करायी। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड़ ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारे जीवन चक्र में स्वास्थ्य ही मुख्य आधार है। जब हम प्रदूषण और हानिकारक दवाओं और खाद के प्रयोग वाले उपज भोजन में शामिल कर लिए हैं। ऐसे में हमें जैविक खेती की तरफ लौटना होगा और स्वस्थ रहने के लिए खुद से प्रयास करना होगा। इस मौके पर डा. अभिनव, डा. दिनेश मीणा, डा. सविता मीणा, डा. बाबू लाल, रमाशंकर, सुधीर, संत कुमार, उमेश कुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मां वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने हासिल की उपलब्धि

**बधाई हो**

**आर्यभट्ट गणित चैलेंज के दूसरे चरण में चमके दो सितारे**

जनसंदेश न्यूज



**सोनभद्र।** मां वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सीबीएसई द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज के दूसरे चरण में विद्यालय के दो प्रतिभाशाली छात्रों, श्रेयांश और सुमंत ने अद्वितीय प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। बता दें कि पिछले वर्ष भी एमवीएम के 3 छात्रों ने अयभट्ट गणित चैलेंज में परचम लहराया था। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता देशभर के छात्रों के लिए एक बड़ा मंच है। पूरे प्रयागराज जोन से चयनित 100 छात्रों में एमवीएम स्कूल के श्रेयांश और सुमंत ने जगह बनाई। सोनभद्र, मिजार्पुर और चंदौली जैसे जिलों के हजारों छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद इन दोनों छात्रों ने अपनी गणितीय दक्षता, तार्किक सोच और मेहनत से यह सफलता पाई। प्रधानाचार्य सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। विद्यालय का लक्ष्य छात्रों को उनके सपने पूरे करने में सहयोग देना है। प्रबंधक रमा शंकर दुबे ने कहा कि श्रेयांश और सुमंत की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।

यह हमारे स्कूल की गुणवत्ता और छात्रों की क्षमता का प्रमाण है। इस शानदार प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया है कि सफलता का मूल मंत्र परिश्रम, समर्पण और अनुशासन है। विद्यालय होनहार छात्रों को विशेष सम्मान समारोह में पुरस्कृत करेगा।

### हिण्डाल्को ने किया स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को सी.एस.आर. विभाग द्वारा सामुदायिक परिवार कल्याण केन्द्र, झारो खुर्द में स्वस्थ्य शिशु प्रतियोगिता का आयोजन मुखिया समीर नायक के मार्गदर्शन में एवं अनिल झा के नेतृत्व में किया। इसका उद्देश्य ग्रामीण माताओं को बच्चों के सम्पूर्ण विकास, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा देखभाल हेतु जागरुक करना था। प्रतियोगिता में 59 बच्चों की भीगदारी रही। ग्रामीण विकास चिकित्सा सेवाओं की चिकित्सक सुनीता श्रीवास्तव और डॉ. टीएन चौबे ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के विषय में हमेशा जागरूक रहें। उन्होंने माताओं को उनके एवं बच्चों के लिए जरुरी पोषण हेतु आहार तालिका की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर माताओं की को प्रोत्साहित किया। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों को सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम सफल बनाने में सचिन सिंह, हरिहर यादव, विश्वनाथ, गोविन्द लाल, सरिता वर्मा का योगदान रहा।

# विधायक खेल महाकुंभ में मेरठ को हरा चोपन टीम विजेता



**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ के दूसरे दिन शुक्रवार को क्रिकेट मैच का दूसरा मुकाबला मेरठ और चोपन टीम के बीच खेला गया। बेस्ट दर्शक अनंतू शर्मा व सदर विधायक भूपेश चौबे ने टॉस करा कर मैच का शुभारंभ किया। चोपन की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में नौ विकेट खोकर 156 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। चोपन की तरफ से अवनीश ने 23 गेंदों पर 48 रनों की पारी खेली। मेरठ की तरफ से अपूर्व विक्रम सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट चटकाए। जवाब में उतरी मेरठ की टीम स्कोर का पीछा करते हुए 15 ओवर में 136 रन पर सिमट गयी। मेरठ की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए आलम ने 19 गेंद पर 47 रनों की पारी खेली। चोपन की तरफ से दुर्गेश मंडेला ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर 21 रन देकर तीन विकेट लिए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर कृष्ण मुरारी गुप्ता, सुरेश शुक्ला, नवल वाजपेई, अमित पांडेय आदि मौजूद रहे। अम्पायर अंशु व विनय, स्कोरर आर्यन और सूरज रहे।

## सास, जेठ पर लगाया मारपीट का आरोप मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय निवासी एक महिला ने अपनी सास व जेठ पर गर्म पानी उड़ेल देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। महिला की शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बिल्ली प्राइमरी स्कूल निवासी महिला का आरोप है कि शुक्रवार को उसकी सास रीता देवी व जेठ कृष्णा राज ने उसके ऊपर गर्म पानी व चूना उड़ेल दिया। जिससे वह झुलस गयी। महिला का कहना है कि उसका पति दिल्ली में काम करता है। वह पिछले काफी समय से अपने बच्चों के साथ अपने ससुराल में ही रहती है। लेकिन उसकी सास व जेठ किसी न किसी बात को लेकर उसके साथ आये दिन मारपीट और गाली गलौज करते हैं। इस दौरान सास व जेठ ने गाली गलौज के दौरान उसके ऊपर गर्म पानी व चूना उड़ेल दिया। पुलिस महिला की शिकायत पर सास व जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मानस नवाह्न पाठ में राम दरबार का हुआ शृंगार, उतारी आरती

**भव्य शृंगार**

**प्रभु राम का वनवास ना होता तो विश्व का कल्याण न होताः सूर्य लाल मिश्र**

जनसंदेश न्यूज



राम दरबार की आरती करते समिति के पदाधिकारी

**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब में चल रहे श्रीरामचरितमानस नवाह पाठ के चतुर्थ दिवस राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया और भगवान के वनवास की झांकी का दर्शन भक्तजनों ने किया। रामचरितमानस के दोहा और चौपाई का गायन करते हुए मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम का वनवास ना होता तो विश्व का कल्याण ना होता। ऋषि-मुनियों और ब्राह्मणों को सताने वाले राक्षसों का नाश ना होता।

आचार्य ने कहा कि इसका माध्यम बनी उनकी माता केकई और कैकई को वनवास का सुझाव देने वाली मंथरा थी। इस मार्मिक दृश्य को सुनकर, देखकर भक्तजनों की आंखे भर आई तथा जो केकई और मंथरा ने भगवान श्री राम के 14 वर्ष के वनवास के लिए दोषी थी, उन्हें कटु शब्दो से संबोधित करने लगे। यह कथा लोक में प्रचलित है और हजारों वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भी कोई अपने पुत्री का नाम कैकेई और मंथरा नही रखता है। जबकि प्रभु राम के ह्रदय में माता कैकेई और दासी मंथरा के प्रति अगाध प्रेम था। जिसे तुलसीदास ने अपने ग्रंथ रामचरितमानस में उद्धित किया है। वही एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में कथा वाचक नीरज ने धनुष यज्ञ पर बोलते हुए कहा कि धनुष के टूटते ही विवाह हो गया लेकिन कुलगुरू हैं, उससे पूछ कर वंश व्यवहार के अनुरूप अयोध्या नरेश को पत्र भेजकर बुलाने की सलाह दिया।

उन्होंने परशुराम संवाद पर बोलते हुए कहा कि तेहिं छड राम मध्य धनु तोड़ा। भरे भुवन ध्वनि घोर कठोरा। धनुष के टूटने की आवाज से सारा भुवन में नाद हुआ जिसकी जिसकी आवाज सुनकर परशुराम यज्ञ स्थल पर आ गए उन्हें देख कर सारे राजा थरथर कांपने लगे। उन्होंने विवाह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम सिया सिर सिंदूर देहि। शोभा कहीं न जात विधि केही। भगवान राम ने सीता की मांग में सिंदूर डालकर विवाह की विधि को पूरा किया। मंच का संचालन करते हुए आचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि सिंदूर प्रेम का प्रतीक होने से पति के प्राण आयु को संरक्षित रखने की क्षमता होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, इंद्रदेव सिंह, अयोध्या दूबे, मिठाई लाल सोनी, राजनरायण तिवारी, सुशील पाठक, किशोर केडिया, धर्मवीर तिवारी, राकेश त्रिपाठी, रमेश केसरी, जेएस चतुवेर्दी, राजेंद्र केसरी, संजय जयसवाल, महेश दुबे, पप्पू शुक्ला, विमलेश पटेल, जेपी गुप्ता, मन्नू पांडे, सुधाकर दुबे, देवानंद सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हवन, भंडारे के साथ रामकथा का समापन



भंडारे में प्रसाद वितरित करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

**चोपन।** स्थानीय प्रीतनगर में चल रही नौ दिवसीय राम कथा शुक्रवार को संपन्न हो गई। समापन के बाद हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। कथावाचक पं. दिलीप कृष्ण भारद्वाज एवं राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। श्रद्धालु पहले हवन में आहुति डाली और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। व्यास ने कथा में भक्तों को राम कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को प्रेरित करते हुए कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है, व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि राम कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। राम कथा से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन, बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील सिंह ने कथा सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करने वाले सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजा मिश्रा, नवल किशोर चौबे, कमल किशोर सिंह, रजनीकांत सिंह, हंसराज शुक्ला, दया सिंह, बबलू सोनी, अरविंद उपाध्याय, अनिल यादव, दीनदयाल सिंह, नागेंद्र विश्वकर्मा, विकास सिंह, मुकेश पटेल, अंकित सोनी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दामाद ने धारदार हथियार से सास-ससुर पर किया हमला

**मचा हड़कंप**

**घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रपुरा गांव में गुरुवार की रात दामाद ने अपने सास व ससुर को धारदार हथियार से हमला कर लहुलुहान कर दिया। घटना में दोनों के हाथ व पैर में गंभीर चोटे आई है।

घटना के बाद मौके पर जुटे आस पास के लोगों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने हालत चिंताजनक देख ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताते हैं कि मिश्रपुरा गांव निवासी सुबाष गोंड 52 वर्ष पत्नी सितारा देवी के साथ रहते है। जहां उनका दामाद आया हुआ था।

इस दौरान किसी बात को लेकर दामाद की सास से कहासुनी हो गई। जिसके बाद उसने अपनी सास को थप्पड़ मार दिया। कुछ देर के बाद जब सुबाष घर आये तो उनकी पत्नी ने सारी आप बीती बताई। इस पर सुबाष ने दामाद को जमकर खरीखोटी सुनाई। गुस्से में दामाद ने धारदार हथियार से रात में सो रहे सास के पेट पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। तेज आवाज सुनकर ससुर बचाने गए तो उनके ऊपर भी हमला कर दिया। इसके बाद गाली देते हुए भाग निकला। घटना में दोनों बुरी तरह लहूलुहान हो गए।

आस पास के लोग जब लहूलुहान कपड़े में दामाद को भागते देखा तो सुबाष के घर में लोग गए। देखा तो दोनों पति पत्नी गंभीर स्थिति में जमीन पर गिरे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व एम्बुलेंस पर दिया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से ग्रामीणों ने दोनों को जिलाचिकित्साल भर्ती कराया, जहां स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इस बाबत सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दामाद ने कुल्हाड़ी व चाकू से सास व ससुर को मारकर घायल कर दिया है। बेटी के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हमलावर की खोजबीन की जा रही है।




धारदार हथियार के हमले में घायल सास-ससुर।

# रॉड के हमले से महिला की हत्या

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के काली महाल देशी शराब के ठेके सामने करकटनुमा मकान में रह रही 55 वर्षीय हीरावती की शुक्रवार की भोर में रॉड हमलाकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतका के पुत्र ने घर में रखे गहने और रुपए गायब होने का आरोप लगाया है। नगर क्षेत्र के कालीमहाल में देशी शराब के ठेके के सामने हीरावती पत्नी बालमुकुंद एक करकटनुमा मकान में रहती थी। हीरावती चखना बेचकर अपना जीविकोपार्जन करती थी।

वहीं उसका पुत्र गोबिंद ई रिक्शा चलाकर अपना परिवार चलाता है और पास में ही अपना मकान बनकर रहता है। हर रोज गोविंद अपना ई रिक्शा रात में वहां खड़ा कर, मां से मिलकर अपने घर चला जाता था। गुरुवार की रात भी वह अपना ई रिक्शा खडाकर मां से मिलने ने बाद घर चला गया। शुक्रवार की सुबह लगभग छह बजे उसे किसी ने मां हीरावती की मौत की खबर दी। मौके पर पहुंचे गोविंद ने बताया कि मां के सिर से खून बह रहा था और पास में एक रॉड रखा था।

घटना की जानकारी के बाद मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर पुलिस व फॉरेंसिक टीम साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुत्र ने रुपए और गहने गायब होने का आरोप लगाया है। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक आदित्य लंग्हे, एडिशनल एसपी विनय सिंह भी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। एसपी ने कहा की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्यारे के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही हत्यारों को पकड़ लिया जाएगा।



महिला की हत्या के बाद मौका मुआयना करते एसपी आदित्य लांग्हे

### शराबियों का देर रात तक लगा रहता है जमावड़ा

**डीडीयू नगर।** घटनास्थल पर मौजूद महिलाओं ने कहा कि देसी शराब की दुकान पर देर रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब का सेवन कर आए दिन मारपीट करते हैं। महिलाओं ने बताया उक्त देसी शराब की दुकान को हटाए जाने के लिए एसडीम डीडीयू नगर को बकायदा प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई गई थी। बावजूद अबतक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

## संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर टूटा ट्रैक्टर का गुल्ला, लगा जाम

**नियामताबाद।** क्षेत्र के कुछमन रेलवे फाटक पर शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर का गुल्ला टूट जाने के कारण रेलवे फाटक के दोनों तरफ जाम लग गया, जिसके कारण रेल यातायात बाधित हो गया। आसपास के लोगों ने सहयोग कर जेसीबी के सहारे ट्रैक्टर निकाला जिसके बाद यातायात चालू हो पाया। लगभग 45 मिनट तक रेल यातायात बाधित रहा। फाटक पर आए दिन रेलवे द्वारा ट्रैक मरम्मत कार्य होने के कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है गिट्टी डालकर छोड़ दिए जाने से अक्सर फस जा रहे हैं। आपको बता दें कि सकलडीहा की ओर से आ रही ओवरलोड ट्रैक्टर का कुछमन रेलवे ट्रैक पर ट्रैक्टर का गुल्ला टूट गया, जिस कारण कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया। जगह-जगह ट्रेन को रोक दिया गया। रेलवे ट्रैक पर आए दिन हो रहे हैं मरम्मत कार्य के चलते अक्सर वाहन फंस जा रहे हैं ट्रैक पर गिट्टी डालकर छोड़ दिए जाने के कारण से फस जाया कर रहा है जिस कारण से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बुधवार को मुगलसराय की ओर से आ रही एक कार भी फस गई थी, जिसे आस पास के लोगों ने धक्का देकर निकाला। लोगों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर आए दिन हो रहे हैं। मरम्मत कार्य को अधूरा छोड़ दिए जाने से राहगिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो वही रेल यातायात पर प्रभाव पड़ता है।



कुचमन रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक्टर पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली।

### प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

**नौगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ की आरबीएस के टीम ने शुक्रवार को क्षेत्र के 02 प्राथमिक व 02 आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले कुल 203 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर के आवश्यक सलाह व दवा उपचार किया। आरबीएस के टीम मे शामिल चिकित्सक डा.गंगाराम भारती डा.नीरज कुमार डा.दिनेश कुमार कनौजिया नेत्र सहायक श्यामनंदन एनम नीतू सिंह व किरन ने प्राथमिक विद्यालय केसार प्राथमिक विद्यालय मझगावां (मांझी बस्ती) आंगनबाड़ी केंद्र विशेषरपुर प्रथम व आंगनबाड़ी केंद्र गढ़वा द्वितीय में पढ़ने वाले कुल 203 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर के विभिन्न बीमारियों का लक्षण पाए जाने पर आवश्यक दवा उपचार किया।

### जन चौपाल में विधायक ने विपक्ष पर खूब तंज कसा

**चहनियां।** क्षेत्र के टांडाकला सोनबरसा ग्राम सभा के बाबा कीनाराम रामशाला प्रांगण में पीडीए द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने भाजपा के ऊपर खूब तंज कसे। मुख्य अतिथि विधायक प्रभु नारायण यादव ने कहा कि बाबा अंबेडकर का हम अपमान नहीं सह सकते। इस लिए हम सब लोग मिलकर बदला जरूर लेंगे। जन चौपाल मुख्य रूप से रविंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य, चंद्रमा यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजीव सिंह, रामअवध यादव, प्रमोद यादव, गोलू यादव, मोनू यादव, आनंद सोनकर, सोनबरसा प्रधान प्रतिनिधि आदि लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**कमालपुर।** कस्बा क्षेत्र के इनायतपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास तेज गति से कमालपुर के तरफ से आ रही बाइक कार से टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज हेतु कस्बा स्थित निजी चिकित्सालय में दिखाया गया, जहां हालत गम्भीर देखते हुए आगे के लिए रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि कमालपुर के तरफ से आ रहे तेज गति की बाइक इनायतपुर में फॉर ह्वीलर से पीछे से जा टकराई। जिससे बाइक चला रहे बभनियाव थाना निवासी शशि राम 20 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा घायल की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए कस्बा स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां हालत गम्भीर देख चिकित्सक द्वारा ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए करें आवेदन

**चंदौली।** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए जनपद के सभी विकास खंडों में 17 जनवरी 2025 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इच्छुक लाभार्थी योजना के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। आनलाइन आवेदन पत्र के साथ कन्या का आधार कार्ड, आय व जाति प्रमाण पत्र माता-पिता/अभिभावक, उम्र संबंधी प्रमाण पत्र व बैंक पासबुक की छायाप्रति भी अपलोड करें, ताकि आनलाइन भरे गए आवेदन पत्रों की पात्रता का सत्यापन कराते हुए निर्धारित तिथि को सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जा सके।

### डीएम ने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरे व अन्य सुरक्षा संबंधित जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। बताया की कलेक्ट्रेट परिसर में बने स्ट्रांग रूम में अतिरिक्त ईवीएम मशीनें (सी व डी) कटेगरी की। जैसे ट्रेनिंग के दौरान उपयोग की गई मशीनें, वह मशीनें जो मतदान के पूर्व काम करना बंद कर दी और वह मशीनें जो सही है,लेकिन उनका उपयोग मतदान में नही किया गया हो ऐसी मशीनों के लिए अलग से स्ट्रांग रूम की स्थापना की गई है। राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि, एडीईओ हरि कृष्ण मिश्रा सहित निर्वाचन संबंधी अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### हाई वोल्टेज से कई घरों का जला लाखों का सामान

**सकलडीहा।** सकलडीहा विद्युत उपकेंद्र के ग्रामीण फीडर से संचालित बरठी गांव में गुरुवार की देर रात हाईवोल्टेज होने की वजह से कई घरों का लाखो के बिजली उपकरण जल गए। जिसकी वजह से ग्रामीणों में खलबली मची हुई है। ग्रामीणों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है। क्षेत्र के बरठी गांव में गुरुवार की देर रात हाई वोल्टेज आने के कारण कई घरों में बिजली की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। तेज आवाज होने की वजह से गांव में अंधेरा पसर गया। गांव के मोनू पटेल, राहुल, बबलू कुमार, सोनू जायसवाल, संदीप सिंह, अमर बहादुर ने आरोप लगाया कि हाई वोल्टेज इस कारण आ रहा है कि हल्की केबिल लगा हुआ है। जो जर्जर हो चुका है अगर बदला नहीं गया तो सभी घरों में करेंट उतर जाएगा। एसडीओ सतीश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराया है जल्द ही मरम्मत कराया जाएगा।

# बिजली विभाग ने 70 बकाएदारों का काटा कनेक्शन, 8 लाख वसूले

**कार्रवाई**

**बिजली चोरी में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** उपखंड अधिकारी विद्युत विवेक मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में बिजली विभाग व बिजलेंस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को पुरानी बाजार में बड़े बाकाएदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अवैध कनेक्शनधारियों में हड़कंप मच गया। बिजली विभाग की टीम ने 70 बकायदारों के कनेक्शन काट दिए और बकायदारों से 8 लाख की राजस्व वसूल किया।

साथ ही बिजली चोरी में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया इस दौरान उपखंड अधिकारी विवेक मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि नगर व क्षेत्रीय इलाके में बिजली के बड़े बकायदारों व अवैध कनेक्शनधारियों के खिलाफ लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है। नगर अथवा गांव-गांव जाकर इस योजना का प्रचार किया जा रहा है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गांव में कैंप भी लगाए जा रहे हैं जिससे उपभोक्ता कैंप में पहुंचकर सुगमतापूर्वक अपना विद्युत बकाया बिल जमा कर सके। इसके बाद भी उपभोक्ता बिजली का बकाया बिल का जमा नहीं कर रहे हैं। उनका कनेक्शन काट दिया जा रहा है। कहा कि बकायदारों व अवैध कनेक्शनधारियों के खिलाफ चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। और जो भी बिजली चोरी करते पकड़ा जाएगा। उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अवर अभियंता सुनील कुमार, विकास यादव, उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, विजय, अविनाश, अंजना राज, मनोज, विनय आदि मौजूद रहे।



चंदौली नगर के पुरानी बाजार में चेकिंग अभियान में शामिल अधिकारी।

### स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्र बेहोश

**नौगढ़।** पं.दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय गोलाबाद में आयोजित स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को दोपहर मे दिव्यांशु चौहान 12 वर्ष अचानक बेहोश हो गया। जिसे देख विद्यालय के शिक्षकों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ मे भर्ती कराया। वहीं ठंड लगने से विद्यालय में कक्षा 07 में पढ़ने वाले सत्यम 12 वर्ष व शिवम 14 वर्ष बीमार हो गए। जिनका भी दवा उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जनपद मिजार्पुर के मड़िहान थाना क्षेत्र के मटियानी गांव निवासी धनंजय चौहान का पुत्र दिव्यांशु चौहान उम्र 12 वर्ष पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रय पद्धति विद्यालय गोलाबाद में कक्षा 6 में पढ़ता है। विद्यालय में आयोजित स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को दोपहर करीब 01 बजे अचानक गश खाकर के गिर गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए जाने पर दवा उपचार के बाद दिव्यांशु चौहान की तबीयत में सुधार आने पर चिकित्सकों ने विद्यालय भेज दिया।

# निराश्रित महिलाओं व बुजुर्गों में बांटा कंबल



नौगरहा में कंबल वितरण कार्यक्रम में मौजूद निराश्रित महिलाएं व बुजुर्ग।

**चंदौली।** क्षेत्र के ग्राम नौगरहा में शुक्रवार को निराश्रित महिला, बुजुर्ग व दिव्यागजनों में राजस्व विभाग की लेखपाल शशिकला द्वारा ग्राम प्रधान जोखू राम की उपस्थिति में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जन सहयोग संस्थान के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी व उनके टीम के अंकित सिंह, प्रेम कुमार मौर्य, प्रज्ञानिधि के सहयोग से जरूरतमंद परिवार के लोगों में ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। कंबल को प्राप्त कर सभी लाभार्थियों ने खुशी और आभार व्यक्त करते हुवे सहयोगियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी ने कहा कि ठंड में गरीबों के बीच कंबल वितरण पुनीत कार्य है। समाज के सुविधा सम्पन्न लोगों को अपने पास-पड़ोस के जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि ठंड में कोई भी व्यक्ति ठिठुरने ना पाए।

# पूर्व पीएम के निधन पर अधिवक्ता व शिक्षकों ने जताया शोक

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर पूरे देश में सात दिन का राजकीय शोक है। शुक्रवार को सकलडीहा मे ब्लॉक और तहसील मुख्यालय सहित शिक्षण संस्थानों में शोक संवेदना अधिवक्ता और शिक्षकों की ओर से प्रकट किया गया। इस मौके पर उनके जीवन पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन की खबर लगते ही पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गयी।

पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर राष्ट्रीय झंडा भी झुकाया गया। सकलडीहा तहसील में अधिवक्ताओं ने शोक में दो मिनट का मौन रखते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहे। इसके अलावा सकलडीहा पीजी कॉलेज, ब्लॉक मुख्यालय पर भी शोक संवेदना प्रकट किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय व प्रोफेसर शमीम राइन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह उदारीकरण के जनक भी माने जाते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया। यूपीए गठबंधन के दो बार भारत के प्रधानमंत्री भी रहे। भारत की आर्थिक नीतियों को निर्धारित करने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है और भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने में उनको हमेशा याद किया जाएग स श्रद्धांजलि सभा में बीडीओ विजय सिंह,एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, बार अध्यक्ष अंगद कुशवाहा,महामंत्री उमाशंकर, डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष मनोज पांडेय, महामंत्री उपेन्द्र नारायण सिंह, पंकज सिंह, अतुल तिवारी, अजय कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह रज्जू, अरूण कुमार, अभय मौर्या, जगदीश सिंह, शिवगोविंद सिंह, सच्चिदानंद सिंह, आलोक पांडेय सहित अन्य रहे।

### पूर्व पीएम के निधन पर जताया शोक

**चहनियां।** कस्बा में खण्ड विकास कार्यालय परिसर में जॉइंट बीडीओ ओम प्रकाश अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक संवेदना ब्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन रखकर शांति की कामना किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी राकेश दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का कार्य किये। लंबी बीमारी के बाद 92 वर्ष की अवस्था में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में उनका निधन हो गया। देश के आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले विश्व के सर्वश्रेष्ठ अर्थशास्त्री रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर के पद पर कार्य करते हुए कार्य संभाला। आज हमारा देश निश्चित तौर पर प्रगति कर रहा है। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी राकेश दीक्षित, एडिओ आईएसबी नित्यानंद सिंह, बीओपीआरडी अनिष सिंह, लेखाकार अर्चना वर्मा, जितेंद्र प्रसाद, मनोज श्रीवास्तव, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय यादव, सर्वजीत गौतम, कृष्णा गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, पवन शर्मा समस्त स्टाफ व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**चंदौली।** जिला मुख्यालय पर स्थित चन्द्रा त्रिपाठी भवन कांग्रेस के दफ्तर के सभागार ने जिले भर से जुटे कांग्रेसजनों सहित पूर्व पदाधिकारियों में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा मे डा.मनमोहन सिंह को याद करते हुए जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि साधारण परिवार से निकल कर देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित किया। डॉ.मनमोहन सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी और दुनिया के महान अर्थशास्त्रियों में से एक थे।

उन्होंने अपने पीएम कार्यकाल में बेपटरी हो रही अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी, जिसका परिणाम रहा कि भारत आज दुनिया मे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश है। कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में अध्ययन-अध्यापन से लेकर आरबीआई के गवर्नर के रूप में मिले उत्तरदायित्वों का निर्वहन बड़ी ही गंभीरता से किया। यही नहीं एक राजनेता के रूप में केंद्र सरकार में वित्त मंत्री के रूप में उनके द्वारा बनाई गई परियोजनाओं का लाभ देश के मध्यम और गरीब तपके के लोगों को मिला, जिसका वर्तमान सरकार अनुसरण तो कर रही है लेकिन ठीक से मॉनिटरिंग के अभाव में मनरेगा जैसी प्लानिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। आयोजित शोक सभा मे जुटे कांग्रेसजनों ने भी बड़ी श्रद्धा और नम आंखों से डा.मनमोहन सिंह को याद किया और कहा कि डा.मनमोहन ने बड़बोलेपन और पद के अहंकार को एक किनारे रखकर मौन को अपना हथियार बनाया और खामोशी से चुनौतियों का सामना कैसे किया जा सकता है यह भारतीय लोकतंत्र में बड़बोले नेताओ को बताया। दुनिया की भाषाओं में एक नई भाषा मौन की भाषा शामिल हुई जिसकी ताकत को पूरी दुनिया ने देखी। उन्होंने मनरेगा, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, आर्थिक उदारीकरण, 9 प्रतिशत जीडीपी विकास दर, आधार और डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर, यूपीआई पेमेंट प्रणाली जैसी व्यवस्थाएं दी। साथ ही भारत को वैश्विक मंदी से बचाया व 20 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष राम गुप्ता, मधु राय, आनंद शुक्ला, रजनीकांत पांडेय, सतीश बिंद, गंगा प्रसाद, डा.राम आधार जोसेफ, राहुल सिंह, प्रदीप मिश्रा, मुजाहिद अख्तर, श्रीकांत पाठक, चंद्रवंश यादव, शिवेंद्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, सत्येंद्र उपाध्याय, नरेंद्र तिवारी, अमरदेव राम, सरफराज खान सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।




डा. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते चंदौली के कांग्रेसी।

# उच्च कोटि के अर्थशास्त्री थे डॉ. मनमोहन सिंह

**बोले रामकिशुन**

**सदियों तक उनकी कमी देश महसूस करता रहेगा**

**डीडीयू नगर।** डॉ मनमोहन सिंह पूर्व प्रधानमंत्री विश्व स्तर के उच्च कोर्ट के अर्थशास्त्री विद्वान कुशल प्रशासक डॉक्टर मनमोहन सिंह पूर्व प्रधानमंत्री थे। उनकी आर्थिक नीतियों से देश का विश्व स्तर में स्थान स्थापित करने मे महत्वपूर्ण योगदान रहा। वित्त मंत्री के रूप में भी इनके बहुत से कार्य देश के हित में किए गए। आरबीआई के गवर्नर तथा विदेशों में अधिकारी के रूप में ख्याति प्राप्त है। उनके निधन से देश ने एक राजनेता के साथ-साथ आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ को खो दिया।

इनके निधन से पूरा देश दुखी और मर्माहत है।सदियों तक उनकी कमी देश महसूस करता रहेगा। नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उक्त बातें पूर्व सांसद रामकिशन ने कही। मुझे सांसद के रूप में उनके कार्यकाल में इनके भाषणों विचारों को सुनने और समझने का अवसर मिला। शोक सभा में बाबूलाल यादव पूर्व प्रमुख विजय धूलिया पूर्व प्रधान शिव मूरत राम प्रेमतिवारी संजय भारती पारस यादव सभासद अनिल यादव दाढ़ी रामनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कालीमहाल चौराहा स्थित कैम्प कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा आयोजित कर कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर विचार गोष्टी किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता,आनंद शुक्ल, बृजेश गुप्ता, नेहाल अख्तर, दशरथ चौहान, राकेश सिंह, संजय मिश्रा,तारिक अब्बास, ट्रिजा एलियट,डा. नन्दलाल गुप्ता, राकेश राज, रामसेवक पटेल ,फैयाज अंसारी,मोहन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। नगर स्थित रिक्शा स्टैंड में एक सर्वदलीय दलों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर चेयरमैन सोनू किन्नर,अकील अहमद बाबू, अरविंद सिंह, मुसाफिर चौहान, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शमीम अहमद मिल्की, गुरु पुरन पटेल, तिलकधारी बिंद, कयामुद्दीन अंसारी लक्ष्मण चौहान, सुरेंद्र चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।



डीडीयू नगर में मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

### मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**डीडीयू नगर।** नगर के सर्कस मोड़ पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक सवेंदना व्यक्त किया गया। इस दौरान मुगलसराय विधानसभा के सपा के पूर्व प्रत्याशी चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि मनमोहन सिंह एक ऐसे प्रधानमंत्री थे जो अर्थशास्त्री भी थे, जिस तरह के उन्होंने फैसले लिए वह आज बता रहे हैं कि कितनी सूझबूझ के साथ उन्होंने वह फैसले लिए थे। उन्होंने कहा था कि उनका नेतृत्व कमजोर नहीं है और इतिहास उनके प्रति दयालु होगा। राजनीतिक मजबूरियों के बीच मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। इस दौरान तस्लीम अंसारी, सुदामा यादव, विरेंद्र प्रधान, शाहिद शिबू, संतोष कुमार, राजकुमार कन्नौजिया, अमित खरवार, अजय इंद्रेश, संजय, रामकेश, प्रदीप, शिवशंकर, ओमजी, अजय विधायक मौजूद रहे।

# अमित शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग



भोगवारे में डा.अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव।

**जनसंदेश न्यूज**

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र के भोगवार स्थित बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के भोगवार स्थित प्रतीमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि जिस तरह से देश के गृहमंत्री जी ने उनके बारे में संसद में नीचा दिखाते हुए उपेक्षा पूर्ण उद्बोधन किया। उससे देश के करोड़ों लोगों को ठेस पहुंची है। कहा कि गृहमंत्री अमित शाह को नैतिकता के आधार पर अपने पद से तुरंत त्यागपत्र दे देना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं। तब पूरा पीडीए परिवार उनके बयान की भर्त्सना किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री से उन्हें बर्खास्त करने की मांग किया गया। संगोष्ठी में पारस यादव सभासद, विजय धुरिया, मुन्ना सिंह, शिवमूरत प्रधान, शिवशंकर शुक्ला, अमित खरवार सभासद, राजकुमार कन्नौजिया, संतोष सभासद, कमलेश, सुरेन्द्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स



चीन में इंग्लैंड के रोनी ओ सुलिवन माकाओ स्नूकर मास्टर्स गोल्फ में खेलते हुए।

मेलबर्न टेस्ट

बार्डर गावस्कर ट्रॉफी

## भारत पर फॉलोऑन का खतरा, ऋषभ-जडेजा पर टिकी उम्मीदें

**मेलबर्न।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारतीय टीम पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है। टीम ने शुक्रवार को स्टंप्स तक 164 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए हैं। ऋषभ पंत 6 और रवींद्र जडेजा 4 रन पर नाबाद लौटे हैं। भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन और बनाने हैं। इस मैच का फॉलोऑन मार्क 275 रन है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाए हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल की 82 रनों की शानदार पारी की सहायता से भारतीय टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर सीरीज के चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 164 रन बनाये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ऋषभ पंत 6 और रविन्द्र जडेजा 4 रनों पर खेल रहे थे। वही इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए हैं। ऐसे में भारतीय टीम अब भी उससे 310 रनों से पीछ है। दूसरे दिन के खेल में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी रही। बल्लेबाजी के दौरान जहां स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं इसके बाद उसके गेंदबाजों ने आधी भारतीय टीम को पेवेलिन भेज दिया।

अंतिम सत्र में मेजबान टीम हावी हो गयी। 474 रनों का पीछ करते हुए एक समय भारतीय टीम ने दो विकेट पर 153 रन बनाये थे। इसके बाद छह रनों के अंदर ही भारतीय टीम ने तीन और विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बदकिस्मती से रन आउट हो गये। यशस्वी ने कोहली के साथ 102 रन की साझेदारी की। यशस्वी के रन आउट होते ही भारतीय टीम दबाव में आ गयी। यशस्वी 82 रन बना सके जबकि विराट कोहली ने 36 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे आकाश दीप भी शून्य पर ही आउट हो गये। भारतीय पारी की शुरूआत बेहद खराब रही और कप्तान रोहित शर्मा तीन रन और केएल राहुल 24 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले आज सुबह ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले दिन के 6 विकेट पर 311 रनों से आगे खेलते हुए अपनी पहली पारी में 474 रन बनाये।

### स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने बनाये 474

#### भारतीय टीम ने यशस्वी के अर्धशतक से पहली पारी में 5 विकेट पर 164 रन बनाये, फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन और बनाने होंगे



**दोनों टीमें इस प्रकार**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक चार विकेट लिए। मेजबान टीम की पहली पारी में शीर्ष क्रम के सभी 4 बल्लेबाजों ने 50 से अधिक रन बनाये जबकि स्मा?थ ने 140 रन बनाकर सीरीज का अपना दूसरा शतक लगाया। भारतीय टीम की ओर से बुमराह के 4 विकेट के अलावा रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। आकाश दीप को 2, वाशिंगटन सुंदर को 1 विकेट मिला।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी रही। 19 साल के सैम कोंस्टास ने अपने डेब्यू मैच में ही अर्धशतक लगाकर टीम को शानदार शुरूआत दी। फिर कोंस्टास ने 11वें ओवर में बुमराह की गेंदों पर कुल 18 रन बनाये। कोंस्टास ने तूफानी बल्लेबाजी जारी रखी और सिर्फ 52 गेंदों पर अर्धशतक लगा दिया। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने संभलकर खेले और दोनों ने 65 रनों की साझेदारी बनायी। 237 के स्कोर पर जहां लाबुशेन 72 रन बनाकर आउट हुए। वहीं ट्रेविस हेड 0 पर बुमराह की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। आकाश दीप ने एलेक्स कैरी को 31 रन पर पेवेलिसन भेजा।

दूसरे दिन के खेल के पहले सत्र का आकर्षण स्मिथ की शानदार पारी रही। स्मिथ ने 9 चौके और दो छक्के की मदद से 167 गेंदों पर अपना शतक लगाया। स्मिथ का ये लगातार दूसरा शतक रहा स्मिथ ने टेस्ट करियर का यह 34वां और भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक बनाया। स्मिथ अब भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। स्मिथ और पैट कमिंस के बीच सातवें विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी हुई। कमिंस 49 रन बनाकर रवींद्र जडेजा की गेंद पर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच हुए। आठवें विकेट मिचेल स्टार्क का गिरा। मिचेल ने 15 रन बनाये। इसके बाद स्मा?थ भी 150 रन बनाकर आउट हो गये। अंतिम विकेट नाथन लॉयन 13 का गिरा जबकि स्कॉट बोलैंड 6 रन बनाकर नाबाद रहे।

### स्मिथ 10 शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने यहां बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय टीम के खिलाफ शतक लगाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। स्मिथ इस मैच में 140 रन बनाने के साथ ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 10 शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के नाम इस सीरीज में 9-9 शतकों का रिकार्ड था।

### दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन




**सुजानगंज।** क्षेत्र के अपेक्स एकेडमी नगौली के परिसर में चल रहे दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र छात्राओं ने प्रति भाग किया जिसमें दौड़, टेनिस, क्रिकेट, लंबी कूद, फुटबॉल आदि का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।खेल उत्सव में भाग लेने वाली टीमें वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता में येलो हाउस ने ब्लू हाउस को हराकर जीत हासिल किया और रस्साकशी खेल में रेड हॉउस ने ब्लू हाउस को हराया। वहीं पर हाई जंप में भी येलो हाउस का दबदबा कायम रहा। क्रिकेट में रेड हॉउस ने जीत हासिल कर अपना परचम लहराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा कांग्रेस कमेटी रेखा सिंह ने कहाकि खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है। आज के समय में खेल-कूद अति आवश्यक है। बच्चे ही हमारे देश के भविष्य होते हैं। यह विद्यालय परिवार लगातार ऐसे आयोजनों को आयोजित करके बच्चों को उत्साहित करने का कार्य कर रहा है। हम हर सम्भव विद्यालय को और मजबूत बनाने के लिए मदद करेंगे। विद्यालय के प्रबंधक विवेक मौर्य ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सभी अध्यापक कड़ी मेहनत से इस खेल उत्सव को सफल बनाने में कई दिनों से मेहनत कर रहे हैं और शिक्षण कार्य को न बाधित करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से लगे हुए हैं। इस अवसर पर ज्योति मौर्या, दीपक यादव, विकास, अमित यादव, प्रदीप मौर्य शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डा.अंबेडकर ने समानता व समरसता को किया स्थापित: वीरेंद्र

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर धराव में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान को बचाने और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बिन्द ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर भारत ही नहीं विदेशों में भी पूजे जाते हैं।

यह गौरव उन्होंने अपनी शिक्षा के बूते हासिल किया। उन्होंने भारतीय समाज में समानता व समरसता को स्थापित करने का काम किया है। आरक्षण के जरिए पिछड़े व दलित वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ा। ऐसे में इनके ऊपर की गई अपमानजनक टिप्पणी अक्षम्य है। कहा कि गृह मंत्री को अपने इस कृत्य के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर सांसद वीरेंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। जिन्होंने संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने का आह्वान किया। कहा कि संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायन राजभर, रमेश यादव, राजेश यादव, दयाराम यादव, राम जियावन यादव, शिव बचन यादव, उदल बिन्द, सिताराम प्रजापति, पवन यादव, मेहनाज खा, महंगु राम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पाचू राम व संचालन रामजन्म यादव ने किया।



पीडीए चर्चा कार्यक्रम में मंचासीन सपा के नेता।

### संविधान व डॉ.अंबेडकर के बारे में दी जानकारी


**चकिया।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चकिया विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पर्वतपुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम संविधान को बचाने और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान संविधान बचाने के साथ ही बाबा साहेब के व्यक्तित्व, उनके योगदान पर चर्चा की गई। अश्वनी सिंह ने डा.अंबेडकर के विचारों को कार्यक्रम में रखा। साथ ही संविधान को देश के लिए जरूरी बताया। कहा कि बाबा साहेब द्वारा दिए गए संविधान की बदौलत देश आगे तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष प्रभु नारायण यादव, अरुण सिंह पटेल, बब्बन यादव पूर्व प्रधान, अनिल पटेल पूर्व प्रधान, रमेश यादव, रामकृत आदि मौजूद रहे।



पर्वतपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अश्वनी सोनकर।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'सीआईडी' देखने के बाद कई बच्चे पुलिस बल में शामिल होने के लिए हुए प्रेरित: आदित्य श्रीवास्तव



**मुंबई ।** क्लासिक क्राइम ड्रामा सीआईडी सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर वापस आ गया है, जिससे कई लोगों की बीते जमाने की यादें ताजा हो गई हैं। यह शो, जिसने दो दशकों से अधिक समय तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है, अब हर शनिवार और रविवार रात 10 बजे चैनल पर प्रसारित हो रहा है। शो के साथ ही इसकी प्रसिद्ध तिकड़ी – शिवाजी साटम, आदित्य श्रीवास्तव, और दयानंद शेट्टी वापस आ गए हैं, जो एसीपी प्रद्युमन और सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और दया की भूमिकाएं दोबारा निभा रहे हैं, जिससे उनके फैंस बेहद खुश हैं। एक खास इंटरव्यू में, हम सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत, यानी आदित्य श्रीवास्तव से मिले, जिन्होंने अपने किरदार के विकास, नए सीजन की शूटिंग के अपने अनुभव, और इस ऐतिहासिक शो को लेकर फैंस की उम्मीदों बारे में खुलकर बात की। आदित्य ने बताया कि सीआईडी की विरासत कुछ ऐसी है जिस पर मुझे बेहद गर्व है। यह देखने का अनुभव बेहद सुखद है कि सीआईडी ने दर्शकों के साथ एक अनोखा रिश्ता बना लिया है। शो का प्रभाव केवल उन मामलों तक सीमित नहीं है जो हमने सुलझाए हैं, बल्कि यह किरदारों, उनके आपसी संबंधों, और दर्शकों से कनेक्ट करने के हमारे तरीके के बारे में है। इतने सालों से, सीआईडी एक घरेलू नाम बन गया है, इसके प्रतिष्ठित किरदार और उनके यादगार डायलॉग दर्शकों के मन में बस गए हैं। यही सांस्कृतिक छाप इस शो की असल ताकत को दशार्ती है। कहा कि यह शब्दों में बयां करना मुश्किल है, लेकिन इतने लंबे अंतराल के बाद सीआईडी को स्क्रीन पर वापस देखना हम सभी के लिए एक भावुक पल था, जैसे कि किसी पुराने दोस्त से फिर से मिलने पर जो एहसास होता है बिल्कुल वैसा ही। जब पहला एपिसोड प्रसारित हुआ, तो मैं यह सोचने से खुद को रोक नहीं पाया कि शो कितना विकसित हो गया है, लेकिन इसके साथ ही यह अपनी जड़ों से भी जुड़ा हुआ है। यह भी बेहद सुकून देने वाली बात थी कि नई पीढ़ी के दर्शक भी शो से जुड़ रहे हैं, जिससे इसकी वापसी और भी खास बन गई है।

### जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी 2025 को होगी रिलीज



**मुंबई।** फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट ने जुनैद खान और खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म का टाइटल अनाउंस कर दिया है। इस फिल्म को अद्वैत चंदन ने डायरेक्ट किया है और इसका नाम है लवयापा! आने वाली ये रोमांटिक-कॉमेडी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। फिल्म की यंग और फ्रेश एनर्जी दर्शकों को खूब पसंद आएगी। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं इन दो उभरते सितारों की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने के लिए, जो मॉडर्न रोमांटिक-कॉमेडी को एक नया अंदाज देने वाले हैं। लवयापा प्यार और उसकी उलझनों की कहानी है, जिसमें मस्ती और हंसी का तड़का है। यह फिल्म दर्शकों के लिए एक खास तोहफा बनने वाली है। इस बड़े प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं दो दमदार प्रोडक्शन हाउस – फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट। फैंटम स्टूडियोज का नाम हमेशा बेहतरीन हिट फिल्मों को बनाने के लिए जाना जाता है, जबकि एजीएस एंटरटेनमेंट ने कई हिट फिल्में दी हैं। इन दोनों के साथ आने से लवयापा में खास जोश और एनर्जी देखने को मिलने वाली है। लवयापा एक मॉडर्न रोमांस है, जो दिल को छू लेने वाली कहानी, बेहतरीन परफॉर्मेंस, मजेदार म्यूजिक और खूबसूरत विजुअल्स से भरपूर है। यह फिल्म प्यार के हर पहलू को सेलिब्रेट करती है और हर उम्र के दर्शकों से जुड़ने के लिए तैयार है। लवयापा 2025 की सबसे एक्साइटिंग फिल्मों में से एक बनने जा रही है।

## संक्षेप

### ग्राम स्वराज मंच ने पदयात्रा निकाल किया प्रदर्शन




**नियामताबाद।** ग्राम स्वराज मंच द्वारा वीर बाल दिवस का आयोजन तहसील परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम स्वराज मंच के जिला प्रभारी अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला प्रभारी अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की शहादत को याद कर बीरबल दिवस मनाया गया। धर्म और मानवता के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले अजत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत देश के प्रति साहस और बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने देश के खातिर मुगलों से लड़ते हुए अपनी जान दे दी और बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर विरोध जताया और केंद्र सरकार से तत्काल अत्याचारों पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की और कार्यक्रम के अंत में ग्राम स्वराज मंच के बैनर तले मुगलसराय बाईपास से लेकर तहसील परिषद तक विरोध प्रदर्शन करते हुए पदयात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री यशवंत कुमार, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख भैयालाल, संत प्रमुख शिवकुमार, विनय, प्रभुपाल, चंद्रशेखर, आलोक, दुर्गावती, बबलू चौहान, चिराग, चंदन और आचार्य भाई-बहन उपस्थित रहे।

### बकाया वसूली कम होने पर मुख्य अभियंता ने लगायी फटकार

**सकलडीहा।** विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता वाराणसी मुकेश कुमार गर्ग ने गुरूवार की देर शाम सकलडीहा विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ओटीएस की प्रगति का समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने बिजली बिल वसूली के कड़े निर्देश दिया। साथ ही बकाएदारों का कनेक्शन काटने और मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। वही मुख्य अभियंता का तेवर देख बिजलीं विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सकते में रहे। बिजली विभाग की ओर से एकमुश्त समाधान योजना के तहत ओटीएस योजना चलाया जा रहा है। जिसके तहत बिजली बिल जमा करने पर ब्याज में छूट मिल रही है। इसको लेकर गांव-गांव में कैम्प लगाया जा रहा है। इस योजना की प्रगति की जानकारी लेने मुख्य अभियंता वाराणसी मुकेश कुमार गर्ग ने गुरुवार की देर शाम सकलडीहा विद्युत वितरण उपखंड पहुंचे। जहा उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक किया। जिसमें उन्होंने कम बसूली करने पर सकलडीहा सहित कई जेई को जमकर फटकार लगाई और कार्रवाई की चेतावनी दिया। उन्होंने कहा कि बड़े बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाए। उनका कनेक्शन काटे। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर मुकदमा भी दर्ज कराए।अगली बार समीक्षा में जिसका टारगेट कम रहेगा। उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एक्सईएन बिपिन कुमार, एसडीओ सतीश कुमार, जेई रबिन्द्र राय, मनीष कन्नौजिया, इंद्रजीत सिंह, अजय सिन्हा, प्रवीण सिंह, संजय, मुन्ना, विपिन उपस्थित रहे।

## मनमानी से लंबित हैं शिक्षकों की समस्याएं

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय व जिला महामंत्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीप्रकाश सिंह से मिला। इस दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षकों से संबंधित लंबित समस्याओं के निराकरण में हो रहे विलंब पर नाराजगी जाहिर की। अंत में पत्रक सौंपा कार्यालय स्तर पर शिक्षकों के समस्याओं के निदान किए जाने की आवश्यकता जताई।

इस दौरान शिक्षकों ने आरोप लगाया कि पटल सहायकों की मनमानी चरम पर है। माह जुलाई 24 से चयन वेतनमान की सैकड़ों की संख्या में पत्रावली कार्यालय को प्राप्त होने पर कोई कार्यवाही नहीं होना इसका उदाहरण है। अदेय वेतन से संबंधित संख्याएं विगत कई माह से कार्यालय को प्राप्त है पर कोई निराकरण नहीं हुआ। अस्थाई व स्थाई वेतन वृद्धि का भी यही हाल है। उक्त के संदर्भ में संगठन ने अल्टीमेटम दिया है यदि एक पखवाड़े में उक्त वर्णित प्रकरण हल नहीं किये गये तो संगठन बाध्य होकर अग्रेतर कार्यवाही करेगा, जिसका सारा उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय का होगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुनील सिंह, जिला प्रवक्ता बलराम पाठक, शशिकांत गुप्त जिला कोषाध्यक्ष, संतोष वर्मा आदि उपस्थित रहे।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### ग्रामीण अंचल में फुटबॉल मैच का आयोजन सराहनीय: आशुतोष


**चहनियां।** बाबा कीनाराम स्पोर्टिंग क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में चल रहे पंद्रह दिवसीय फुटबॉल मैच प्रतियोगिता के नौवे दिन मुख्य अतिथि मां खंडवारी देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निदेशक डा.आशुतोष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश गुप्ता फौजी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा फुटबाल को कीक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। फुटबॉल प्रतियोगिता का नौवे दिन का मैच रामगढ़ बनाम नादी के बीच खेला गया। इस खेल के दौरान 40-40 मिनट का दो पाली मे मैच हुआ दोनों टीमों ने संघर्ष पूर्ण जबरदस्त मुकाबला खेला प्रथम हाफ मे रामगढ़ द्वारा नादी को लगातार दो गोल मारा गया दूसरे हाफ मे एक गोल मार कर रामगढ़ ने 3-0 से जीत दर्ज की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आशुतोष सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल मे इस तरह से फुटबाल मैच का आयोजन मन को प्रफुल्लित करता है।खेल मे हार व जीत लगा रहता है खिलाड़ियों को मैदान मे खेल भावना प्रदर्शित करना चाहिए, आज के समय में युवा परंपरागत खेलों से दूर होता जा रहा है। इस प्रकार के खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता समित सिंह, दीनानाथ शर्मा, अजय सिंह पप्पू, रमेश सिंह फौजी, अमित सिंह, अकरम अली, विकास सिंह तथा समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### विजेता विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**चहनियां।** मां खंडवारी पीजी कॉलेज में 20 दिसंबर 2024 को संपन्न हुई मेंहदी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने विजेताओं को अपने हाथों से मेडल, विनिंग पट्टी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकुर बरनवाल बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान प्रिया राय बीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान ज्योत्सना मौर्या एमए थर्ड सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही, अमीषा विश्वकर्मा, आंचल यादव, जन्नत बानो, दीक्षा मिश्रा और चांदनी जायसवाल को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. मंजूली सिंह, डॉ. अनामिका पाठक, और शालिनी शर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में संस्था के निदेशक अवनीश कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार चौरसिया, महिला पी जी कालेज के प्राचार्य डॉ अश्वनी कुमार श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं राजर्षि टंडन विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के रचनात्मक और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहित करती हैं। इस अवसर पर डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ राधाकांत पाठक, डॉ विनोद श्रीवास्तव, संतोष सिंह,अवधेश मिश्रा, धनंजय उपाध्याय, अरुण विश्वकर्मा, विनय सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, अलोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### राशन कार्ड के लाभार्थियों का कराएं आधार सीडिंग:डीएम

**चंदौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद स्तर पर गठित सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक उचित दर दुकान पर प्रत्येक माह नोडल अधिकारियों की ड्यूटी में लाभार्थी को मिलने वाली आवश्यक वस्तुएं सुविधाजनक रूप से प्राप्त होनी चाहिए। अंत्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के मुखिया और उनके परिवार के सदस्यों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराया जाना जरूरी है। कोटेदार यदि राशनकार्ड धारकों को बेवजह परेशान करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



बिजली विभाग द्वारा लगाया गया खंभा कब कहां किसके ऊपर गिर जाए कोई गारंटी नहीं। शुक्रवार की सुबह ख्वाजगी टोला सभासद दीपक जायसवाल के आवास पर गिरा बिजली का खंभा।

# जौनपुर



# मुठभेड़ में अपराधी को गोली लगी, घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**दो अरेस्ट**

**पास से पिकअप, एक तमंचा, खोखा, जिन्दा कारतूस 315 बोर, 7 देसी सुतली बम, एक कुल्हाड़ी व एक जंजीर बरामद**

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त मुठभेड़ में गुरुवार की रात अंतर्राज्यीय शातिर अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया और दूसरा मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक पिकअप, एक तमंचा, एक खोखा, दो जिंदा कारतूस, 7 देसी सुतली बम, एक कुल्हाड़ी, एक लोहे की जंजीर बरामद किया गया। इन दोनों पर 25 हजार का इनाम भी है।

विनोद कुमार मिश्र आपरेशन वज्र के तहत वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना क्षेत्र में भ्रमणशील होकर चौकी क्षेत्र सतहरिया से हाइवे पर होते हुए सुजानगंज ओवरब्रिज के नीचे पहुँचे वहां पर उपनिरीक्षक अरविन्द यादव, विनोद सिंह मय हमराह गश्त पर थे। स्वाट टीम द्वितीय के प्रभारी निरीक्षक रामजनम यादव द्वारा सूचना दी गयी कि कुछ पेशेवर बदमाश एक पिकअप गाड़ी लेकर क्षेत्र मे पशु चोरी की घटना को अंजाम देने हेतु धूमते देखे गए है। थाना प्रभारी ने सभी को सचेत किया। स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक पिकअप गाड़ी मे तीन चार बदमाश सुजानगंज की तरफ से मुंगराबादशाहपुर आ रहे है। स्वाट टीम के द्वारा पीछा किया जा रहा है। पुलिस टीम सुजानगंज रोड की तरफ बड़ी तो कुछ दूर पर गाड़ी दिखी जिसके पीछे स्वाट टीम लगी थी। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी की घेरेबन्दी की गयी। गाड़ी चालक द्वारा जान से मारने की नियत से बम फेंका गया और जान से मारने हेतु पुलिस वालों पर फायर भी किया गया। पुलिस टीम बाल बाल बच गयी। रामपुर तिराहे से गाड़ी मोड़कर भागे और कुछ दूर पर गाड़ी बन्द कर दाहिने से उतरकर एक व्यक्ति निशाना करके जान से मारने की नियत से पुनः पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा में प्रभारी निरीक्षक व स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने सरकारी पिस्टल से फायर किया गया जिससे रवीन्द्र वर्मा निवासी मखदूमपुर थाना खुटहन के दोनों पैर में गोली लग गयी जिसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया और दूसरे बदमाश प्रेमचन्द्र वर्मा निवासी ग्राम वरामदपुर, जरियारी, थाना महरूआ, अम्बेडकर नगर को मौके से पकड़ा गया। दो अन्य बदमाश भागने मे सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के मुताबिक संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मौके से भागे हुए बदमाशों की तलाश जारी है। पशु तस्कर के पास से पिकअप, एक तमंचा 315 बोर मय एक खोखा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, 7 देसी सुतली बम, एक कुल्हाड़ी, एक लोहे की जंजीर बरामद किया गया है। श्री मिश्र ने आगे बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र, रामजनम यादव प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम, अरविन्द कुमार यादव, संदीप यादव, पकंज मिश्रा, संदीप सिंह, विक्रम सिंह रघुवंशी स्वाट टीम, जाकिर हुसैन, आसनी सिंह, प्रितिमा मौर्या शामिल रहीं।



## बकाएदारों का कनेक्शन काटने के दौरान विरोध पर पहुंचा पुलिस बल

**रामपुर।** उप खण्ड क्षेत्र के भानापुर गांव में विद्युत बकाएदारों के कनेक्शन काटने के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। तत्पश्चात एसडीओ मुरलीधर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर कनेक्शन कटवाया। एसडीओ द्वारा बताया गया कि बिजली की छूट आई हुई है इसके बावजूद उपभोक्ता बिजली का बिल नहीं जमा कर रहे हैं। जिसके कारण 10 हजार से अधिक के सभी बकायेदारों की बिजली काटी जा रही है और पचास हजार से अधिक के बकायेदारों का केबल और मीटर उतारा जा रहा है। अगर फिर भी बिल नहीं जमा होगी तो ट्रांसफार्मर से भी बिजली खोल दी जाएगी। लोग विद्युत का उपभोग तो कर रहे है लेकिन बिल नहीं जमा कर रहे है। 31 दिसंबर के बाद छूट घट जाएगी।

## संक्षेप

### शॉर्ट सर्किट से छप्पर में लगी आग, जिंदा जली बछिया

**खुटहन।** धमौर गांव में गुरुवार की रात शार्ट सर्किट से रिहायशी छप्पर में लगी आग से उसमें रखा हजारों की कीमत का गृहस्थी का सामान जल गया। छप्पर में बंधी बछिया जिंदा जलकर मर गई। अगलगी में पचास हजार से अधिक की क्षति का अनुमान है। गांव निवासी राजबहादुर यादव के रिहायशी छप्पर में रात को सोते समय अचानक आग की लपटे उठने लगी। परिवार के लोग जान बचाकर बाहर भाग गये। आग विकराल रूप धर बगल दूसरे छप्पर को भी जद में ले लिया। उसमें खूंटे से बंधी गाय को तो राजबहादुर खोल दिए, लेकिन बछिया नहीं खोल पाए वह जिंदा जल गयी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर पानी फेंक काबू में किया। अगलगी में लगभग 12 क्विंटल खाद्यान्न व अन्य गृहस्थी का सामान जल गया।

### अपहृत बेटी का अब तक सुराग नहीं

**जलालपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 7 दिसंबर को बाजार गई युवती के लापता होने का मामला पुलिस की सुस्ती और दबंगों की धमकियों के चलते उलझता जा रहा है। पीड़ित पिता ने गांव के कुछ दबंगों पर बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि घटना के दिन ही वह थाने पर शिकायत लेकर पहुंचे थे, लेकिन वहां मौजूद एक दीवान ने उनकी गुहार सुनने के बजाय डांटकर भगा दिया। अगले दिन थानाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया, लेकिन अब तक पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। पिता का कहना है कि आरोपित न केवल गांव में खुलेआम घूम रहे हैं, बल्कि बार-बार मुकदमा वापस लेने के लिए धमकियां दे रहे हैं। पुलिस पर भी यह आरोप लगाया गया है कि वह आरोपितों को हिरासत में लेने के बाद बीच रास्ते में छोड़ देती है, जिससे उनका मनोबल और बढ़ गया है। घटना से परिवार गहरे सदमे और दहशत में है। बेटी के सकुशल मिलने की उम्मीद में परिवार ने पुलिस अधीक्षक सहित मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस को जल्द से जल्द कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार करने और बेटी को सुरक्षित बरामद करने के निर्देश दिए जाएं।

### चार वारंटियों का हुआ चालान

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों से न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने के चलते चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अंतर्गत अरगूपुर कला गांव निवासी नरेंद्र पुत्र ईशनरायन, सौरभ पुत्र राम आशीष व आजमगढ़ जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के कटार गांव निवासी डिम्पल पुत्र मानबहादुर व अक्खीपुर गांव निवासी रामसबद यादव पुत्र रमापति कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने हमराहियों के साथ चारों व्यक्तियों को न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने के चलते न्यायालय के आदेश पर एनबीडब्ल्यू में घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### पुलिसिया धर-पकड़ में आधा दर्जन से अधिक वारंटी गिरफ्तार

**सुइथाकला।** न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट की कड़ी में शुक्रवार को क्षेत्रीय पुलिस अभियान चलाकर धर पकड़ के दौरान विभिन्न मामलों में वारण्टी रहे कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी का पुलिस द्वारा स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट की कड़ी में क्षेत्रीय पुलिस धर-पकड़ के दौरान शुक्रवार को चिल्हीरामपुर गांव निवासी तीस वर्षीय भगवानदीन पुत्र कान्ता, रूधौली निवासी पैसठ वर्षीय राम जियावन पुत्र भगमल व साठ वर्षीया सुदामा पत्नी राम जीयावन, लौंदा निवासी सत्तर वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह व अड़तालीस वर्षीय वीरेंद्र सिंह पुत्रगण बद्री सिंह, पैंतीस वर्षीय रवि पुत्र सूबेदार सिंह और कटघर निवासी पैंतीस वर्षीय अवधेश पुत्र आद्या को गिरफ्तार कर लिया। अधिकांश वारण्टी मारपीट, पत्नी विवाद तथा अन्य मामलों में वांछित रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस स्थानीय सीएचसी पर सभी का चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सभी का चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### लेजर व सेवा पुस्तिका अपडेट न देख डीडीओ नाराज

**खुटहन।** जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी ने शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सेवा पुस्तिका, लेजर, जीपीएफ पासबुक पर अद्यतन इंट्री न पाये जाने पर नाराजगी जाहिर किया जिसे तत्काल अपडेट करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को अचानक ब्लाक पर पहुंची डीडीओ को देख कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। वह सीधे बीडीओ कार्यालय में पहुंच क्षेत्र पंचायत के कामों का बारीकी से निरीक्षण किया। मनरेगा के मस्टररोल, इशू रजिस्टर और ईपीएफ से संबंधित फाइलें देख उनकी विधिवत समीक्षा कीं। वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के अभिलेखों का निरीक्षण किया जिसे देख संतुष्टि जाहिर किया। पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान की पेंडेंसी को तत्काल निस्तारण किए जाने को कहा। जाते जाते सेवा पुस्तिका पर कर्मियों के हस्ताक्षर अवश्य कराये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ गौरवेंद्र सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे। लगभग तीन घंटे तक ब्लाक मुख्यालय पर डीडीओ जमी रहीं। उसके बाद वे जिला मुख्यालय वापस लौट गयी तब जाकर कर्मचारियों ने राहत की सांस लिया।

### ग्राम प्रधान को मिला प्रशस्ति पत्र

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के पतौरा गांव के प्रधान को गांव में उत्तम विकास कार्य कराये जाने पर सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। जानकारी के अनुसार विकास खंड मुफ्तीगंज के तीन गांव के प्रधानों को सामुदायिक शौचालय का उत्तम कार्य कराने पर प्रशस्ति पत्र दिया गया जिसमें पतौरा, भदेवरा व बंजारेपुर के प्रधान को सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जब कि ग्राम पतौरा के प्रधान का विकास कार्य कराने में कुछ गांव के अराजक लोगों द्वारा विरोध करने के बावजूद उन्होने विकास करवाया जिसका जीता जागता सबूत प्रशस्ति पत्र है। सरकार के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी अस्मिता सिंह ने ग्राम प्रधान पतौरा के प्रतिनिधि मनोज कुमार सरोज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### सात वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांव से शुक्रवार को पुलिस ने विभिन्न मुकदमों से संबंधित सात वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बदलापुर गजानंद चौबे ने बताया कि मारपीट सहित विभिन्न मुकदमों से संबंधित सात वारंटी अभियुक्त धीरेन्द्र पुत्र कल्पनाथ निवासी खमपुर, जितेन्द्र सिह पुत्र कल्पनाथ सिंह निवासी खमपुर, किरन सिंह पत्नी जितेन्द्र सिंह, निवासी खमपुर, इश्तियाक पुत्र मुंशी रजा निवासी पुरानी बाजार, सेवक पुत्र कल्लू निवासी सरोखनपुर, बृजेश पुत्र शिवमूरत निवासी ग्राम मसनपुर, मीरा पत्नी चाडक निवासी चवरी थाना बदलापुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**सुजानगंज।** क्षेत्र के सर्वेमऊ ग्राम सभा में एक 30 वर्षीय महिला ने साड़ी का फंदा बनाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीया गुड़िया पत्नी शिव नारायण तिवारी उर्फ लल्लू की पत्नी ने शुक्रवार के दिन लगभग दस बजे के करीब साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय सास अनारा देवी दो दिन से आंख का आपरेशन कराने मुंगराबादशाहपुर गई थी। पति के साथ छोटी बच्ची अनामिका 11 वर्ष अपने दादी के साथ ही थी तथा दोनों छोटे बच्चे सचिन 8 वर्ष शिवा 6 वर्ष को बगल में ही प्राथमिक विद्यालय पर पढ़ने के लिए भेज दिया था। लंच के समय बच्चे घर पर आए तो अपनी मम्मी को साड़ी से बंधा देख रोने चिल्लाने लगे जिनकी आवाज सुन आस-पड़ोस के लोग इकट्ठे हुए तथा मृतक महिला के पति को सूचना देते हुए थाना पुलिस को भी सूचना दिया। ग्रामीणों की माने तो महिला कुछ दिनों से विक्षिप्त हरकतें करती थी। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष राजीव मल्ल ने बताया कि महिला मानसिक तौर पर डिस्टर्ब रहती थी जिसके कारण महिला ने फांसी लगा ली जिसका पंचनामा कर विधिक कार्रवाई हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया।



मृतक महिला की फाइल फोटो

## दुकान पर बैठे युवक को मनबढ़ों ने पीटा, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जफराबाद।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में दुकान पर बैठे एक युवक को मनबढ़ों ने जमकर मारपीट दिया जिससे युवक घायल हो गया। उक्त थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी सतीश निषाद गुरुवार की देर शाम को गांव में एक दुकान पर बैठा हुआ था, इसी समय गांव के ही विकास निषाद एक और युवक के साथ आकर सतीश को गाली-गलौज देने लगा। मना करने पर दोनों मनबढ़ युवकों ने सतीश को जमकर लाठी डंडे से पीट दिया। जिससे सतीश निषाद (31) घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल सतीश ने थाने पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विकास निषाद एवं शिव शंकर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर मिलते ही दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एसएसआई को सस्पेंड किए जाने के बाद शव का हुआ अंतिम संस्कार

**नाराजगी**

**चार दिनों के भीतर आरोपितों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने वकील**

**खुटहन।** खुटहन के उचैना मजरा निवासी युवा अधिवक्ता का मनबढ़ पड़ोसियों की पिटाई से हुई मौत के मामले में शव घर रख आरोपितों की गिरफ्तारी तथा एसएसआई को तत्काल सस्पेंड किए जाने की मांग पर स्वजनों संग अड़े बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण मौत के दूसरे दिन भी शव दाह से इन्कार कर रहे थे। क्षेत्राधिकारी के आश्वासन तथा पुलिस अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर दरोगा को सस्पेंड किए जाने की पुष्टि के बाद शव का सुतौली घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। वकीलों ने चार दिन के भीतर सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग किया। ऐसा न होने पर पुलिस के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दिया।

गांव निवासी व दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता मनोज सिंह को भूमि विवाद को लेकर गत 23 दिसंबर को पड़ोसी सांवले सिंह, रितिक सिंह, अजय, नीरज, पंकज व युवराज सिंह के द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई थी। आरोप है कि उन्हें जबरन जहरीला पदार्थ भी पिला दिया गया था जिसका मृत्यु पूर्व एक वीडियो भी एडवोकेट के द्वारा इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया गया था। वाराणसी में उपचार के दौरान गुरुवार को मनोज सिंह की मौत हो गई। खबर लगते ही वकीलो में आक्रोश छा गया। मृतक के घर दीवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष यादव, महामंत्री मंत्री रणबहादुर यादव व संयुक्त मंत्री उस्मान अली सहित दर्जनों अधिवक्ता पहुंच गए।

देर रात वाराणसी से घर पहुंचे शव को रख वे आरोपितों पर कार्रवाई पर अड़ शव दाह करने से मना करने लगे। मौके पर मौजूद एसडीएम शाहगंज राजेश चौरसिया व क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने उन्हें समझाने में जुटे रहे लेकिन वे एसएसआई को तत्काल सस्पेंड करने तथा आरोपितों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने फोन पर अध्यक्ष से बात की। बताया कि एसएसआई सकलदीप सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा दो आरोपित भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। शेष आरोपितों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया तब जाकर उनका आक्रोश शांत हुआ। बाद में शव का अंतिम संस्कार सुतौली घाट पर कर दिया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र सुभम ने दिया।

## मृत्यु पूर्व अधिवक्ता का एक और वीडियो वायरल

**खुटहन।** क्षेत्र के उचैना मजरा निवासी व जिले के दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता मनोज सिंह की मृत्यु पूर्व एक और वीडियो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पहले वीडियो में जहां मौत का जिम्मेदार सात को बताया गया था वहीं दूसरे वीडियो में 12 लोगों को आरोपित किया गया है। जिसमें थाने के एसएसआई, पूर्व कानूनगो और लेखपाल का नाम भी शामिल है। पुलिस द्वारा पहले वीडियो के आधार पर एसएसआई को छोड़ शेष छह आरोपितों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया था। लेकिन मृत एडवोकेट द्वारा जारी दूसरे वीडियो में थाने के एसएसआई, कानूनगो और लेखपाल के अलावा तीन और को स्पष्ट रूप से आरोपित किया गया है। पहले दिन क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान का दावा था कि जितने भी आरोपित हैं सभी पर समान कार्रवाई की जायेगी। अब देखना है कि जब वर्दीधारी ही कानून की जद में हों तो आगे क्या कार्रवाई होती है।

मृत्यु पूर्व जारी किए गए पहले वीडियो में एडवोकेट ने आरोप लगाया था कि सामूहिक भूमि में रास्ता निकालने को लेकर उस पर दबाव बनाया जा रहा था। समझौते पर हस्ताक्षर न करने पर मनबढ़ पड़ोसी रितिक सिंह पुत्र अरविंद, अजय सिंह पुत्र फुन्नन, सांवले सिंह पुत्र राम सुंदर तथा इनके पुत्र नीरज सिंह व पंकज सिंह तथा पौत्र युवराज सिंह पुलिस प्रशासन और गांव के तमाम लोगों की मौजूदगी में उसे लात घूंसो से पीटकर घायल कर दिया। वृद्ध चाचा बिजय बहादुर को भी मारा पीटा। दूसरे दिन घटना की तहरीर देने थाने पर जाते समय भी उक्त मनबढ़ों ने उसे सब्जी मंडी के पास रोक कर पिटाई के बाद जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। अधिवक्ता द्वारा जारी दूसरे वीडियो में जहर पिलाने की बात नहीं कही गई है। उसमें एडवोकेट की बातों में अपनी तौहीनी झलक रही है। जो बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और मंत्री को संबोधित कर कह रहे हैं कि अब कौन सा मुंह लेकर न्यायालय आऊं।

न्याय की गुहार लगाते हुए भावुक शब्दों में कह रहे हैं कि अब कल सुबह मेरी लाश ही दीवानी पहुंचेगी। उनके दोनों वीडियो से जबरन जहर पिलाने की बात संदिग्ध प्रतीत होने लगी है। उनके द्वारा जारी किए गए दूसरे वीडियो में उक्त छह आरोपितों के अलावा अरविंद सिंह पुत्र राम सुंदर, अनिल सिंह पुत्र इन्द्रशेन को जिम्मेदार ठहराते हुए पड़ोसी अमरनाथ सिंह को साजिशकर्ता बताया गया है। इसके अलावा थाने पर तैनात एसएसआई सकलदीप सिंह, पूर्व में यहां तैनात रह चुके कानूनगो अखिलेश यादव तथा हल्का लेखपाल संजय सिंह के द्वारा न्याय न किये जाने को घटना का मुख्य कारण ठहराया। वीडियो में पुलिस और राजस्वकर्मियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## अधिवक्ता समिति के 6 पदों पर मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी

**जनसंदेश न्यूज**

**चुनाव**

**एल्डर्स कमेटी/चुनाव संचालन समिति ने अधिवक्ता भवन में बनवाया बूथ**

**30 दिसंबर को 11 बजे से 3 बजे तक होगा मतदान**

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति के कुल 6 पदों पर मतदान के लिए शुक्रवार को ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। अधिवक्ता भवन में एल्डर्स कमेटी/चुनाव संचालन समिति ने मतदान बूथ बनवाकर मत पेटियों की जांच पड़ताल कर लिया। कुल 12 पदों के लिए नामांकन हुआ था जिसमें 6 पदों पर ही 30 दिसंबर 11 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा।

अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष 2 पद (10 वर्ष से अधिक अनुभव), संयुक्त सचिव प्रशासन सहित 6 पदों पर मतदान होगा। अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं हुबेदार पटेल ने नामांकन किया है। वहीं महामंत्री पद पर आलोक कुमार विश्वकर्मा, अवनींद्र दूबे एवं नंदलाल यादव ने नामांकन किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेश प्रताप सिंह, संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष दो पद (10 वर्ष से अधिक अनुभव) पद पर अशोक कुमार मिश्रा, जितेंद्र प्रताप यादव, राजेश कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष पद पर संदीप श्रीवास्तव, सतीश कुमार, संयुक्त सचिव प्रशासन अनुराग श्रीवास्तव, राम सिंह पटेल के बीच मुकाबला होगा। एल्डर्स कमेटी/चुनाव संचालन समिति के दिनेश चंद्र सिन्हा, केदारनाथ यादव, ब्रह्मदेव शुक्ल, अशोक कुमार श्रीवास्तव, हरिनायक तिवारी, महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में बूथ बनवाया गया।

## एकमुश्त समाधान योजना में साढ़े 64 लाख रुपये वसूले गए

**केराकत।** पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के विद्युत वितरण खंड ग्रामीण केराकत में विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना के तहत शुक्रवार को कुल 9 स्थानों पर अधिशासी अभियंता दिव्य रंजन के कुशल निर्देशन में लगाए गए कैंपों में कुल 64 लाख 42 हजार बकाए विद्युत राजस्व की वसूली हुई। विवरण देते हुए अधिशासी अभियंता दिव्य रंजन ने बताया कि उक्त धनराशि 643 उपभोक्ताओं के पंजीकरण के सापेक्ष की गई है। इसी दिन क्षेत्र के 184 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गए साथ ही 44 उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण भी किया गया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि योजना का अंतिम चरण 31 दिसम्बर तक चलेगा। उपभोक्ताओं को चाहिए कि निर्धारित अवधि में योजना का लाभ उठाने से न चूकें।

# स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक विद्यालय रामपुर व बहु उद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति दुगोली तीनों एक दूसरे के बगल में जौनपुर-गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के ठीक किनारे स्थित होने की वजह से रोजाना दुर्घटनाएं होती रहती है।

प्राथमिक विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने जाते है साथ में सीएचसी में रोजाना डेढ़ से दो सौ मरीज व उनके तीमारदारों का आना जाना लगा रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज फर्राटा भरते वाहनों की चपेट में रोजाना कोई न कोई चपेट में आ जाता है जिससे आजीज आकर शुक्रवार को क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान अजीत राय, प्रधान हनुआडीह राजनेत यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थान पर सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों से कई बार अपील की गई लेकिन अभी तक विभाग एक स्पीड ब्रेकर नहीं बना सका जिसकी वजह रोजाना कोई न कोई तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाता है। अगर समय रहते स्पीड ब्रेकर नहीं बना तो हम लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। इस अवसर सीएचसी प्रभारी चिकित्सक डॉ. मुरली ने बताया कि अब तक सैकड़ों लोग सड़क क्रास करने के चक्कर में तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर घायल हो चुके है। प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्र के राम जनम नागर, सागर चौहान जगदीश गुप्ता, गुड्डू पाण्डेय, दुर्गा विश्वकर्मा, धन्नर नागर, छेदी नागर सहित दर्जनों क्षेत्र वासी मौजूद रहे।



# वॉलीबॉल में लखनऊ, खो-खो में वाराणसी बना चैम्पियन

**महिला खेलकूद**

**पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से गमगीन माहौल में हुई प्रतियोगिता**

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित हो रही प्रदेश स्तरीय महिला वॉलीबाल एवं खो-खो प्रतियोगिता के तीसरे एवं फाइनल दिन 27 दिसम्बर खिलाड़ियों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की निधन की खबर लगने के साथ ही राष्ट्रीय शोक की घोषणा के मध्य मैच सादगीपूर्ण ढंग से खेला गया।

इस गमगीन माहौल में अधिकारी, खिलाड़ी, टीम मैनेजर एवं निर्णायक ने दो मिनट का मौन रखकर पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति अपनी शोक संवेदना को प्रकट किया। इस अवसर पर वॉलीबाल व खो-खो के विजेता, उप विजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को बिना किसी समारोह को पुरस्कृत किया गया। आज खेले गये मैचों में वॉलीबाल में सेमी फाइनल का पहला मैच गोरखपुर बनाम लखनऊ के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ की टीम (2-1) 25-22, 25-18 एवं 25-16 अंक से विजेता हुई। सेमी फाइनल का दूसरा मैच कानपुर बनाम आजमगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें आजमगढ़ की टीम (2-0) 25-13, 25-02 अंक से विजेता रही। फाइनल मैच लखनऊ बनाम आजमगढ़ के मध्य हुआ जिसमें लखनऊ की टीम 3-2) 25-16, 12-25, 25-10, 26-24 व 15-07 अंक से विजेता रही। आजमगढ़ की टीम की अना रिजवी का प्रदर्शन बेहतरीन रहा तथा लखनऊ की टीम खुशबू रावत ने अच्छा प्रदर्शन किया। गोरखपुर की टीम ने उक्त प्रतियोगिता में कानपुर मण्डल की टीम को (2-0) 25-14, 25-23 के अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो में प्रथम सेमीफाइनल का पहला मैच वाराणसी एवं देवीपाटन के मध्य खेला गया जिसमें वाराणसी की टीम 12 अंको से विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल मैच लखनऊ एवं गोरखपुर के मध्य खेला गया जिसमें गोरखपुर की टीम 12 अंक से विजयी हुई। तीसरे स्थान के लिए खेले गये मैच में देवीपाटन एवं लखनऊ. के मध्य खेला गया जिसमें देवीपाटन की टीम 16 अंकों से विजेता हुई। फाइनल मुकाबला वाराणसी एवं गोरखपुर के मध्य खेला गया जिसमें वाराणसी की टीम 8 अंक से विजेता होकर खिताब पर कब्जा किया। तीसरे स्थान पर देवीपाटन की मण्डल की टीम अपना स्थान पक्का किया।



## सड़क दुर्घटना में अधेड़ की इलाज दौरान हुई मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**दु:खद**

**मृतक अपने पीछे छोड़ गया दो बेटा और दो बेटी**

**खेतासराय।** क्षेत्र के अब्बोपुर-जैगहां मोड़ पर बुधवार की शाम सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल एक अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर पहुँचे तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गौरतलब हो कि बीते बुधवार की शाम उक्त मोड़ पर बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। जिसमें लतीफपुर गाँव निवासी राममूरत बिन्द पुत्र कुबेर बिन्द (53) वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए घायलावस्था में सीएचसी शाहगंज ले गए थे, जहाँ चिकित्सकों ने स्थित नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया था। शाहगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। जहाँ पर इलाज चल रहा था। शुक्रवार को उक्त अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। शव को घर लेकर पहुँचे तो मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार बच्चे है, जिसमें सबसे बड़ा बेटा संदीप (22) का है, इसके बाद दो बेटी और एक छोटा बेटा (12) का है।

इन चार बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया वही अब घर का बोझ बड़े बेटे संदीप के कंधों पर आ गया। मृतक खेती किसानी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

# लिप्पन तिराहे पर स्टॉप लाइन और पेंटिंग का कार्य प्रारंभ

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं प्रदूषण नियंत्रण की बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने जिले में व्यापारियों, उद्यमियों निवेशकों से संबंधित मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया था। बैठक में उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों द्वारा लिप्पन तिराहे पर व दोनों तरफ की गलियों से आवाजाही के दृष्टिगत जाम की समस्या खत्म करने के लिए आवाज उठाई थी। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी भदोही को एक सप्ताह के अंदर वहां पर स्टाप लाइन बनवाने, सीसी टीवी कैमरा लगवाने, पेंट से आवश्यक निर्देश लिखाने का निर्देश दिया था। एडीएम के निर्देश पर देर रात नगर परिषद कर्मियों के साथ लिप्पन तिराहे पर पहुंच कर अवर अभियंता जल रवि विश्वकर्मा व अवर अभियंता आलोक कुमार ने स्टॉप लाइन बनाने का काम प्रारम्भ कर दिया। अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के जनहित के कार्यों को प्रमुखता के साथ कराया जा रहा है। लिप्पन तिराहे पर बराबर जाम लगा रहता है, जनहित के दृष्टिगत जरूरी कार्य स्टॉप लाइन व पेंटिंग का कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

# रामपुर जोपा पुल का निर्माण कार्य शुरू, लोगों को मिलेगी राहत



**गोपीगंज।** शासन द्वारा स्वीकृति बहु प्रतीक्षित रामपुर जोपा पुल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कार्यदायी संस्था के बीके गुप्ता एसोशिएट हरियाणा के कर्मचारी स्वायल टेस्ट के लिए बोरिंग कर नमूना संग्रहित कर रहे है। ब्रह्म बाबा मंदिर बभनी व ज्ञानानंद चतुर्मुखी घाट के मध्य बिहरोजपुर में काम शुरु कर दिया गया है।

अभी तक पीपा पुल से भदोही, वाराणसी, प्रयागराज और आस-पास के जिलों में आवागमन होता है। बरसात में इसे खोल दिया जाता है। काफी समय से रामपुर घाट पक्का पुल की मांग की जा रही थी। पक्का पुल बन जाने से सोनभद्र और मध्य प्रदेश के रीवां जनपद से और लखनऊ, कानपुर और दिल्ली से आवागमन आसान होगा। रामपुर घाट पर पक्का पुल के निर्माण के लिए कैबिनेट ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सेतु निर्माण निगम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 1440 मीटर लंबा और साढ़े 10 मीटर चौड़ा पुल बनना है। रामपुर घाट पर 339.70 करोड़ से बनने वाले पक्के पुल की स्वीकृति के बाद शासन की ओर से 118.89 करोड़ रुपये जारी हो गए है। सेतु निगम के प्रबंधक आर एस उपाध्याय ने बताया कि पुल निर्माण का काम तीन वर्ष मे पूरा कर लिया जायेगा। सर्व समाज जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ निर्माण स्थल पर पहुच कर कार्य का अवलोकन कर जानकारी ली है।

## संक्षेप

### गुंडा ऐक्ट के आधा दर्जन आरोपी हुए जिला बदर

**भदोही।** डॉ. मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर, मनबढ व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जनपद के थाना भदोही से 05 व थाना औराई से 01 विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, दुष्कर्म, छेड़खानी, आमजन के साथ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने, व चोरी जैसे अपराधों के द्वारा सामान्य जनता में भय एवं आतंक व्याप्त कर गुण्डागर्दी करने वाले कुल 6 अभ्यस्त अभियुक्तों चंद्रकांत राय उर्फ चंदू पुत्र बाबूनाथ राय निवासी मुंसी जईकापूर, राहुल पुत्र छोटेलाल निवासी जाहिदपुर, धीरज दुबे पुत्र राजमणि दुबे निवासी सराय क्षत्रशाह, विजय पाण्डेय पुत्र अमरनाथ पाण्डेय उर्फ गिलारी निवासी ग्राम बढ़ौना उचेठा, वैभव सिंह उर्फ बिट्टू सिंह पुत्र रणधीर सिंह निवासी नेवादाकला थाना व जनपद भदोही, राजकुमार यादव पुत्र पुटई यादव निवासी तिलंगरा थाना औराई जनपद भदोही के विरुद्ध स्थानीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप कुंवर वीरेंद्र मौर्य अपर जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा यू.पी. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 06 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया है।

### महिला पुलिस के प्रयास से दो बिछड़े दम्पति एक साथ रहने को हुए राजी

**भदोही।** महिला थाना, परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर किसी मासूम की जिंदगी में खुशियों से भरा नया सवेरा देने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है। शुक्रवार को जो दो प्रकरणों में सम्बंधित आवेदिका द्वारा विपक्षीगण अपने पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस, मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना, परिवार परामर्श केन्द्र ज्ञानपुर पर तलब किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र ने दोनों पक्षों को काफी जद्दोजहद व अथक प्रयास करके समझाया बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुनः पति पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुए रहने को तैयार हुए।

### भटकी बालिका को भदोही पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**भदोही।** घर के बाहर खेलने के दौरान गुम हुई तीन वर्षीय बच्ची को शहर कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलने के चंद घण्टो में मिलाकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के मानवतापूर्ण कार्य की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के मामदेवपुर कॉलोनी निवासी आसिफ पुत्र स्व. मुस्तफा ने थाना भदोही पर सूचना दिया कि गुरुवार को तीन बजे उनकी तीन वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेल रही थी जो खेलने के बाद घर वापस नहीं आई। घर के अगल-बगल व अपने रिश्तेदारों में काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली। पीड़ित की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने तत्समय ही सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से बच्ची की तलाश करते हुए अथक प्रयास कर गुम हुए बच्ची को कुछ ही घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया जागरूक

**गोपीगंज।** विकास खंड औराई के भगौतीदासपुर में मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक सचिवालय भवन मे सम्पन्न हुई। जिसमें मछुआ समाज के लोगों को जागरूक किया गय। मत्स्य विभाग ज्ञानपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीके आदर्श ने भगौतीदासपुर के ग्राम प्रधान व मछुआ समुदाय के सदस्यों को जागरुक करते हुए समिति गठन के उदेश्य तथा रोजगार संबंधी योजनाओं एवं इसके लाभों की जानकारी दी। गांव में मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन किया गया था। जिसकी पहली बैठक 30 अक्टूबर व दूसरी तीसरी बैठक 11 व 16 नवंबर को हुई थी। बैठक मे विक्रमा बिन्द, रीना देवी, राममूरत बिन्द, सतीश कुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

### नव वर्ष पर मारुति नन्दन का होगा भव्य श्रृंगार व सुंदर कांड का पाठ

**गोपीगंज।** नव वर्ष पर देश मे सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए गोपीगंज नगर के पड़ाव स्थित प्राचीन बरगदा हनुमान मन्दिर में महाबली हनुमान जी का भव्य श्रृंगार के साथ सुंदरकांड पाठ व प्रसाद वितरण का आयोजन गया है। मन्दिर के पुजारी पंडित अज्जू महाराज ने जानकारी देते हुए कहा कि एक जनवरी को सुबह महाबली हनुमान जी का सुगंधित पुष्पों भव्य श्रृंगार व दोपहर दो बजे से संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन किया गया है। सुंदरकांड के समापन पर प्रसाद वितरण किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान मे बड़ी संख्या मे लोगों की भागीदारी रहती है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवती सहित तीन घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लालानगर टॉलप्लाजा के पास परीक्षा देकर लौट रही युवती सहित दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। बताया जाता है कि गुरुवार की देर शाम हंडिया से परीक्षा देकर पंछी पुत्री जयप्रकाश 20, गौरव पुत्र जयप्रकाश सगा भाई व चचेरा भाई ऋषभ 16 निवासी घोसियां के साथ बाईक से वापस घर को जा रहे थे कि अचानक पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने बाईक के सामने से टर्न ले लिया जिससे तीनों वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे तत्काल नेशनल हाइवे के 1033 से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार हो रहा हैं। सूचना पर परिजन हॉस्पिटल पहुंच गए थे।

चित्र परिचय। ु02 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पर स्टॉल हुआ अल्ट्रासाउंड मशीन

### गोपीगंज सीएससी में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन

**गोपीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में अल्ट्रासाउंड की सुविधा मुहैया करा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के भेजे गए प्रस्ताव पर शासन की मुहर लगने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई गई है। इससे लगभग एक से डेढ़ लाख की आबादी को लाभ मिलेगा। सीएचसी पर रोजाना 300 के करीब मरीजों की ओपीडी होती है। जिनमें खासकर गर्भवती महिलाओ को ज्यादा लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओ को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बाहर भेजा जाता था जहां आर्थिक नुकसानी के साथ मरीजों को भाग दौड़ करनी पड़ती थी। अस्पताल में सुविधाएं न होने से निजी संचालकों के यहां उनसे मनमानी तरीके से पैसा लिया जाता है। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में सरकार निरंतर प्रयासरत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में अल्ट्रासाउंड के साथ अन्य सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। अब गोपीगंज वाराणसी-प्रयागराज हाइवे के किनारे होने के कारण यहां ज्यादातर मरीज पहुंचते हैं। 24 घंटे सीएचसी पर मरीजों की भीड़ भाड़ रहती है। रोजाना 300 के करीब मरीजों की ओपीडी होती है। 25 से 30 मरीज इमरजेंसी में देखे जाते हैं। इसमें कई मरीजों को अल्ट्रासाउंड की जरुरत पड़ती है। अल्ट्रासाउंड न होने के कारण मरीज को निजी अस्पताल या जिला चिकित्सालय का रुख करना पड़ता है।

# केजीबीवी डीघ व भदोही में स्वयंसेवी संस्था ने किया दवाइयों का वितरण

**भदोही।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद भदोही के समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मुंबई की स्वयं सेवी संस्था कमला अंकीबाई गोवानी ट्रस्ट की ओर से बच्चों को एनीमिया एवं डी वार्मिंग की की जाँच कर दवाइयां वितरित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में शुक्रवार को स्वयं सेवी संस्था ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डीघ व भदोही में जांच की व दवाइयों का वितरण किया। दवाइयां वितरित करने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम भी मौजूद रही। इस मौके पर स्वास्थ्य टीम से डॉ निलेश जायसवाल, फार्मासिस्ट अरविंद सिंह, लैब टेक्नीशियन सतीश कुमार, स्टाफ नर्स वंदना देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्वयमसेवी संस्था के इस प्रयास की मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सराहना की हैं।




# पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देकर सपा ने स्थगित किया पीडीए चौपाल



जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** संसद में गृह मंत्री द्वारा डॉ. अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ सेक्टर स्तर पर पीडीए चर्चा कार्यक्रम के दूसरे दिन भी यह कार्यक्रम तीनों विधानसभाओं में आयोजित किया गया।

भदोही विधानसभा में अध्यक्ष संतोष यादव ने लालीपुर (भात) सेक्टर में, औराई विधानसभा में अध्यक्ष केशनारायण यादव ने खमरिया सेक्टर में और ज्ञानपुर विधानसभा में अध्यक्ष लालचंद बिंद ने बैरीबिसा में यह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। इस दौरान जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से देश ने एक विद्वान, अर्थशास्त्री और संवेदनशील नेता को खो दिया है।

उनकी नीतियों ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनका योगदान देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पू समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से कांग्रेसियों में शोक की लहर, दी श्रद्धांजलि



**भदोही।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसियों में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को शहर के मशाल रोड स्थित कैम्प कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता मुशीर इकबाल ने ने कहा कि पूर्व प्रधानमन्त्री डाक्टर मनमोहन सिंह देश महान अर्थ शास्त्री थे। उनके प्रधान मंत्रित्व काल मे देश विश्व की तीसरी महा शक्ती बनी। उनके निधन से हर तरफ शोक की लहर है। स्थानीय काग्रेसजनो ने मशाल रोड स्थित कांग्रेस कैम्प कार्यालय भदोही मे दो मिनट मौन रहकर एव उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य रूप से मसूद आलम, हसनैन अंसारी सहित स्वालेह अंसारी, डाक्टर निजामुद्दीन मंसूरी, सुबुक अंसारी, शमसीर सभासद, आजाद हुसैन, मोहम्मद इजहार अंसारी, असलम शेख, फरीद मंसूरी, असलम हाश्मी, मोहम्मद सनी, आतिफ अली आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**सुइथाकला।** क्षेत्र के तमाम सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की सूचना मिलते ही शोक सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान लोगों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन की आधिकारिक सूचना मिलते ही जहां समूचा देश शोकाकुल हो उठा, वहीं क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ उठी। शिक्षा क्षेत्र के तमाम सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में उनके निधन पर प्रार्थना सभा में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में कम्पोजिट विद्यालय रामनगर, एकडला, भरारी, डीह असरफाबाद, कोहड़ा समेत प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर खुर्द, मयारी, रूधौली समेत शांति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहांगीर पट्टी में प्रार्थना सभा में शोकसभा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं श्री गांधी स्मारक इण्टर कालेज समोधपुर, इन्दिरा स्मारक सर्वोदय इण्टर कालेज कटघर, मोहम्मद हुसैन इण्टर कालेज खान बड़ेपुर व बाल संरचना संस्थान इण्टरमीडिएट कालेज लालापुर में भी प्रार्थना सभा में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया गया। तत्पश्चात शैक्षणिक गतिविधियों में लोग शामिल हुए।

### घर में चोरों का धावा, 50 हजार नकदी और आभूषण चोरी

**जलालपुर।** पराऊगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के कुटीर चक्के गांव में गुरुवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर के अंदर घुसकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 50 हजार रुपये नकद, सोने की अंगूठी और अन्य कीमती आभूषण चोरी कर फरार हो गए। मकान मालिक संतोष दूबे अपने परिवार के साथ घटना के समय घर से बाहर थे। सुबह जब पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ देखा, तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद मकान मालिक और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में यह आशंका जताई गई है कि चोरों का गिरोह संगठित हो सकता है। चोरी की इस घटना से इलाके के लोगों में भय का माहौल बन गया है। वहीं, पुलिस ने शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ने का भरोसा दिया है।

### डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों पर की गई सुरक्षात्मक कार्यवाही यथा जौनपुर-वाराणसी राजमार्ग, जौनपुर-सुल्तानपुर राजमार्ग, जौनपुर-रामपुर-भदोही मार्ग, जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत, डिवाइडर पेंटिंग, यातायात व्यवस्था, साइनेज बोर्ड, पोस्टर लगाए जाने आदि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत जितने भी एनएच हैं उन पर साइनेज बोर्ड लगाए जाएं, रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाए, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर ली जाए, शौचालय तथा सड़कों के किनारे साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जनपद आजमगढ़ एवं केराकत मार्ग पर 7 जनवरी 2025 से पूर्व सांकेतिक बोर्ड तथा ब्रेकर लगा दिया जाय। क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत सहित सड़कों के किनारे पौधरोपण किया जाए। कोहरे के दृष्टिगत भी सड़कों पर सुरक्षात्मक कार्यवाही की जाए साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि विद्युत विभाग से समन्वय कर जहां भी लाइट की आवश्यकता है उसको पूर्ण किया जाए। अधिशासी अभियन्ता एनएच लोक निर्माण विभाग वाराणसी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने यातायात निरीक्षक को निर्देशित किया कि वाहनों की फिटनेस जॉच समय समय पर की जाय तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाए और सड़क सुरक्षा तथा यातायात जागरुकता के सम्बन्ध में आमजनमानस को जागरुक किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, मुख्य राजस्व अधिकारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एक लाख किसानों ने कराया फार्मर रजिस्ट्री

**पहल**

**किसान कार्ड के जरिए पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का मिलेगा लाभ**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** किसानों को किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं की पारदर्शी तरीके से त्वरित लाभ प्रदान कर उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए एग्री स्टैक योजना के तहत जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जा रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा रोस्टर जारी कर 26 जनवरी तक जिले की समस्त राजस्व गांवो में शिविर लगाकर किसान रजिस्ट्री की जाएगी। जिले में कुल सात लाख किसान पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी है, जिन्हें नियमित रूप से योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है।

जनवरी के अंत तक 19वीं किश्त जारी होने तक सभी लाभार्थियों को फार्मर रजिस्ट्री कराकर किसान गोल्डेन कार्ड बनवा लेना है, क्योंकि अगली किश्त के लिए किसान कार्ड (फार्मर रजिस्ट्री) बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। 26 जनवरी तक किसान कार्ड न बनवाने वाले कृषकों की किश्त रुक सकती है।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान का आधार नंबर, खेत का रकवा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा। पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा। कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। किसान कार्ड (फार्मर रजिस्ट्री) के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें कृषि विभाग/पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो-कर्मचारी रहेंगे। शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई-केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण (विसारत, बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा। इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। किसान कार्ड से फायदे बताते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी, लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी, साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि किसान कार्ड (फार्मर रजिस्ट्री) कराने के लिए किसान कैम्प के अलावा भारत सरकार द्वारा जारी किए गए मोबाइल एप फार्मर रजिस्ट्री यूपी एप से स्वयं घर बैठे कर सकते है, अथवा अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र (सीएससी) से अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नम्बर एवं खतौनी ले जाकर निर्धारित शुल्क देकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराकर किसान कार्ड बनवा सकते है।

### जन्म प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया को किया जाएगा सरल : जिलाधिकारी



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में गुरुवार की देर शाम शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें शिक्षको के समस्याओं से अवगत कराया साथ ही जनपद के परिषदीय विद्यालय के बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने में उनके अभिभावकों को जो अत्यंत ही कठिनाई का सामना कर करना पड़ रहा है उसके बारे में भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। बताया कि आफिसों का चक्कर लगाने के साथ ही उनका आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है और जन्म प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध न होने के कारण आधार नहीं बन पा रहा है और आधार न बनने के कारण परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का डीबीटी समय से नहीं हो पा रहा है। अमित सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के डीबीटी के लिए विभाग द्वारा आधार आवश्यक कर दिया गया है और आधार बनवाने के लिए बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक होता है। आधार बनवाने के लिए पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित जन्मतिथि पर ही आधार बन जाता था जिससे अभिभावकों को इसके लिए दौड़ भाग नहीं करना पड़ता था लेकिन अब ब्लाक/स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र को आवश्यक कर दिया गया है इसके लिए अभिभावकों को ब्लाक का चक्कर काटना पड़ता है और समय से जन्मप्रमाण पत्र नहीं मिल पाता जिसके आभाव में डीबीटी से बच्चे वंचित रह जाते हैं। जिलाधिकारी ने उक्त विषय की गंभीरता को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व संगठन से परिषदीय विद्यालयों के जिन बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र नही बना है उनका 30 दिसम्बर तक उन बच्चों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा तथा इस संदर्भ में उन्होंने आगामी दो जनवरी को समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक आहूत किया है जिससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र सुगमता से उनके अभिभावकों को उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, संतोष सिंह बघेल व देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# जेसीआई शाहगंज सिटी का 45वां शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**शाहगंज।** सामाजिक संस्था जेसीआई सिटी का 45वां शपथ ग्रहण समारोह और पुरस्कार वितरण का आयोजन गुरुवार देर रात सम्पन्न हुआ। समारोह में अध्यक्ष के तौर पर दीपा सेठ और उनकी कार्यकारिणी ने शपथ लिया। इस मौके पर 14 नए सदस्यों ने भी संस्था की सदस्यता ग्रहण की।

पक्का पोखरा स्थित ज्योत्सना भवन में देर रात तक चले शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में अमृता जायसवाल और आयुष्मान अग्रहरि ने जेसी आस्था और लक्ष्य का पाठ किया। आकृति और आर्या ने गणेश वंदना पर नृत्य किया। सचिव 2024 वीरेंद्र जायसवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद अध्यक्ष 2024 राम अवतार अग्रहरि ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर बीते कार्यकाल में उम्दा प्रदर्शन करने वाले और विशेष योगदान देने वाले जेसी साथियों और पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। विश्वानी जायसवाल ने नई अध्यक्ष का परिचय प्रस्तुत किया। इसके बाद राम अवतार अग्रहरि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपा सेठ और उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। उपाध्यक्ष के तौर पर विवेक सोनी, हिमांशु गुप्ता, कार्तिक अग्रहरि, आशीष सोनी, अमृता जायसवाल और वीरेंद्र जायसवाल ने शपथ ली। निदेशक पद पर रवि अग्रहरि, बालाजी राव, संदीप यादव, अश्विनी अग्रहरि, रोहित गुप्ता और सुमंग साहू ने शपथ लिया। आदित्य अग्रहरि ने सचिव, उज्ज्वल सेठ ने कोषाध्यक्ष, दीपक सिंह ने पीआरओ, रौनक मोदनवाल ने जेजे चेयरमैन, आयुष अग्रहरि ने जेजे सचिव और रुचि राव ने लेडी जेसी कॉर्डिनेटर पद की शपथ ली। नए सदस्य के रूप में उत्कर्ष मिश्रा, रमन मिश्रा, आदर्श बरनवाल, पूजा अग्रहरि, अमृत अग्रहरि, सुजल मोदनवाल, श्रद्धा सोनी, ज्ञानचंद, पवन गुप्ता, दिव्यांशु श्रीवास्तव, यशोवर्धन जायसवाल, प्रथम सिंह, दुर्गेश जायसवाल और अंजलि जायसवाल को अधिष्ठापन अधिकारी गौरव सेठ ने शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष अनिल पांडेय ने सभी को नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

धन्यवाद ज्ञापन आदित्य अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद अग्रहरि, प्रेम नारायण जायसवाल, कैलाश नाथ जायसवाल, रुपेश जायसवाल, लालचंद यादव, दिनेश चंद्र गांधी, उमाशंकर गुप्ता, संजीव जायसवाल, डॉ. जेपी दुबे, संजय गुप्ता, रमेश गुप्ता, रविकांत जायसवाल, दीपक जायसवाल, अभिषेक अग्रहरि, अविनाश जायसवाल, आशीष जायसवाल, निर्भय जायसवाल, डॉ. एसएल गुप्ता, मनोज अग्रहरि, मनोज जायसवाल, दिनेश मोदनवाल, मनीष अग्रहरि, डॉ. सुनील दुबे, संदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**


डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# काशी में क्यों बढ़ती जा रही है लोगों की भीड़

## काशी विश्वनाथ धाम में रोजाना दो से तीन लाख लोग पहुंच रहे



## बाबा विश्वनाथ के साथ लोग कालभैरव का भी कर रहे दर्शन



काशी में लोग एक बार नहीं तीन-तीन बार आकर बाबा विश्वनाथ व बाबा कालभैरव का पूजा कर रहे हैं। पहले 2014 में अस्सी पर सुबह-ए-बनारस में गंगा आरती की शुरुआत हुई तब उतनी भीड़ नहीं होती थी आज इतनी भीड़ है कि पूछिये मत। रोजाना यहा दस हजार की भीड़ हो रही है। यहां पर चारों दिशाओं में आरती होती है। यहां जो भी यात्री आते हैं वह काफी भावविभोर हो जाते हैं। वे बताते हैं कि बनारस में बढ़ती भीड़ के पीछे वजह है कि यहां पर खान-पान तो है ही लोग यहां के लोगों का बनारसीपन देखने आते हैं। व्यापारी नेता किशन जायसवाल बताते हैं कि लोग विश्वनाथ कारिडोर देखने के लिए आ रहे हैं। बाबा का दर्शन, गंगा आरती, कालभैरव बाबा का दर्शन, सब कुछ के बाद लोग नमो घाट पर मनोरंजन भी कर रहे हैं। अब बनारस के हर मुहल्ले में होम स्टे खुल गया है। पहले कोई भी यात्री आता था तो वह कैंट स्टेशन पर ठहरता था लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। कम पैसे में लोगों को ठहरने के लिए कमरे मिल जा रहे हैं। यहां पर बाबा विश्वनाथ के साथ ही काल भैरव, महामृत्युंजय महादेव, दुर्गा मंदिर, मानस मंदिर, संकटमोचन मंदिर सभी जगहों पर लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। कवि व साहित्यकार धर्मेन्द्र गुप्त साहिल का कहना है कि जब से काशी विवनाथ कारिडोर बना है तब से शहर में भीड़ बढ़ती जा रही है। अन्य शहरों की तुलना में यह बनारस काफी सस्ता है। यहां पर हर चीज आसानी से सुलभ हो जाती है। शिल्पकार बद्री प्रसाद प्रजापति कहते हैं कि बनारस में पर्यटकों को अन्य शहरों की तुलना में काफी सस्ता सामान मिल रहा है। होटल भी अन्य शहरों से सस्ते हैं। खान-पान भी सस्ता है। लोग अब होम स्टे में ठहर रहे हैं।

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** बनारस में लगातार पर्यटकों की बढ़ती हुई भीड़ देख कर लोग हतप्रभ हैं। भारी भीड़ को देख कर लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा है कि यह शहर बनारस है। जब से काशी विश्वनाथ कारिडोर बना है तब से यहां पर भीड़ की संख्या बढ़ कर कई गुनी हो गई है। काशी विश्वनाथ धाम में रोजाना दो से तीन लाख पहुंच रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम के साथ ही इतनी बी भीड़ काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव मंदिर में हो रही है। कालभैरव मंदिर के बाहर बाबा कालभैरव का दर्शन करने के लिए मंदिर से लेकर बाहर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। पिछले एक सप्ताह के अंदर यहां पर एक करोड़ लोग आ चुके हैं। बनारस में हर गली व मुहल्ले में अब होम स्टे खुल चुका है। लोग अपने-अपने मकान के कमरों को होम स्टे में बदल चुके हैं। लोग होटल की बजाय घरों में खोले गये होम स्टे में 10-20 की संख्या में ठहर भी रहे हैं। बनारस में पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि के पीछे कई वजह बतायी जा रही है। पहला तो वजह यह है कि बनारस शहर अन्य शहरों की तुलना में काफी सस्ता है। होटल भी अन्य शहरों की तुलना में सस्ता है। यहां पर मनोरंजन के कई साधन इसी तरह मुफ्त में मिलते हैं। काशी में पहले दशाश्वमेधघाट व शीतला घाट (प्राचीन दशाश्वमेधघाट) पर ही गंगा आरती होती थी लेकिन अब अस्सी घाट, गायघाट, भैंसासुरघाट समेत कई घाटों पर गंगा आरती होने लगी।

**धर्म कर्म**

**कालभैरव का दर्शन करने वालों की इतनी भीड़ कभी नहीं हुई**

**अब तो गली-गली में खुल गया है होम स्टे, अन्य शहरों की अपेक्षा बनारस है सस्ता व सुलभ**



### क्या कहते हैं स्थानीय लोग

अस्सी घाट स्थित सुबह-ए-बनारस के संस्थापक डा. रत्नेश वर्मा की मानें तो बनारस की आबादी पहले से ज्यादा बढ़ गई है। गंगा आरती में जितनी भीड़ दशाश्वमेधघाट पर होती है उतनी ही भीड़ अस्सी स्थित सुबह-ए-बनारस की गंगा आरती में होती है। यहां पर सुबह व शाम दो आरतियां होती है। बनारस में पर्यटकों के आने की संख्या में लगातार वृद्धि के पीछे यह कारण माना जा सकता है। यहां पर लोगों के रहने के लिए लॉज व होटल हैं। अब तो शहर भर में होम स्टे खुल गया है। जो काफी सस्ता है। यहीं वजह है कि लोगों की भीड़ यहां पर बढ़ती जा रही है। लोग बाबा विश्वनाथ, कालभैरव बाबा का दर्शन कर गंगा आरती, नौका विहार का आनंद लेकर चले जा रहे हैं। दीपिका कल्चरल सोसायटी के संस्थापक अजय गुप्ता बताते हैं कि बनारस में विश्वनाथ कारिडोर खुलने के बाद यहां पर पर्यटकों की भीड़ बढ़ गई है।

## वर्ष 2008 में गंगा आरती में शामिल हुए थे मनमोहन सिंह



**यादें**

**गंगा आरती में दी गई मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि**

**मां गंगा की आरती से पूर्व दो मिनट का मौन रखा गया**

**1001 दीपों से श्रद्धांजलि लिख कर किया गया नमन**

**वाराणसी।** साल 2008 में स्वर्गीय मनमोहन सिंह पूर्व प्रधानमंत्री दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा आयोजित होने वाली विश्व विख्यात मां गंगा की आरती में शामिल हुए थे। उस समय जल पुलिस से ही मां गंगा को नमन किए थे साथ ही प्रोफेसर चंद्रमौली उपाध्याय व श्रीधर पाण्डेय द्वारा मां गंगा का पूजन कराया गया था। साथ ही गंगा सेवा निधि के संस्थापक अध्यक्ष पंडित स्व सतेंद्र मिश्र व संस्थापक सदस्य इंदु शेखर शर्मा द्वारा स्वागत किया गया था। गंगा सेवा निधि परिवार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी को शत शत नमन करती है एवम् मां गंगा से उनके आत्म की शांति के लिए प्रार्थना करती है। इस दौरान गंगा सेवा निधि अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी सचिव हनुमान यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## नाव संचालन की सुरक्षा का नया निर्देश

**सख्ती**

**31 दिसम्बर और 1 जनवरी को की लापरवाही तो होगी सख्त कार्रवाई**

**सायं 4 बजे के बाद गंगा उस पार नाव ले जाने पर रोक**

**गंगा आरती के बाद नहीं होगा संचालन,लाइफ जैकेट अनिवार्य**



**वाराणसी।** काशी में नाव संचालन पर प्रशासन ने नया निर्देश जारी किया है। शहर के सभी घाटों से 31 दिसमबर और 1 जनवरी को सायंकाल 4 बजे के बाद गंगा उस पार कोई भी नाविक पर्यटकों को नहीं ले जा सकेगा। गंगा आरती के बाद किसी भी घाट पर नाव का संचालन पूर्णरूप से प्रतिबंधित होगा। इसको लेकर जल पुलिस एक्शन मोड में है। विभाग नये साल की मस्ती में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले नाविकों पर जहां कड़ी नजर रखेंगी,वहीं उक्त दिनों समय सीमा का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी किया जाएगा। जल पुलिस के प्रभारी एस.आर गौतम ने नौका विहार के दौरान सुरक्षा के सवाल पर कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा ही मेरी प्राथमिकता है। नौका विहार के दौरान पर्यटकों को लाइफ जैकेट पहनाया जाना अनिवार्य होगा। नाविकों को सायंकाल 4 बजे के बाद गंगा उस पार जहां नाव ले जाने पर रोक रहेग। गंगा आरती समाप्त होने के बाद किसी भी घाटों पर नाव का संचालन नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इसको लेकर नाविकों के संग जल पुलिस की बैठक हुई है और सारे नियम तथा नये निर्देश के अनुपालन के लिए निर्णय तय किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दिनों काशी के सभी घाटों पर जल पुलिस की टीम चक्रमण करती रहेगी और नाविकों पर निगरानी रखेगी। नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों को पकड़ा जाएगा और सख्त कार्रवाई होगी।

## तेरहवीं का बहिष्कार कर आयोजित हुई शोक सभा

**पिंडरा।** सिंधोरा के जाठी बरगहाँ गांव में तेरही परम्परा का बहिष्कार कर मृतक आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें ग्रामीण बडी संख्या में शामिल हुए। जाठी बरगहा गांव निवासी चिकित्सक डॉ चुन्नी लाल वर्मा की पत्नी कलावती देवी की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।परिजनो ने तेरहवीं के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर शुक्रवार को मृत्यु भोज का बहिष्कार करते दरवाजे पर शोक सभा हुई।जिसमें वक्ताओं ने कुरीतियों से दूर रहते हुए दहेज प्रथा के खिलाफ भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के लोग शामिल रहे। भाकपा की वरिष्ठ नेत्री कामरेड रमा ऊदल,सपा के वरिष्ठ नेता डॉ बंशलाल पटेल, डॉ जय शंकर सिंह, रामजी सिंह, राजनाथ, सूबेदार राम, त्रिभुवन पटेल, आनन्द शर्मा, जवाहर लाल पटेल, हीरालाल पटेल,रामधनी राम , शकर साकेत समेत आदि लोगो ने विचार ब्यक्त है किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम लाल व संचालन नन्दा राम शास्त्री ने किया।

**शोक सभा मे बड़ी संख्या में शामिल हुए ग्रामीण**

### बनारसगिरी 2.0 का आयोजन 29 दिसम्बर को

**वाराणसी।** छावनी परिषद के नेहरू पार्क के पास 29 दिसम्बर को बनारसगिरी2.0 का आयोजन होगा। छावनी परिषद वीडीए और यंग इंडियन के सहयोग से होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में कई स्कूलों के 300 से अधिक छात्र जहां उपस्थित होंगे,वहीं कई प्रतिभागी भी शामिल किए जाएगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिलाधिकारी ,पुलिस कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी, एडीजी पुलिस, वायुसेना प्रवरण बोर्ड और वीडीए उपाध्यक्ष होंगे।

## मनमोहन सिंह की चाहः अमृतसर में नाश्ता, लाहौर में लंच और काबुल में डिनर

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह से जुड़ी यादें ताजा कीं। पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शुक्रवार को एक साक्षात्कार में कसूरी ने कहा कि डॉ. सिंह को इतिहास में एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जो भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध थे। नवंबर 2002 से नवंबर 2007 तक पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहे 83 वर्षीय कसूरी ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के दायरे वाले पूरे क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने का श्रेय सिंह को दिया।

**और क्या कहा कसूरी ने :** उन्होंने कहा कि इसका सबसे अच्छा उदाहरण सिंह का यह बयान है कि ह्यवह उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब अमृतसर में नाश्ता, लाहौर में दोपहर का भोजन और काबुल में रात्रि भोजन करना संभव होगा।ह्ण कसूरी ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि ऐसी प्रक्रिया का हिस्सा बने जिसमें दोनों देशों के बीच शांति वार्ता के दौरान अभूतपूर्व प्रगति हुई। अछरड फ्रअऊ अमृतसर से था मनमोहन सिंह का विशेष रिश्ता, क्या कहते हैं लोग?

**लोगों के बीच बढ़े थे संपर्क :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में सिंह के कार्यकाल के दौरान लोगों के बीच संपर्क में जबरदस्त वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप दोनों सरकारों के बीच आपसी विश्वास पैदा हुआ। कसूरी ने याद किया कि सिंह ने पाकिस्तान के पंजाब के चकवाल जिले में स्थित अपने जन्मस्थान गाह की यात्रा करने की तीव्र इच्छा व्यक्त की थी। पूर्व विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने सिंह को आश्वासन दिया कि पाकिस्तान में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। कसूरी ने उम्मीद जताई कि दिवंगत प्रधानमंत्री की पत्नी गुरशरण कौर और उनके परिवार के अन्य सदस्य किसी दिन सिंह के जन्मस्थान का दौरा कर सकेंगे। कसूरी ने उनकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ भारत के लोगों के प्रति भी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। अछरड फ्रअऊ अपने पीछे कितनी संपत्ति छोड़ गए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह?

**चीन ने भी की मनमोहन की सराहना :** चीन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों के विकास मे ह्यसकारात्मक योगदानह्ण दिया। इसने कहा कि उनके कार्यकाल में जटिल सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार के लिए सिंह की विरासत पर एक सवाल के जवाब में कहा कि वह भारत के एक वरिष्ठ राजनेता और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे तथा उन्होंने भारत-चीन संबंधों के विकास में सकारात्मक योगदान दिया था। माओ ने कहा कि सिंह जब प्रधानमंत्री थे तो चीन और भारत ने शांति एवं समृद्धि के लिए रणनीतिक सहकारी साझेदारी की घोषणा की और भारत-चीन सीमा मुद्दे के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों तथा मार्गदर्शक सिद्धांतों पर एक समझौता किया। उन्होंने कहा कि चीन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है और भारत सरकार तथा भारतीय लोगों और सिंह के परिवार के प्रति संवदेना व्यक्त करता है।

## अब धूप-छांव में रंग बदलेगी मार्कशीट

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** फर्जीवाड़ा रोकने व सुरक्षा की दृष्टि से यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की मार्कशीट में जल्द ही कई बड़े बदलाव किए जाएंगे। ए फोर साइज की मार्कशीट धूप और छांव में अलग-अलग रंग में दिखाई देगी। इतना ही नहीं उस पर पानी का असर नहीं होगा और न ही फाड़ा जा सकेगा।

यूपी बोर्ड की ओर से अभी तक छोटे आकार की मार्कशीट मिलती है। इसके विपरीत कंटेंट काफी अधिक होते हैं। इसे देखते हुए आगे से ए-फोर साइज की मार्कशीट बनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें ऐसे इनपुट तथा मोनोग्राम होंगे, जिसकी वजह से धूप में ले जाने पर यह लाल रंग की दिखेगी। वहीं छांव में सामान्य रंग हो जाएगा। मार्कशीट के साथ छेड़छाड़ भी नहीं हो सकेगी और न ही इसे नष्ट किया जा सकेगा। मार्कशीट को खुरचकर ओवरराइटिंग नहीं की जा सकेगी। इसे न तो फाड़ा जा सकेगा और न ही यह पानी में गलेगी। मार्कशीट में कुछ ऐसे फीचर भी होंगे जिन्हें सिर्फ अल्ट्रा वॉयलट किरणों से देखा जा सकेगा। इस पर वाटर मार्क होंगे। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के मुताबिक ए-फोर स्टैंडर्ड साइज है। सभी बोर्ड की मार्कशीट इसी साइज में होती है। ए-फोर साइज की मार्कशीट देखने में अच्छा लगेगा।

**बदलाव**

**यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की मार्क्सशीट में होंगे कई बड़े बदलाव, अब फटेगा न गलेगा अंकपत्र**

### घर बैठे नहीं दे पाएंगे प्रायोगिक परीक्षाओं के नंबर

वाराणसी। यूपी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाओं में परीक्षक अब घर बैठकर ही पोर्टल पर ऑनलाइन नंबर नहीं दे सकेंगे। उन्हें संबंधित स्कूल में जाना होगा। बोर्ड की ओर से जीरो फेसिंग की व्यवस्था लागू की गई है। इसके बाद 200 मीटर की परिधि में रहकर ही ऑनलाइन नंबर दिए जा सकेंगे। बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं दो चरणों में 23 जनवरी से आठ फरवरी के बीच होंगी। परीक्षा के बाद परीक्षक को बोर्ड के पोर्टल पर विद्यार्थियों के नंबर दर्ज करने होते हैं लेकिन शिकायत मिल रही थी कि कई परीक्षक संबंधित विद्यालय में ही नहीं जाते। घर पर बैठकर ही पोर्टल पर नंबर भर देते हैं। इसे देखते हुए बोर्ड की ओर से जीरो फेसिंग की व्यवस्था लागू की गई है। अब परीक्षक घर से ऑनलाइन नंबर दर्ज नहीं कर पाएंगे।

# मनमोहन सिंहः उदारीकरण के नायक से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर

**मनमोहन सिंह लगातार दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे और उनकी व्यक्तिगत छवि काफी साफ-सुथरी रही। भारत में आर्थिक सुधारों का श्रेय उन्हें ही जाता है। फिर चाहे उनका 2004 से 2014 का प्रधानमंत्री का कार्यकाल रहा हो या फिर इससे पूर्व वित्त मंत्री के रूप में उनका कामकाज। मनमोहन सिंह के नाम एक और उपलब्धि दर्ज है, वह जवाहरलाल नेहरू के बाद पहले भारतीय थे, जो पहले पूर्ण कार्यकाल के बाद लगातार दूसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने। मनमोहन सिंह ने 1984 के सिख दंगों के लिए संसद में माफी मांगी थी। 1984 में हुए सिख दंगों में लगभग 3000 सिख मारे गए थे। मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा कार्यकाल खासा चर्चित रहा। इस दौरान भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए। कई लोगों का मानना है कि इन घोटालों की वजह से ही 2014 के आम चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा।**

**पंजाब में जन्म, कैंब्रिज से मास्टर्स**

मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत में हुआ था। यह हिस्सा अब पाकिस्तान में है। पंजाब यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने के बाद उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से मास्टर्स किया और ऑक्सफॉर्ड से डी फिल किया। मनमोहन सिंह की बेटी दमन सिंह ने अपनी किताब में लिखा है कि कैंब्रिज में पढ़ाई के दौरान उन्हें आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ा था। दमन सिंह ने लिखा था, "उनकी ट्यूशन और रहने का खर्च सालाना लगभग 600 पाउंड था। पंजाब यूनिवर्सिटी की स्कॉलरशिप से उन्हें करीब 160 पाउंड मिलते थे, बाकी के लिए उन्हें अपने पिता पर निर्भर रहना पड़ता था। मनमोहन बेहद सादगी और किफायत से जीवन बिताते थे। डाइनिंग हॉल में सब्सिडी वाला भोजन अपेक्षाकृत सस्ता था, जिसकी कीमत दो शिलिंग छह पेंस थी।" दमन सिंह ने अपने पिता को ₹घर के कामों में पूरी तरह असहाय बताते हुए कहा कि वो न तो अंडा उबाल सकते थे और न ही टीवी चालू कर सकते थे।"

**सहमति बनाने वाला नेता**

मनमोहन सिंह साल 1991 में भारत के वित्त मंत्री के तौर पर उभरे, ये ऐसा दौर था जब देश के आर्थिक हालात बहुत खराब थे। उनकी अप्रत्याशित नियुक्ति ने उनके लंबे और सफल करियर को नई ऊंचाई दी। उन्होंने एक शिक्षाविद और नौकरशाह के रूप में तो काम किया ही, सरकार के आर्थिक सलाहकार के रूप में भी योगदान किया और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर भी रहे। वित्त मंत्री के रूप में अपने पहले भाषण में उन्होंने विक्टर ह्यूगो का हवाला देते हुए कहा, ₹इस दुनिया में कोई ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती जिसका समय आ गया है। ये भाषण उनके महत्वाकांक्षी और अभूतपूर्व आर्थिक सुधार कार्यक्रम की शुरूआत थी। उन्होंने टैक्स में कटौती की, रुपये का अवमूल्यन किया, सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया और विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया। इससे अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ, उद्योग तेजी से बढे, बढ़ रही महंगाई पर काबू पाया गया और 1990 के दशक में विकास दर लगातार ऊंची बनी रही।

**'एक्सीडेंटल पीएम'**

मनमोहन सिंह को बहुत अच्छी तरह से पता था कि उनका राजनीतिक जनाधार नहीं है। उन्होंने कहा था, "राजनेता बनना अच्छी बात है। लेकिन लोकतंत्र में राजनेता बनने के लिए आपको पहले चुनाव जीतना पड़ता है।" लेकिन जब उन्होंने 1999 में लोकसभा का चुनाव जीतने की कोशिश की तो निराशा हाथ लगी। हालांकि कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। 2004 में भी ऐसा ही हुआ। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने से इनकार करने पर मनमोहन सिंह पीएम बने। तब सोनिया गांधी पर उनके विदेशी मूल को लेकर सवाल उठाए गए थे।



हालांकि आलोचकों का कहना था कि भले ही मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनाए गए हों, लेकिन असली ताकत तो सोनिया गांधी के पास है। मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी कामयाबी प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका के साथ परमाणु समझौता था। उनके समय में ये ऐतिहासिक समझौता हुआ और इसकी बदौलत अमेरिका की परमाणु टेक्नोलॉजी तक भारत की पहुंच बन गई। लेकिन इस सौदे की कीमत भी चुकानी पड़ी। मनमोहन सिंह सरकार को समर्थन दे रहे वामपंथी दलों ने समर्थन वापस ले लिया। कांग्रेस को बहुमत जुटाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। उसे दूसरी पार्टियों से समर्थन लेना पड़ा और इस दौरान कांग्रेस पर आरोप लगा कि उसने सांसदों का समर्थन खरीदने के लिए पैसे खर्च किए। मनमोहन सिंह आम सहमति कायम करने के पक्षधर थे। उन्होंने उस दौरान गठबंधन सरकार का जिम्मा संभाला जब सहयोगी दलों को मनाना मुश्किल काम होता था। वो मुखर थे। मनमोहन सरकार को समर्थन देने वाली क्षेत्रीय पार्टियां भी अपनी मांग बढ़-चढ़ कर रखती थीं। दूसरी समर्थक पार्टियां भी इसमें पीछे नहीं थीं। हालांकि मनमोहन सिंह को उनकी विश्वसनीयता और बुद्धिमत्ता की वजह से भरपूर सम्मान मिला। उन्हें नरम व्यक्तित्व का माना जाता था और कहा जाता था कि वो निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। कुछ आलोचकों का कहना था कि उनके कार्यकाल में आर्थिक सुधारों की गति धीमी हो गई। वित्त मंत्री के तौर पर उन्होंने जिन आर्थिक सुधारों की गति दी थी उन्हें प्रधानमंत्री रहते आगे नहीं बढ़ा पाए।

मनमोहन सिंह ने दूसरी बार साल 2009 में कांग्रेस को निर्णायक चुनावी जीत दिलाई। लेकिन जीत की चमक जल्द ही फीकी पड़ने लगी, और उनका दूसरा कार्यकाल ज्यादातर गलत कारणों से खबरों में रहा- उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों पर घोटाले के आरोप लगे, जिनसे देश को कथित तौर पर अरबों डॉलर का नुकसान हुआ। विपक्ष ने संसद को लगातार ठप रखा, और नीतिगत ठहराव के चलते देश को गंभीर आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ा। बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने सिंह को भारत का ₹सबसे कमजोर प्रधानमंत्री₹ कहा। इस पर मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल का बचाव करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश और जनता के कल्याण के लिए ₹पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण₹ के साथ काम किया।